अंकुश ने कहा कि हमारे पिता ज्ञानु खिलारे गुस्से में थे और परिवार ने शालण करांडे के साथ सभी रिश्ते तोड़ दिए। उन्हें उनके 'मायका' (माता-पिता के घर) में प्रवेश करने से रोक दिया गया और 20 साल तक किसी भी पारिवारिक कार्यक्रम या समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया।

उस समय, नाबालिग अंकुश ने अपने पिता के सामने शपथ ली कि 'जब भी खिलारे परिवार से कोई भी सरपंच या उप-सरपंच बनेगा', तो वह हेलीकॉप्टर की सवारी के साथ पूरे क्षेत्र में इसकी घोषणा करेगा।

अंकुश ने बताया कि आखिरकार, दो दशकों के बाद मैं अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर सका और अपनी ही बहन के राजनीतिक विश्वासघात के लिए प्रतिशोध ले सका।

# जीवाश्म ईंधन का विकल्प हो सकता है थोरियम-आधारित परमाणु ऊर्जा

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा थोरियम भंडार है और तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थापित किए जा रहे पहले थोरियम-आधारित परमाणु संयंत्र 'भवनी' के साथ इस संसाधन के अधिक से अधिक दोहन की आशा की किरण भी जगी है। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस साल की शुरुआत में संसद को यह जानकारी दी थी। मंत्री ने कहा कि यह पूरी तरह से स्वदेशी और अपनी तरह का पहला होगा।

प्रायोगिक थोरियम संयंत्र 'कामिनी' पहले से ही कलपक्कम में मौजूद है। गौरतलब है कि थोरियम एक रेडियोधर्मी धातु है और केरल के समुद्र तट पर दो लाख टन ऐसे भंडार होने का अनुमान है। राज्य की बिजली उपयोगिता ने कायमकुलम में चावरा तट के पास एनटीपीसी इकाई में भूमि पर थोरियम आधारित परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए केंद्र से अनुमति मांगी है। भारतीय वैज्ञानिक बिजली पैदा करने के लिए ईंधन के रूप में थोरियम का उपयोग



करने की तकनीक विकसित करने के लिए 1950 के दशक से काम कर रहे हैं। बिजली पैदा करने के लिए स्वच्छ ईंधन की आवश्यकता ने इस खोज की आवश्यकता को और बढ़ा दिया है। डच वैज्ञानिक भी इस प्रौद्योगिकी पर काम कर रहे हैं, क्योंकि दुनिया स्वच्छ ऊर्जा पर स्विच करके जलवायु परिवर्तन से लड़ने के तरीके ढूंढना चाहती है। चीन ने भी ऐसे रिएक्टर विकसित करने के लिए 3.3 बिलियन डॉलर खर्च करने का वादा किया है, जो अंततः थोरियम पर चल सकते हैं।

**स्वच्छ ईंधन की आवश्यकता ने इस खोज की आवश्यकता को और बढ़ाया**

थोरियम के समर्थकों का कहना है कि यह कम खतरनाक कचरे के साथ कार्बन-मुक्त बिजली, पिघलने का कम जोखिम और पारंपरिक परमाणु कचरे की तुलना में हथियार बनाने के लिए बहुत कठिन मार्ग है।

हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से प्रगति, एक महंगा विकास पथ और भविष्य के परमाणु संयंत्र वास्तव में कितने सुरक्षित और स्वच्छ होंगे, इस पर संदेह को बिजली संयंत्रों के लिए ईंधन के रूप में थोरियम के उपयोग के खिलाफ माना जाता है। थोरियम को सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं से प्रतिस्पर्धा करनी होगी, जो त्वरित तकनीकी प्रगति के कारण तेज गति से आगे बढ़ रही हैं और परमाणु ऊर्जा की तुलना में अधिक सुरक्षित मानी जाती हैं।

थोरियम, अधिक मात्रा में पाए जाने के बावजूद, यूरेनियम से उपयोग में पीछे है, क्योंकि इसमें कोई विखंडनीय सामग्री नहीं है। परमाणु रिएक्टर में उपयोग के लिए इसे पहले यूरेनियम-233 में परिवर्तित करना होगा।

समस्या यह है कि थोरियम ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए अनायास विखंडन से नहीं गुजरता, जिससे बिजली उत्पन्न की जा सके। इसे परमाणु ईंधन में बदलने के लिए, इसे प्लूटोनियम जैसे विखंडनीय पदार्थ के साथ संयोजित करने की आवश्यकता होती है, जो विखंडन के दौरान न्यूट्रॉन छोड़ता है। इन्हें थोरियम परमाणुओं द्वारा पकड़ लिया जाता है, जो उन्हें यू233 नामक यूरेनियम के विखंडनीय आइसोटोप में परिवर्तित कर देता है। आइसोटाइप एक तत्व का एक प्रकार है, जिसमें विभिन्न संख्या में न्यूट्रॉन होते हैं।

# राजभवन में मनाया गया असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस




■ संस्कृति एवं परंपराओं में विविधता होते हुए भी हम एक हैंः हरिचंदन

**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। राजभवन में आज असम और नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संस्कृति एवं परंपराए है। इनमे विविधता होते भी हम एक हैं और दुनिया को ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' का संदेश दे रहे है।

केन्द्र सरकार के च्एक भारत-श्रेष्ठ भारतज्ज कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी।

राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन दो अद्भुत राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर, हमारे लिए उनके समृद्ध इतिहास, अद्भुत संस्कृति और उनकी आशाओं और सपनों के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण है। उन्होंने असम और नागालैंड राज्य की विशेषताओं को रेखांकित किया। असम अपने विविध वन्य जीव और सुंदर ब्रहापुत्र नदी, विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या देवी मंदिर, कांजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान आदि के लिए जाना जाता है। यह राज्य विविध संस्कृतियों का मिलन स्थल है। इसकी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी है जिसमें संगीत, नृत्य, कला और साहित्य शामिल हैं। यहां के चाय की स्फूर्तिदायक खुशबू पूरी दुनिया में फैली है।

श्री हरिचंदन ने कहा कि खूबसूरत पहाड़ों के बीच बसे नागालैंड को पूर्व का स्विट्जरलैंड कहा जाता है। जीवंत रंगों और बहादुरी की कहानियों से भरे इस राज्य में जीवन का जश्न मनाने का मन करता है। नागालैंड कई जनजातियों का राज्य है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं हैं। नागा लोगों की ताकत और दृढ़ संकल्प उनकी एकता और सरलता में देखी जा सकती है।

श्री हरिचंदन ने आगे कहा कि असम और नागालैंड अलग-अलग संस्कृति और अतीत वाले दो राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासी प्रगति और विकास की समान रूप से आकांक्षा रखते है। इस स्थापना दिवस का जश्न हमारे राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का भी एक अवसर है।

कार्यक्रम में असम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में श्री रफिकुल मंडल और नागालैंड की प्रतिनिधि श्रीमती रंजना दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर असम के बिहु नृत्य सहित दोनों राज्यों के लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने की। सीआरपीएफ के असमिया जवानों ने बिहु नृत्य कर सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। दोनों राज्य के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राज गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने भी राज्यपाल को शाल पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजभवन के उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो, दोनों राज्यों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा नेता के गोदाम से पचास लाख का अवैध सागौन जप्त

■ वनविभाग की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप

**नारायणपुर,** 2 दिसबंर (देशबन्धु)। आज वनविभाग द्वारा नारायणपुर वनमण्डल अंतर्गत एक स्थान पर बड़ी मात्रा में रखा अवैध सागौन जप्त किया गया। यहां बड़ी संख्या में तैयार फर्नीचर और स्लीपर आदि जप्त किए गए है।वनविभाग के अधिकारियों ने बताया कि जप्त की गई लकड़ी की कीमत 50 लाख रुपए से भी ज्यादा है। यह लकड़ी नारायणपुर के व्यवसाई राजू उर्फ गौतम गोलछा के गोदाम और अन्य कार्यस्थलों से जप्त की गई है। गौतम गोलछा भाजपा के पदाधिकारी होने के साथ पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता केदार कश्यप के बेहद करीबी माने जाते है। वनविभाग द्वारा की गई इस अप्रत्याशित कार्रवाई से नारायणपुर में हड़कंप मचा हुआ है।



# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस घटते क्रम पर है भाजपा की सरकार बनेगी :डॉ रमन

**राजनंदगांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतगणना अभिकर्ताओं एवम महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें राजनांदगांव चुनाव प्रभारी मधुसूदन यादव एवं मुख्य चुनाव अभिकर्ता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश एच लाल ने 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की बारीकियां को गहराई से समझाया और चुनाव के इस महत्वपूर्ण दौर में सतर्कता के साथ उत्साह भरे माहौल में डटे रहने का आह्वान किया।



और कार्यकर्ताओं को स्पष्ट रूप से कहा कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल लिखित में आपत्ति दर्ज कराएं तथा अभिकर्ता प्रारंभ से अंत तक अपने टेबल को कतई ना छोड़े, चुनाव एक युद्ध की तरह होता है अंत समय तक डटे रहे।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस घटते क्रम में हैं, 75 से 80 सीट की बात करने वाली कांग्रेस को एग्जिट पोल ने 40 से 52 में समेट दिया और 15 सीट वाली भाजपा को 36 से 46 और 48 सीट बताई जा रही है, जिसका साफ संकेत है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की लहर चल चुकी है।

डॉ रमन सिंह ने कहा कि इस चुनाव में महिलाओं एवं युवकों ने भाजपा के पक्ष में उत्साह के साथ वोट दिया। और कांग्रेस गिरावट के दौर पर जा चुकी है और 3 दिसंबर को पता चलेगा कि वह कितनी सीटों तक गिरेगी, और भाजपा कितनी सीटों पर बढ़ेगी। डॉ रमन ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी ने पैसों को खूब लुटाया गया। धनबल की वर्षा भी की गई, परंतु राजनांदगांव की जनता स्वाभिमानी है वह पैसों के बल पर बिकने वाली नहीं है इसलिए 3 दिसंबर को कांग्रेस को क्षेत्र की जनता करण जवाब देगी और जनता कांग्रेस को आइना दिखाएगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि आज मतगणना में नियुक्त अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया था जिन्हें 3 दिसंबर को मतगणना में सुबह 7 बजे से पहले पहुंचने का आवाहन किया गया और मतगणना से संबंधित व्यावहारिक बातों को बताते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# दुनियां को बचाने महापंचायत सीओपी 28 शुरू

■ ग्रीन केयर ने ग्रीन अर्थ ,ग्रीन एनर्जी , ग्रीन टेक्नोलॉजी ,ग्रीन फ्लाइट ,ग्रीन व्हीकल 5 जी का सुझाव भेजा
■ यू एन 17 एस डी जी ग्लोबल गोल्स में 18 वा गोल स्काय एंड स्पेस के लिए जोड़ा जाए

**बागबाहरा,** 2 दिसंबर (देशबंधु)। दुनिया को महाविनाश से बचाने दुनिया की महापंचायत ,ग्लोबल वार्मिंग क्लाइमेट चेंज शिखर सम्मेलन कॉप 28,दुबई में शुरू हो गई जो 12 दिसंबर तक चलेगी । 1995 में 28 मार्च से 7 अप्रैल तक बर्लिन जर्मनी में कॉप 1 के बाद स्विट्जरलैंड , जापान ,अर्जेंटीना , नीदरलैंड , मोरक्को , भारत ,इटली , कनाडा , केन्या ,इंडोनेशिया ,पोलैंड , डेनमार्क , मैक्सिको , दक्षिण अफ्रीका , कतर , पेरू , फ्रांस , स्पेन , यू के , मिश्र , आदि देशों में शिखर सम्मेलन होने तथा 27 वर्षो की यात्रा के बाद अब 28 वा शिखर सम्मेलन दुबई संयुक्त अरब अमीरात में हो रहा है । ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवम डायरेक्टर अमूजुरी बिस्बनाथ ने कहा हमारी संस्था द्वारा इस शिखर सम्मेलन में विचारार्थ 5 जी कॉन्सेप्ट पर आधरित कुछ सुझाव संप्रेषित किए हैं । 5 जी याने ग्रीन अर्थ ,ग्रीन एनर्जी ,ग्रीन टेक्नोलॉजी ,ग्रीन फ्लाइट , ग्रीन व्हीकल का सुझाव भेजा है । डॉ पाणिग्राही ने विस्तार से बताया कि ग्रीन अर्थ का आशय है हमारी धरती पेड़ पौधों एवम हरियाली से अच्छादित रहे अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण एवम संरक्षण कर वनों का संरक्षण सुनिश्चित हो ,जो हानिकारक उत्सर्जन को सोखने सक्षम हों ।ग्रीन एनर्जी याने पर्यावरण एवम प्रकृति अनुकूल संसाधनों से प्राप्त ऊर्जा । ग्रीन टेक्नोलॉजी याने विकास हेतु स्थापित उद्योग कल कारखाने ,निर्माण एवम अन्य जो इको फ्रेंडली हो । ग्रीन फ्लाइट से आशय यह है कि कुछ समय पूर्व जेद्दा सऊदी अरब से मेड्रिड स्पेन तक ग्रीन फ्लाइट चलाकर 200 यात्रियों के द्वारा 10 घंटे की यात्रा में 10000 किलो कार्बन कम उत्सर्जन किया । यह जलवायु परिवर्तन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। ग्रीन व्हीकल से आशय है बायोफ्यूल ,बैटरी संचालित अथवा अन्य इको फ्रेंडलि व्हीकल पर गंभीरता से विचार हो ।इस योजना में इंडिविजुअल सब्सिडी टू ओनर स्कीम अच्छा परिणाम दे सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र यू एन ई पी द्वारा 2018 में लागू बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन ( सिंगल यूज प्लास्टिक ) नीति का वैश्विक स्तर पर गंभीरता एवम कड़ाई के साथ पालन हों। कॉप शिखर सम्मेलन में हर वर्ष नई उम्मीदों के साथ नए प्रस्ताव पास होते हैं ।लेकिन धरातल पर धरासायी नजर आते हैं । जिसका खामियाजा विकासशील एवम गरीब देशों पर पड़ता है । कुछ विकसित देशों सहित अमेरिका हमेशा ना नुकुर की भूमिका में रहता है । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप साहब ने तो जलवायु परिवर्तन को सीधे सीधे नकार दिया ,जबकि आज जलवायु परिवर्तन के बड़े दुष्परिणाम अमेरिका में दिखने लगे हैं। कौन समझाए ट्रंप साहबान को ।




भारत की भूमिका सदा ही सकारात्मक रहती है ।कॉप 26 ग्लासगो समिट में हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व को दिया गया लाइफ मंत्र एवम पंचामृत फॉर्मूला विश्व जलवायु परिवर्तन को रोकने ब्रह्मास्त्र है । हमारा भारत इस राह पर चल पड़ा है ।ग्लोबल वार्मिंग ,जलवायु परिवर्तन पर 2009 कॉप 15 से सतत जुड़े रहने वाले , यू एन ई पी के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता तथा समय समय पर सुझाव प्रेषित करने वाली संस्था ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि 2009 में कोपनहेगन डेनमार्क् में आयोजित कॉप 15 के च्च सील द डील च्च पर यदि सहमति बन गई होती तो आज ग्लोबल वार्मिंग ,जलवायु परिवर्तन के जो दुष्परिणाम मिल रहे हैं ,उस पर काफी नियंत्रण हो गया होता । तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून ने सदस्य देशों से पुरजोर अपील की थी ,लेकिन बात नहीं बनी । ग्रीन केयर सोसायटी द्वारा बान की मून के आव्हान को गंभीरता के साथ ग्रहण कर ग्रामीण स्तर पर छात्रों एवम नागरिकों की सहभागिता से इतिहासकार एवम शिक्षक डॉ विजय शर्मा के नेतृत्व में कोमाखान एवम ब्राहमणडीह में , हाजी अब्दुल रज्जाक भाई के नेतृत्व में एन एम ए स्कूल एवम प उ मा शाला में , सुभाष वर्मा के नेतृत्व में ईश्वरी विद्या मंदिर में , स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा आर पी दुबे एवम कुमारी चंद्राकर के नेतृत्व में तिरुपति आंध्र प्रदेश में , तथा अन्य सहयोगियों के साथ छत्तीसगढ़ के अन्य स्थानों सहित ओडिशा , मध्यप्रदेश राजस्थान में धरती को बचाने अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा सार संक्षेप एवम सुझाव ,प्रोजेक्ट कोपनहेगन शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे 192 देशों के नाम अपील इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ शासन का प्रतिनिधित्व करने वाले तत्कालीन कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के माध्यम से भेजा था। जिसे वितरित भी किया गया । हमारी अपील हैं कि सभी सदस्य देश ग्लोबल वार्मिंग एवम जलवायु परिवर्तन रोकने एक सहमति पर पहुंचे तभी प्राण ,प्राणी एवम पृथ्वी बचेगी । इस कड़ी मे डॉक्टर पाणिग्राही ने यह भी सुझाव भेजा कि वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्य 17ग्लोबल गोल्स में एक और याने 18 वा गोल स्काय एंड स्पेस के लिए जोड़ा जावे ।हमारे स्काय एंड स्पेस प्रदूषण की दोहरी मार झेल रहे हैं । हमारे स्काय एंड स्पेस स्वच्छ रहेंगे, तभी धरती पर जीवन भी स्वस्थ रहेगा।

# स्व. ललित सुरजन को तीसरी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**रायपुर, 2 दिसम्बर।** देशबंधु पत्र समूह के प्रधान संपादक स्व. ललित सुरजन की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर देशबंधु एवं हाईवे चैनल परिवार ने पुष्पाजंलि कर श्रद्धांजलि दी।

# स्कूल से घर जा रही छात्रा से हैवानियत

## पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

**बलरामपुर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में स्कूली बच्ची के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है. स्कूल से घर जा रही छात्रा से आरोपी ने दुष्कर्म किया था. मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला रघुनाथनगर थाना क्षेत्र का है. मामले में वाड्रफनगर एसडीओपी रामवतार ध्रुव ने खुलासा करते हुए बताया कि रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में थाने को कल शाम शिकायत मिली थी कि स्कूल से घर आ रही तीन नाबालिग बच्चियों का एक युवक रास्ता रोक लिया और एक मासूम को पकड़ लिया. वहीं अन्य बच्चियों को वहां से भगा दिया. उसके बाद आरोपी पास के अरहर की खड़ी फसल की आड़ में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है.



घटना की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल आरोपी की पतासाजी की और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेस कर जेल भेज दिया है.

# पीएलजीए सप्ताह के पहले दिन नक्सलियों ने सड़क पर पत्थर रखकर मचाया उत्पात

■ फेंके पर्चे और लगाया बैनर



**नारायणपुर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। पीएलजीए सप्ताह के पहले दिन नारायणपुर ओरछा मार्ग नक्सलियों ने सड़क पर पत्थर रखकर और पर्चे फेककर जमकर मचाया उत्पात. हालांकि सुरक्षा बल के जवानों ने पत्थर हटाकर मार्ग बहाल किया. नक्सल दहशत के चलते आज ओरछा जाने वाली बसें बंद रहेगी. बीते दिनों आईईडी ब्लास्ट में दो मजदूरों की मौत का जिम्मेदार माइनिंग कंपनी के ठेकेदार एचएन झा को बताते हुए नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी है. यह मामला छोटेडोंगर थाना इलाके का है.

बता दें कि नक्सलियों ने 2 से 8 दिसम्बर तक सप्ताह बनाने का ऐलान किया है. इसको लेकर नक्सलियों ने ग्रामीणों से पीएलजीए सप्ताह मनाने की अपील भी की है.

# छाया वर्मा से सैलजा ने की मुलाकात

## पति डा वर्मा के निधन पर जताया शोक



**रायपुर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, सहप्रभारी चंदन यादव, मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया, धरसींवा के ग्राम किरना पहुंचे। पूर्व राज्यसभा सांसद और धरसींवा की प्रत्याशी छाया वर्मा के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर उनके पति डॉ. दया वर्मा के निधन पर शोक जताया जताते हुए ढाढस बंधाया। शासकीय चिकित्सक रहे छाया वर्मा के पति डॉ. दया वर्मा का 30 नवंबर को दिल का दौरा पड़ा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंबडेकर अस्पताल में अंतिम सांसें ली। डॉ. दया वर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ-साथ प्रदेश के अन्य दिग्गज कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त किया था।

रावलमल जैन दंपती हत्याकांड

# आरोपी बेटे संदीप जैन को हाई कोर्ट ने दिया जीवन

■ फांसी की सजा उम्र कैद में की तब्दील

**बिलासपुर/दुर्ग,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले की चर्चित रावलमल जैन दंपती हत्याकांड में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने आरोपी बेटे संदीप जैन को बड़ी राहत दी है. हाई कोर्ट ने संदीप जैन को दुर्ग कोर्ट द्वारा दी गई फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है, साथ ही मामले में दो सह अभियुक्त शैलेंद्र और गुरु दत्ता की 5-5 साल की सजा को बदलकर उन्हें दोष मुक्त कर दिया है.

बता दें कि 1 जनवरी 2018 को दुर्ग के गंजपारा निवासी संदीप जैन ने अपने पिता रावल मल जैन और मां सुरजा बाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी. पुलिस ने जैन दंपत्ति की हत्या के आरोपी बेटे संदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने बताया था कि उसके पिता रावल मल जैन पुरानी रूढ़ीवादी विचारधारा के थे. उनको उसके महिला मित्रों से मिलना पसंद नहीं था. वे कई बार उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करने की धमकी भी दे चुके थे. इससे व्यथित होकर उसने अपने पिता को मारने की साजिश रची थी.



संदीप ने पिता की हत्या करने के लिए एक देसी पिस्टल और कारतूस खरीदा था. देसी पिस्टल और कारतूस कालीबाड़ी दुर्ग निवासी भगत सिंह गुरूदत्ता और गुरूनानक नगर दुर्ग निवासी शैलेंद्र सागर ने बेचा था.

इस मामले की सुनवाई करते हुए दुर्ग जिला कोर्ट ने संदीप जैन को फांसी की सजा और दोनों सह-आरोपियों को जिला न्यायालय ने पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी. इसके खिलाफ संदीप के वकील ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई. याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मुख्य अभियुक्त संदीप जैन की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है, साथ ही मामले के सह अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया है.

### नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आई है. आज से नक्सली पीएलजीए सप्ताह बना रहे हैं. इसको लेकर जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाए हैं. वहीं सर्चिंग अभियान पर निकले जवान नक्सलियों के बैनर-पोस्टर हटा रहे थे. इस दौरान अचानक आईईडी ब्लास्ट हुआ. इसकी चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए हैं. घायलों को तत्काल साथियों ने अस्पताल पहुंचाया है. यह मामला बारसूर थाना क्षेत्र का है.

**NECC**

| 03.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.25 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |
| डिलीवरी | 540 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पति- प्यास लगी है पानी लेकर आओ।
पत्नी - क्यों न आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति - वाह वाह...! मुंह में पानी आ गया..
पत्नी - आ गया न मुंह में पानी, बस इसी से काम चला लो।

# आयुक्त की सख्ती से वर्षों से लंबित आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य में आई तेजी



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। आयुक्त हरेश मंडावी ने आंगनबाड़ी निर्माण अधिनियम भावनाओं को शीघ्र निर्मित करने का निर्देश दिया और शहर में नवनिर्मित तीन आंगनबाड़ी भवनों की चाबी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपा। अगले हफ्ते 6 भवनों का निर्माण होगा पूर्ण तथा 4 नयें आंगनबाड़ी भवनों का कार्य शुरू हुआ एवं शेष 2 भवनो का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। नगर पालिका निगम क्षेत्र के अंतर्गत शहर के वार्डों में लंबित आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के संबंध में कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम के उप अभियंताओं की लंबित आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं वार्ड के निर्माण कार्य के संबंध में लगातार समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने संबंधित निर्देश दिया गया था, जिसके तहत शहर में 06 आंगनबाड़ी भवनों का कार्य प्रगति पर है, यह सभी आंगनबाड़ी भवन वर्षों से लंबित रहा। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने लगातार इस विषय पर कार्य करते आंगनबाड़ी भवन बनाने में तेजी लायी,

**शहर में तीन नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों का चाबी सौंपा**

जिसके तहत गुरुवार को गांधीनगर वार्ड व दलपत सागर वार्ड में वर्ष 2017-18 से स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन जिसका निर्माण बरसों से नहीं किया जा रहा लंबित तीन आंगनबाड़ी भवन को पूर्ण करते हुए उक्त भवन की चाबी आयुक्त हरेश मंडावी ने महिला बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ी भवन का चाबी सौंपा। शहर में निर्माणधीन आंगनबाड़ी अगले हफ्ते में छ: वार्डों में आंगनबाड़ी भवन बनाने का कार्य पूर्ण हो जाएगा तथा चार वार्डों में नये आंगनबाड़ी भवन बनाने का कार्य प्रारंभ हुआ है तथा शेष दो वार्डों में आंगनबाड़ी भवन आगामी दिनों में प्रारंभ हो जाएगा।

नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में आंगनबाड़ी भवन का कार्य प्रगतिरत है, जिस पर तेजी लाने के लिए आयुक्त लगातार इसके निर्माण पर संबंधित उप अभियंता को संबंधित ठेकेदार को आंगनबाड़ी भवन को पूर्ण करने को लेकर निर्देश दिए गए जिसके तहत गांधीनगर में दो आंगनबाड़ी भवन को पूर्ण करते हुए संबंधित विभाग को सौंपा गया। आंगनवाड़ी भवन निर्माण से वार्ड के लोगों को काफी सुविधा मिलेगा। इस दौरान सहायक अभियंता गोपाल भारद्वाज, उप अभियंता अमन नेता, दीपांशु देवांगन एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# अक्षत कलश यात्रा पहुंची जगदलपुर चौक-चौराहों में किया गया भव्य स्वागत



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। आगामी 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए सभी सनातनियों को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या के संतो द्वारा पूजित अक्षय कलश की शोभायात्रा देश भर में निकाली गई है। शनिवार को यह कलश शोभायात्रा के रूप में नगर पहुंची। इस दौरान आसन से लेकर जगन्नाथ मंदिर तक पहुंचाने के बीच नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के एवं हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और सनातनियों ने उस रथ का पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़ों और आतिश बाजी के साथ स्वागत किया। विभिन्न जगहों पर इस अक्षत कलश पर पुष्प वर्षा कर आरती भी उतर गई ।विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी अक्षत कलश लेकर पदयात्रा कर रहे थे। विदित हो कि संत समाज द्वारा श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व आमंत्रण के लिए अयोध्या से पूजित अक्षत पीले चावल कलश यात्रा आज नगर पहुंची। स्टेट बैंक चौक में इस कलश यात्रा के भव्य स्वागत के बाद वहां से कलश यात्रा माता दंतेश्वरी मंदिर पहुंची, जहां से जगन्नाथ मंदिर के परिसर में स्थित श्री राम मंदिर में इस कलश को रखा गया। सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र अक्षत कलश को अपने सर पर धारण किया। अब इस अक्षत को छोटे-छोटे कलशों में भरकर सभी प्रखंडों में भेजा जाएगा, जहां से प्रखंड प्रभारी घर- घर जाकर अक्षत वितरित करते

# मतगणना कार्य के लिए गणनाकर्मियों का किया गया रेंडमाईजेशन



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य हेतु तीनों विधानसभा के प्रेक्षकों सुब्रत गुप्ता, आरएच ठाकरे और सुदेश मोख्ता की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का रेंडमाईजेशन किया गया। शनिवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में रेंडमाईजेशन की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी नन्द चौबे, ओपी वर्मा, भरत कौशिक और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिला मतगणना कर्मियों को तीसरे चरण का दिया प्रशिक्षण



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा के लिए मतगणना कार्य हेतु नारी शक्ति का उपयोग किया जा रहा है। मतगणना कार्य को सुचारू संचालन के लिए शनिवार को तीसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर तीनों विधानसभा के प्रेक्षकों सुब्रत गुप्ता, एचआर ठाकरे और सुदेश मोख्ता की उपस्थिति में प्रशिक्षण में गणना कार्य में संलग्न कर्मियों को मॉक गणना करवाकर आवश्यक प्रपत्रों को भी भरवाया गया। इस मतगणना प्रशिक्षण में लगभग 200 महिला मतगणना अधिकारी, सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल थे। जगदलपुर प्रेक्षक श्री गुप्ता ने सभी मतगणना कर्मियों से प्रशिक्षण के दौरान सवाल किए। बस्तर प्रेक्षक श्री ठाकरे ने पहली बार मतगणना करवाने को शुभकामनाएं दी और तनावमुक्त रह कर गणना करवाने के निर्देश दिए।

मतगणना के लिए चिन्हाकित नारी शक्ति को जिला कार्यालय के प्रेरणा हाल और डाक मत पत्र के लिए आस्था सभाकक्ष में मतगणना एवं परिणाम की घोषणा के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया।

**प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रशिक्षण में मॉक गणना करवाकर आवश्यक प्रपत्रों को भी भरवाया गया**

मतगणना 3 दिसंबर को आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में किया जाएगा। प्रशिक्षण में मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारी, ईव्हीएम मशीनों की स्थिति का आंकलन, मतगणना के सभी दस्तावेजों की जांच और सभी जानकारी से अवगत किया गया। इसके अलावा ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिए आवश्यक सावधानियां और गणना की कार्यवाही करने, खारिज मतों की गिनती, कंट्रोल यूनिट के डिस्प्ले में परिणाम प्रर्दशित नहीं होने की स्थिति में किए जाने वाले कामों, वीवीपीएटी कागज पर्ची गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, तीनों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल प्रशिक्षण सुनील शर्मा सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# पुलिया निर्माण के बाद पहली बार चांदनी चौक के पुलिया की सफाई में जुटा निगम अमला



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम के द्वारा शहर में चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के तहत शहर के साफ सफाई में निगम प्रशासन पूरी सजकता के साथ कार्य को अंजाम दे रहा है, जिसके तहत पहली बार चांदनी चौक में बड़े पुलिया की सफाई करने में निगम अमला जुटा हुआ है, जिसके लिए आयुक्त हरेश मंडावी स्वयं स्थल पर रहकर सफाई कर्मचारियों का हौसला अफजाई कर रहे हैं ।

चांदनी चौक स्थित पुलिया की सफाई करने में निगम स्वच्छता विभाग के 20 कर्मचारियों का दल, जेट मशीन एवं सक्शन पंप से सफाई करने में जुटा हुआ है जिसमें कर्मचारी कड़ी मशक्कत के साथ इस पुलिया को सफाई करने में लगातार कार्य कर रहा है । इतने बड़े पुलिया का सफाई करने में स्वच्छता कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है इसके बावजूद भी कर्मचारी मुस्तैदी के साथ सफाई अभियान में जुटे हुए हैं । आयुक्त श्री मंडावी ने बताया चांदनी चौक पुलिया के सफाई होने से जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। पुलिया निर्माण के बाद पहली बार इस पुलिया की निगम प्रशासन के सफाई कर्मचारीयों द्वारा कड़ी मेहनत के साथ सफाई किया जा रहा है । इसी तरह कार्य करने से सभी मिलकर हम हमारे शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की परिकल्पना को साकार करेंगे । विशेष सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। प्रतिदिन सफाई कर्मचारियों की गैंग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नालियों एवं पुलियों की सफाई जा रही है । इस अभियान का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है ।

# शिल्पी संस्था के अध्यक्ष सुबीर नंदी और महासचिव बने संजीव शील



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था शिल्पी ने वर्ष 2024 के नए कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा संस्था के वार्षिक बैठक में की। सभी सदस्यों की सहमति से पुन: सुबीर नंदी को अध्यक्ष बनाया गया। वही ऊर्जावान सदस्य संजीव सील को महासचिव बनाया गया। अन्य पदाधिकारी सुधीर मंडल एवं जतिन राय चौधरी (उपाध्यक्ष) हरि माधव दास (कोषाध्यक्ष) मृणाल मालिक एवं संजय चंदा (सह सचिव) श्रीमती निवेदिता राय चौधरी (सांस्कृतिक सचिव) दिशान चक्रवर्ती (सांस्कृतिक प्रभारी) अनूप बागची (ग्रंथालय सचिव) जय गोपाल सरकार (क्रीड़ा सचिव) गौतम कुंडू (क्रीड़ा प्रभारी) दुलाल घोष, शांतनु नाग, सुभाष दास कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए। आलोक बनर्जी (अंकेक्षक), उनका सहयोग करेंगे (जतिन राय चौधरी)।

सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए, वर्ष 2024 शिल्पी संस्था के दृष्टिकोण से एक ऐतिहासिक वर्ष हो ऐसा निर्णय लिया गया।

# शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हम सभी शहरवासियों का दायित्व : आयुक्त



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर के निर्देश पर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की मुहिम पर निगम प्रशासन लगातार सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ व सुंदर बनाने में प्रयासरत है। इस मुहिम को आयुक्त हरेश मंडावी सतत निगरानी करते हुए स्वयं सुबह इस सफाई अभियान में शामिल होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर इसे सफल बनाने के योजना बनाकर कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं । नगर निगम के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जाकर सफाई करने के साथ वहां के रहवासियों एवं दुकानदारों को मुहिम से जोड़कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नालियों एवं सड़कों पर कचरा ना डालने का संकल्प दिलाया जा रहा है । इस सफाई अभियान से शहर की जनता का पूरा सहयोग मिलने के साथ अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है । आज इस अभियान को संजय बाजार चौक, पैलेस रोड, चांदनी चौक, व अन्य स्थानों में नालियों एवं पुलियों का सफाई कर्मचारियों से सफाई कर अभियान चलाया गया । वही आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के साथ ही शहर के संजय बाजार का निरीक्षण कर विगत दिनों दिए गए अपने निर्देशों का परिपालन के संबंध में संजय बाजार का जायजा लिया, जिसमें संजय बाजार की साफ सफाई व्यवस्था, दर्जीयों का व्यवस्थापन, नाली का निर्माण व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लेते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया । इस दौरान कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, राजस्व अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी नाग, स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, अजय बनिक, राकेश यादव, अप अभियंता अमर कश्यप, अशोक कोराम व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# बस्तर की जनजातियां सिखाती है कि जीवन कैसे जीना चाहिए : कुलपति



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के महिला प्रकोष्ठ ने विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत छात्राओं को भारतीय मानव विज्ञान संग्रहालय, धरमपुरा, जगदलपुर का भ्रमण करवाया। छात्राओं ने बस्तर की संस्कृति और परंपराओं के बारे में जाना, विशेषज्ञों के व्याख्यान में भी शामिल हुईं । मौजूदा आधुनिक दौर में बस्तर की जनजातियां हमें सिखाती हैं कि जीवन कैसे जीना चाहिए। उनका जीवन हमसे ज्यादा स्ट्रक्चर्ड नजर आता है। उनकी सभ्यता-संस्कृति से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। आदिवासियों ने अपनी संस्कृति को आज भी संजोकर रखा है और यह बेहद खास है। यह बातें शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को धरमपुरा स्थित भारतीय मानव विज्ञान संग्रहालय के 79 वीं स्थापना दिवस के कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की ओर से विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव थे। उन्होंने आगे कहा कि संग्रहालय का 100 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्माण होने वाला है। इसके लिए मैं भारतीय मानव विज्ञान संग्रहालय। जगदलपुर के अधीक्षक डॉ. पीयूष रंजन साहू समेत सभी स्टाफ बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जब संग्रहालय का निर्माण शुरू हो, उससे पूर्व मौजूदा भवन की वीडियोग्राफी की जाए और उसे बस्तर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए, ताकि छात्र संग्रहालय के पुराने स्वरूप को देख पाएं। कुलपति ने भारतीय मानव विज्ञान संग्रहालय के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए इलेक्टिव कोर्स शुरू करने की बात कही। इसे लेकर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर विश्वविद्यालय और भारतीय मानव विज्ञान संग्रहालय, जगदलपुर के बीच आने वाले समय में एक एमओयू कर सकते हैं। साथ ही कुलपति प्रोफेसर श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए संग्रहालय में इंटर्नशिप ट्रेनिंग की व्यवस्था किए जाने को लेकर आवश्यक कार्यवाही तत्काल करने के लिए कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, भारतीय मानव विज्ञान संग्रहालय, जगदलपुर के अधीक्षक डॉ. पीयूष रंजन साहू ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण का 79 वां स्थापना दिवस भी है और आप सभी इस खास मौके पर यहां उपस्थित हुए हैं। उन्होंने इस दौरान मानव विज्ञान की बस्तर समेत देशभर में होने वाली सर्वे एक्टिविटी के बारे में छात्राओं को बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर साधना की जगह है। दंडकारण्य का उल्लेख रामायण में है। यहां आकर ऋषि-मुनि ज्ञान प्राप्त किया करते थे। यहां युद्ध कौशल का ज्ञान भी मिलता था। यह प्रमाण पुराणों में मिलते हैं। इसके अलावा मौजूदा वक्त में यहां के आदिम इतिहास और यहां की संस्कृति देशभर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। देशभर के रिसर्चर यहां आकर यहां के आदिवासियों और यहां की संस्कृति पर रिसर्च करते हैं। डॉ. साहू ने कहा कि मानव विज्ञान का संबंध हर विषय के छात्र से है। इसलिए इसके बारे में हर कोई जान सकता है। डॉ. साहू ने बताया कि संग्रहालय और विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग ने संयुक्त रूप से तीन डिक्शनरी का भी प्रकाशन किया है। उन्होंने बताया कि पीएचडी के शोधार्थियों और सिविल सर्विसेस की तैयारी कर रहे युवाओं लिए म्यूजियम हमेशा उपलब्ध है।

कार्यक्रम को संग्रहालय के असिस्टेंट कीपर सरबजीत सिंह ने संबोधित करते हुए देश के संग्राहालयों के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने विश्व की प्रमुख संग्रहालयों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से संग्रहालय सभ्यताओं और परंपराओं को सहेजने की जगह बनीं और मौजूदा वक्त में उनका किस तरह से अध्ययन और रिसर्च में उपयोग हो रहा है। उन्होंने जगदलपुर स्थित संग्रहालय का भी इतिहास बताया और कहा कि यहां पर 1970 के बाद के कलेक्शन मौजूद हैं, जिनके माध्यम से आप बस्तर के बारे में बेहतर तरीके से जान सकते हैं। कार्यक्रम को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के मानव विज्ञान अध्ययनशाला के सह प्राध्यापक एवं महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. सुकृता तिर्की ने भी संबोधित किया । डॉ. सुकृता तिर्की ने कहा कि कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस भ्रमण के लिए प्रेरित किया। इसके लिए भी मैं उनका आभार मानती हूं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला प्रकोष्ठ की सह समन्वयक श्रीमती रश्मि देवांगन, सदस्य डॉ. रानी मैथ्यू, डॉ. रेखा नागवंशी, डॉ. सुष्मिता पांडेय, डॉ. तूलिका शर्मा, सुश्री ओशीन कुंजाम, सुश्री पल्लवी सिंह, दिलेश जोशी समेत सभी अध्ययन शालाओं की छात्राएं उपस्थित रहे।

## एफटीआईआई में करेंगे हेमंत पाणिग्रही फिल्म अध्ययन



**जगदलपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। देश की प्रतिष्ठित फिल्म अध्ययन संस्थान भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे में हेमंत पाणिग्रही का अध्ययन हेतु चयन हुआ है। इस कोर्स के माध्यम से सिनेमा निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा होगी, जिसमें देश- विदेश के कई प्रतिभागियों शामिल होंगे। इससे पूर्व भी हेमंत पाणिग्रही का चयन भारतीय फिल्म संग्राहलय पुणे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय व भारतीय जन संचार संस्थान सहित भारतीय सेना द्वारा आयोजित सैन्य पत्रकारिता प्रशिक्षण के लिए हो चुका है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चंदूलाल चंद्राकर राज्य अलंकरण 2010 टीवी पत्रकारिता के लिये प्रदाय किया गया है। उन्हें बेस्ट टेलीविजन रिपोर्टस के लिए लाडली मीडिया 2010 अवार्ड मिल चुका है। वे लंबे समय से फिल्म निर्माण के कई पक्षों का अध्ययन कर रहे हैं।

# छविन्द्र की ताजपोशी या चमकेगी चैतराम की किस्मत!

**दंतेवाड़ा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना अब से केवल 12 घंटे बाद प्रारंभ हो जाएगी। 7 उम्मीदवारों ने विधायक बनने अपना किस्मत आजमाया है। मुख्य मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार छविन्द्र कर्मा और भाजपा के चैतराम अटामी के बीच में है। रविवार 3 दिसंबर दोपहर 12 बजे तक दंतेवाड़ा विधायक का चेहरा तय हो जाएगा।

पहले चरण के मतदान के तहत दंतेवाड़ा विधानसभा के लिए 7 नवंबर को मतदान हुआ था। 273 मतदान केन्द्रों वाले इस विधानसभा में कुल 1 लाख 92 हजार 323 मतदाता हैं। यहां 69.88 प्रतिशत मतदान हुआ था। जीत को लेकर आज शाम तक भी कांग्रेस और भाजपा में दावे होते रहे। दोनों ही दल अपनी जीत के लिए पूरी तरह आश्वस्त हैं। पूरे चुनाव प्रचार में कांग्रेस ने जहां ग्रामीण इलाको में फोकस किया, वहीं भाजपा ने शहर में अपने आपको प्रमुखता से जनता के सामने रखा। वैसे कांग्रेस और भाजपा की जीत अथवा हार में आम आदमी पार्टी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो चुकी है। भाजपा इसे अपनी आसान सीट बता रही है, जहां उसे जीत का शत प्रतिशत भरोसा है, वहीं कांग्रेस ने दंतेवाड़ा सीट को कड़े मुकाबले की श्रेणी में रखा है। मतगणना के पहले चक्र में शुरूआत हांदावाड़ा से होगी, फिर दो चक्र गीदम ब्लाक में ही केन्द्रित रहेंगे। यहीं से मिलने वाली बढ़त निर्णायक होती है। एक्जिट पोल के अनुमान के आधार पर भी कांग्रेस उत्साह में है, जबकि भाजपा कहती है दंतेवाड़ा तो हम जीत ही रहे हैं, और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बन रही है। आंकलन और अनुमान के आधार पर जीत के दावों के बीच कांग्रेस-भाजपा दोनों ने जश्न की तैयारी कर ली है। दोनों ही तरफ फूल माला और मिठाई तथा डीजे



- आज तय हो जाएगा दंतेवाड़ा विधायक का चेहरा
- कांग्रेस-भाजपा दोनों के अपने-अपने जीत के दावे
- दोनों तरफ जश्न की तैयारी, मिठाई से लेकर डीजे तक की बुकिंग

की अग्रिम बुकिंग हो चुकी है। कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार जमकर मेहनत की है, जबकि भाजपा ने शहर और गांव दोनों तरफ अपनी ताकत झोंकी है। अब से केवल 12 घंटे बाद मतगणना शुरू हो जाएगी और कुछ ही देर में रूझान भी आने शुरू हो जायेंगे। 2018 के विधानसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो भाजपा के स्व. भीमा मंडावी को कुल 37 हजार 990 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस की श्रीमती देवती कर्मा को 35 हजार 818 वोट मिले थे। सीपीआई से नंदाराम सोरी को 12 हजार 195, बसपा के केशव नेताम को 6 हजार 119, आम आदमी पार्टी के बल्लू भवानी को 4 हजार 903 और निर्दलय जया कश्यप को 3 हजार 555 वोट मिले थे। इस चुनाव में भाजपा के भीमा मंडावी ने कांग्रेस के देवती कर्मा को 2 हजार 172 मतों से पराजित किया था। अभी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से छविन्द्र कर्मा, भाजपा से चैतराम अटामी, सीपीआई (निर्दलीय) से भीमसेन मंडावी, आम आदमी पार्टी से बल्लू भवानी, बसपा से केशव नेताम, जोगी कांग्रेस से बेला कुंजाम और निर्दलीय अमूलकर नाग की किस्मत का फैसला कल रविवार को होने वाला है। इधर जीत के दावों के बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा कि दंतेवाड़ा सीट कांग्रेस जीत रही है तथा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बननी तय है। बस्तर में भी कांग्रेस को 9 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी दंतेवाड़ा जीतने का दावा किया है। श्री सिंह की माने तो भाजपा के चैतराम अटामी 5 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से चुनाव जीतेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। बस्तर में भाजपा को 12 में से 6 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। बहरहाल इन दावों की असलियत मतगणना के बाद ही सामने आ सकेगी।

# अगहन के पहले गुरूवार पर माता लक्ष्मी की पूजा

## परिवार की सुख समृद्धि के लिए विधि-विधान से की पूजा



**दंतेवाड़ा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। धन वैभव की देवी मां लक्ष्मी की आराधना का पर्व अगहन गुरूवारी के पहले गुरूवार पर 30 नवंबर को माताओं ने मां लक्ष्मी जी का व्रत रखकर ब्रम्ह मुहूर्त में मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

अगहन माह का पहला गुरूवार 30 नवंबर को था। पहले अगहन गुरूवारी पर प्रत्येक घरों में माता लक्ष्मी की विशेष पूजा हुई। मां के आराधना का विशेष दिन होने से आज सुबह सुबह लोगों के घरों के पट खुले हुए दिखे। घर घर में माता लक्ष्मी के चांवल आटे से चरण चिन्ह बनाकर अक्षत रोली छिड़क कर आंगन में दीप जलाकर विधि विधान महालक्ष्मी जी का व्रत पूजन किया गया। अगहन माह में इस बार 4 गुरूवार पड़ रहे हैं। मान्यता है कि अगहन गुरूवार माह के प्रत्येक गुरूवार को माता लक्ष्मी की पूजा करने से माता प्रसन्न होती है। धन वैभव की प्राप्ति होती है मानव के सभी दुख ताप, कष्ट दूर होते हैं। प्रत्येक गुरूवार को अलग अलग प्रकार के पकवान के भोग चढ़ाने पर मां प्रसन्न होती है और भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करती है। यही कारण है कि महिलायें अगहन माह पर प्रत्येक गुरूवार को मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना पूरे श्रद्धाभाव के साथ करती हैं।

शनि मंदिर के पंडित विभूति भूषण ने बताया कि अगहन वृहस्पित में मां लक्ष्मी की आराधना पूर्ण फलदायी होता है। पूरे भक्तिभाव से व्रत करने पर जातकों को अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है। उपासक सूर्योदय से पहले ही माता की पूजा करते हैं। एक दिन पूर्व ही घरों की साफ सफाई कर ली जाती है।

# महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय खो-खो महिला स्पर्धा संपन्न



**बागबाहरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में परिक्षेत्र स्तरीय खो खो (महिला) का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रमुख ग्रंथपाल डॉ लक्ष्मण साहू एवम श्री गजानंद बुडेक द्वारा किया गया। परिक्षेत्र में सम्मिलित बलौदा बाजार एवं महासमुन्द जिले के विभिन्न महाविद्यालय के 14 महिला खो खो टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम सेमीफाइनल भाटापारा और बागबाहरा के खेला गया, जिसमें भाटापारा विजयी हुआ। दूसरा सेमीफाइनल बलौदा बाज़ार और कसडोल के बीच खेला गया जिसमें कसडोल विजयी हुआ। फाइनल में भाटापारा ने कसडोल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिनको प्रमाण पत्र एवम ट्रॉफी डॉ. लक्ष्मण साहू द्वारा प्रदान किया । यह लगातार दूसरा वर्ष है जब परिक्षेत्र स्तरीय खो खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय में किया गया और भाटापारा, कसडोल की टीमें फाइनल में पहुंची थी।

सभी टीमों से कुल 12 खो खो खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के हुआ है , जिसका अयोजन सेठ रतनचंद सागर महाविद्यालय दुर्ग में किया जाएगा जो बलौदा बजार महासमुंद परिक्षेत्र क्रमांक 04 का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**महाविद्यालय बागबाहरा से करुणा चंद्राकर, तरुणा ठाकुर का चयन राज्य स्तरीय खो-खो के लिए हुआ**

डॉ. सुनील कुमार जोशी , सनत कुमार सोनवानी, नीलकंठ साहू, तेज बहादूर चक्रधारी , हिरेंद्र कुमार देवांगन खो खो निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। पूरे प्रतियोगिता को आयोजन कराने में बागबाहरा के खो खो खिलाड़ियों एवं नीलमणी साहू लेब टेक्नीशियन का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने कई दिनों से कड़ी मेहनत कर मैदान तैयार किया। कार्यक्रम का संचालन एवम आभार प्रकट श्री पालन कुमार दीवान , क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया।

# तमिल समाज के लोग अयप्पा भगवान की प्रतिदिन कर रहे पूजा

**दंतेवाड़ा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विष्णु के कलिग अवतार भगवान अयप्पा देव के भक्त देश दुनिया में फैले हुए हैं। दक्षिण बस्तर जैसे आदिवासी सुदुर बाहुल क्षेत्र में भी अब धीरे धीरे अयप्पा भगवान को मानने वाले भक्तों की तादात बढने लगी है। यहां रह रहे तमिल समाज के लोग अयप्पा देव के मंडला पूजा के लिए 41 दिनों का कठिन व्रत रखें हैं और भगवान अयप्पा के प्रति कृतज्ञता जताते हुए सुबह शाम उनकी पूजा पाठ कर रहे हैं इस दौरान सभी व्रतधारी काले कपड़े पहनते हैं और गले में रूद्राक्ष या फिर चंदन की माला धारण कर माथे पर चंदन का टीका लगाते हैं।



गौरतलब है कि दक्षिण भारत के केरल में भगवान अयप्पा स्वामी का सबरीमाला मंदिर है। ये प्राचीन मंदिर एक प्रसिद्ध हिन्दु तीर्थ स्थल भी है। अयप्पा भगवान के दर्शन के लिए यहां हर साल 4 से 5 करोड लोग आते हैं। अयप्पा देव को मानने एवं पूजने वालों की संख्या देश भर में करोडों में है। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त अयप्पा स्वामी का व्रत रखता है सच्चे मन से उनकी आराधना करता है। नियमों का कड़ाई से पालन करता है और उनके दर्शन करता है उनकी मनोकामना अयप्पा स्वामी पूर्ण करते हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 5 में तमिल राज्य से आकर दशकों से बसा परिवार भी इस साल अयप्पा स्वामी की कठिन व्रत रख रहा है और सभी व्रतधारी सुबह शाम एक जगह एकत्रीकरण होकर अयप्पा देव की नियमपूर्वक पूजा पाठ कर रहे हैं। व्रतधारी पी. कुमार ने बताया कि हम सब एक समाज के लोग अयप्पा स्वामी की मंडला पूजा के लिए इस साल व्रत रखे है बीते 17 नवंबर से हम सभी 17 लोग काले कपडे धारण कर पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ अयप्पा स्वामी की पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस पूजा मे एक टाइम ही भोजन करना होता है और स्वच्छता का विशेष ख्याल रखना होता है। पी. कुमार ने बताया कि अयप्पा स्वामी की पूजा से शनि दोष भी कटता है। सभी व्रतधारी पूरे 41 दिनों तक जमीन पर सोते हैं। हम सबकी अपनी अलग अलग मनोकामनाएं है और हमें पूर्ण विश्वास है कि भगवान अयप्पाा स्वामी हमारी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण करेंगे। गुरू स्वामी, साई राम, सक्कारे, कार्तिक, चिन्ना पोनू, कुप्पाई, अंजमनि, अभिषेक, अविनाश, सोनू, कृष्णमूर्ति, मुरूगश, दिव्यांशी समेत अन्य श्रद्धालु भगवान अयप्पा स्वामी के मंदिर सबरीमाला के लिए इसी माह के 20 तारीख को रवाना होंगे।

- 17 तमिल भाषियों ने काले कपड़े पहन 41 दिनों का रखा है व्रत
- 20 को सभी जाएंगे भगवान अयप्पा के दर्शन करने केरल के सबरीमाला

## सार-संक्षेप

### मतगणना के दिन कोण्डागांव में रहेगा शुष्क दिवस

**कोण्डागांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि रविवार 3 दिसम्बर को कोण्डागांव में शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने नगर पालिका कोण्डागांव क्षेत्र अंतर्गत संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा एफएल 7 सैनिक कैंटीन में शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा के सम्पूर्ण संव्यवहार पर प्रतिबंद लगाया है।

### शॉर्ट सर्किट के चलते खड़ी फसल में लगी आग

**खरोरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। बीते दिनों पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 10 नेवरा निवासी तुलाराम कश्यप पिता स्व. नंदलाल कश्यप के मुक्तिधाम स्थित खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण पक कर तैयार खड़ा धान में आग लगा गया था जिसमें आधा से ज्यादा खड़ी धान जल कर खाक हो गया। सही समय पर घटना की जानकारी होने पर भूमि स्वामी द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया तब तक फसल आधा जल चुका था। आसपास के खेतों में भी धान खड़ी हुई है यदि आग पर काबू नहीं पाया होता तो कई एकड़ भूमि में लगी धान जलकर खाक हो जाता है इस घटना के चलते भूमि स्वामी सदमे में है इस खेत में पहले भी 1 साल पहले इस खेत में आग लग चुका है या शंका है कि वह साथ सर्किट के चलते आग लगी है खेत के बीचो-बीच बिजली तार कनेक्शन लगा हुआ है आग लगने की घटना 2 साल में दूसरी बार है आग लगा है और नुकसान हुआ है और अपने नुकसान की भरपाई हेतु प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।



# सड़क निर्माण के दौरान उड़ रही है धूल, सांस लेना मुश्किल

**दंतेवाड़ा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। किरन्दुल से दंतेवाड़ा तक 38 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण एनसी नाहर कंस्ट्रक्शन कंपनी दुर्ग द्वारा लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से गाड़ी चलते ही धूल का घना गुबार उड़ता हैं, जो राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन गया है।

क्षेत्र में दिनभर धूल और मिट्टी से स्कूल आने जाने वाले बच्चे, आम जनता, सड़क किनारे स्थित दुकान व घर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस कारण लोग खांसी, दमा के मरीज बन गए हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माणाधीन सड़क पर पाने डालने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि सड़क पर उड़ने वाली धूल कुछ माह से स्थानीय लोगों की मुख्य समस्या में शुमार हो चुकी है। हवा में धूल का स्तर बढ़ने से लोग परेशान हैं। धूल के कारण लोग और बाईक और पैदल वालो का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सेहत के नजरिए से भी लोगों की मुश्किल बढ़ रही है। सांस के जरिए शरीर में जा रही धूल से स्वास्थ्य संबंधी मामले भी बढ़ रहे हैं। धूल की समस्या की वजह से लोग कई महीनों से परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की है, लेकिन इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। संबंधित कंपनी द्वारा रोड निर्माण के दौरान बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से



- लोगों के आंखों में धुल झोंक रही निर्माण कंपनी
- सड़क निर्माण कम्पनी पर अधिकारी मेहरबान
- स्थानीय लोगों ने अफसरों से लेकर नपा परिषद से की शिकायत

निर्माण शिकायत की लेकिन उसके बाद भी वह पूरी तरह से जर्जर हो गया है। स्थिति यह है कि स ?क के कई स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। ट्रक फंस जाने के कारण, जिससे उस रोड पर ट्रैफिक जाम हो जाता है । सड़क का निर्माण कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रोड पर धूल दबाने के लिए पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। इस कारण से जब कोई बड़ा वाहन सड़क से निकलता है तो धूल की वजह से पीछे अन्य वाहन चालकों को आगे का कुछ दिखाई नहीं देता है। इस कारण से पिछले दो महीनों में तीन एक्सीडेंट भी हो चुके हैं। इसके अलावा सड़क के किनारे बसे ग्रामीण लोग धूल के कारण परेशान हैं। मुरूम के जगह दाल रहे हैं। रोड में मिट्टी डाली जा रही।जिससे धूल के गुब्बारे उड़ रहे है । आये दिन दुर्घटना होती है लगभग साल भर पहले भी सचिव की बाइक दुर्घटना में मौत हो चुकि सचिव के परिवार द्वारा एफआईआर भी करवाया गया था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शिकायत के बाद कुछ दिन मार्ग पर पानी डालकर सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी द्वारा अपने जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली गई। उसके बाद फिर सड़क पर धूल ही धूल नजर आ रही है। जबकि सड़क निर्माण करने वाले को सुबह-शाम व दोपहर तीन समय सड़क पर पानी डालना अनिवार्य है। लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वाहन निकलने से उड़ती धूल, लोग हो रहे परेशान।

# लंबे समय से फरार लूट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




**सिमगा,** 2 दिसंबर। हथबंद थाना प्रभारी अजय झा से मिली जानकारी के अनुसार गत 17 मार्च को प्रार्थी तातेश धृतलहरे साकिन नवागांव टेकारी थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर हाल मुकाम हथनी पारा भाटापारा शहर ने पुलिस सहायता केन्द्र हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने निजी काम से पेण्ड्री, भिलौनी गया था। वापस भाटापारा आते समय ग्राम धोधा से कुकराचुंदा के मध्य मैदान के आगे दो मोटर सायकल सवार 6 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर डरा धमकाकर उसके बैग मे रखे 2000/रू एवं दो नग मोबाईल कीमती 20,000/-रूपये को लूटकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध दर्ज कर धारा 392, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपीयों जिनमें नवीन पाठक पिता श्रवण पाठक उम्र 22 साल,राहूल जांगडे पिता दिनेश जांगड़े उम्र 22 साल, राजेश वर्मा पिता शिवकुमार उम्र 22 साल, नीरज यादव पिता रूपराम उम्र 18 साल सभी साकिनान ग्राम बोईरझिटी थाना नेवरा तिल्दा जिला रायपुर को ग्राम बोईरझिटी, हिरमी, जामुल एवं रायपुर से हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ किया गया। तथा न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# कलेक्टर ने प्रेस वार्ता कर मतगणना संबंधी व्यवस्थाओं की दी जानकारी



**सुकमा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु) ।विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकारों से प्रेस वार्ता लेकर तैयारी संबंधी जानकारी दिया गया। प्रेस वार्ता में कलेक्टर ने बताया कि मतगणना कार्य 3 दिसंबर को जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुकमा में संपन्न कराई जाएगी, जिसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतगणना 14 टेबल में 17 राउंड में संपन्न होगा। जिसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। पोस्टल बैलेट के लिए 1 टेबल में गणना किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि 3 दिसंबर को अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में सुबह 6 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। पोस्टल बैलेट की गणना प्रात: 8 बजे से प्रारंभ कर गणना किया जाएगा, तत्पश्चात ईव्हीएम के माध्यम से मतगणना किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक राउंड पूर्ण होने के पश्चात माईक के द्वारा परिणाम की घोषणा किया जाएगा। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# अंचल स्तरीय खेलकूद में 31 का राज्य स्पर्धा में चयन

**दंतेवाड़ा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। संभाग छत्तीसगढ़, भाग दण्डकारण्य अंचल स्तरीय अभ्युद्ध क्लब के तत्वावधान में खेलेगा भारत को लक्ष्य मानकर खेलकूद का एक दिवसीय आयोजन अंचल बैलाडीला के मटेनार ग्राम के पटेलपारा में आयोजित किया गया।

कबड्डी, दौड़ 100-200 एवं 400 मीटर, उंची कूद, लंबी कुद खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें बारसूर, रोंजे, जावंगा, बडेतुमनार, मेटापाल, तुमकपाल, बालुद, भांसी, बचेली एवं बडेगुडरा संच के करीब 250 विजेता खिलाड़ी छात्र अंचल स्तरीय खेलकूद में भाग लेने मटेनार पहुंचे थे। आयोजन के मुख्य अतिथि सुरेश नाग, एवं सहदेव मंडावी, मनिराम, राकेश नाग, रामू नेताम की गरिमामयी उपस्थित में सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेश नाग में खिलाड़ी बच्चों में उत्साह भरते हुए कहा कि खेलकुद भी जीवन में उतना ही आवश्यक है जितना कि पढ़ाई। इसलिए सभी छात्रों को रूचि अनुसार किसी न किसी खेल में भाग अवश्य लेना चाहिए। श्री नाग ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक मजबूती आती है शरीर बलवान होता है, साथ ही स्फूर्ति भी आती है। मस्तिष्क भी तेज गति से काम करता है। मुख्य अतिथि श्री नाग ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी लोग नेशनल स्तर पर भी विजयी होकर लौटेंगे मेरा आर्शीवाद आप सभी



के साथ है। खेलकूद क्रम में सर्वप्रथम 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान रहे बालुद निवासी रिंकु भास्कर, 100 मीटर बालिका दौड़ में प्रथम स्थान पर रही बालुद निवासी कु. संतोषी यादव, 200 मीटर दौड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे निवासी बडेतुमनार के मंगल नेताम, वहीं 200 मीटर बालिका दौड़ में विजेता रही ग्राम रोंजे की कु. मुन्नी कवासी। 400 मीटर दौड में प्रथम स्थान पर रहे बालुद निवासी बालक विजय सेठिया। 400 मीटर बालिका दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही रोंजे की कु. भारती अलामी। उंची कुद बालिका में प्रथम स्थान पर रही कु. देवती भास्कर बालुद। उंची कुद बालक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे छात्र सूरज नेताम ग्राम रोंजे। लंबी कूद में प्रथम स्थान पर बालक चंद्रू भास्कर निवासी ग्राम बालुद। लंबी कूद प्रथम स्थान बालिका वर्ग में जितेश्वरी अलामी ग्राम रोंजे रही। कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में बालुद व बारसूर के मध्य खेला गया जिसमें विजेता बारसूर की टीम रही। कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में बालुद एवं रोंजे के मध्य खेला गया जिसमें बालुद की टीम विजयी रही।

- मटेनार में जुटे सैकड़ों खिलाड़ी
- एकल अभियान के तहत आयोजन में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

ज्ञात हो कि संच स्तर के विजेता खिलाडियों को अंचल स्तर पर खेलाया गया जिसमें विजेता रहे खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए राजनांदगांव भेजा जाएगा, जहां ये खिलाड़ी अपने जौहर का प्रदर्शन करेंगे और वहां जितने वाले खिलाड़ी को नेशनल स्तर पर खेलने के लिए नागपुर भेजा जाएगा। मटेनार में आयोजित अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में अंचल समिति बैलाडिला के सचिव अतुल चौधरी, ग्राम स्वराज योजना प्रभारी, विमल दीक्षित एवं सदस्य अजय साहू समेत भाग के ग्रामोत्थान योजना प्रमुख ललित साहू, अंचल अभियान प्रमुख अनिल नाग, कुसूम नाग एवं खिलाड़ियों के कोच अमिर गावड़े, रमेश भास्कर, राकेश गावडे एवं संच के सभी सेवाव्रती उपस्थित रहे।

# जिले में शांतिपूर्ण व पारदर्शी मतगणना संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण : अजीत वसंत

## सामान्य प्रेक्षक निरंजन कुमार सुधांशु ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

**नारायणपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक निरंजन कुमार सुधांशु, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत तथा पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा द्वारा शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में निर्मित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का अवलोकन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशन में नारायणपुर जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत रविवार 03 दिसम्बर को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना स्थल में सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था के अलावा मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।



इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वसंत ने अधिकारियों को मतगणना शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतगणना प्रक्रिया 03 दिसम्बर को सुबह 08 बजे से प्रारंभ की जाएगी। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, घड़ी, पेन, लैपटॉप, आईपैड, हथियार, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान प्रेक्षक श्री सुधांशु ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मतगणना स्थल में प्रवेश करने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं सहित मतगणना स्थल में प्रवेश करने वाले सभी लोगों के समुचित जाँच आदि के प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। जिले के विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए मतगणना कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने डाक मत पत्र के गणना के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली तथा उसके लिए बनाए गए दस्तावेज़ों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने निर्देशित किया कि मतगणना तिथि 03 नवंबर को मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियो को सुबह 06 बजे मतगणना कक्ष में पहुँचना अनिवार्य है। उन्होंने निर्धारित समय सुबह 07 बजे स्ट्रांग रूम के खुलने तथा 07.30 बजे मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को ब्रीफिंग करने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि सुबह 8 बजे सर्वप्रथम डाक मत पत्रों की गणना की जाएगी एवं सुबह 08.30 बजे से कंट्रोल यूनिट से मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम से आने वाली ईव्हीएम मशीनों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, रिटर्निंग ऑफिसर श्री जितेंद्र कुमार कुर्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मंडावी, एमसीसी के नोडल अधिकारी प्रदीप वैद्य, पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी रामसिंह सोरी सहित मतगणना कार्य के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंनतपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय धान परिवहन करते तीन ट्रकों पर किया कार्रवाई

**कोण्डागांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। धान खरीदी की शुरुआत होने के बाद छत्तीसगढ़-उड़ीसा राज्यों से लगी सीमाओं पर अवैध धान परिवहन को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। सीमाओं पर स्थित सभी चेक पोस्ट में निगरानी दलों की तैनाती है। इसी क्रम में अनंतपुर पुलिस के निगरानी दल ने शनिवार की रात ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 4575 में 450 बोरी धान, ट्रक क्रमांक सीजी 27 जी 0130 में 450 बोरी और शनिवार की सुबह ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 1587 में 400 बोरी धान उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा था, जिसे बेलोंडी व एरला चेक पोस्ट पर तैनात निगरानी दल ने रोककर पूछताछ करने पर चालकों ने कोडागांव निवासी नवीन गोलछा व कांतू गोलछा नामक व्यक्तियों का होना बताया गया है। पुलिस ने जानकारी दी कि जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमितेश सिंह (रा.पु.से.) के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार अन्तर्राज्यीय धान परिवहन की रोकथाम हेतु अनतपुर थाना क्षेत्र के उड़ीसा बार्डर में चेक पोस्ट नाका पर लगातार सघन चेकिंग की जा रही है। जांच के दौरान उड़ीसा राज्य से ट्रक क्र.सीजी 17 एच 4575 में 450 बोरी, सीजी 17 जी 0130 में 450 बोरी, सीजी 17 एच 1587 में 400 बोरी कुल 1300 बोरी लेकर आ रहे थे। पुछताछ करने पर वैध कागजात पेश नहीं कर पाए, जिस पर 102 सीआरपीसी के तहत जप्ती कार्यवाही की गई है, जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु कृषि उपज मंडी कोण्डागांव को सौंपी जाएगी।



**1300 बोरी धान, कुल वजन 58.5 टन जप्त**

# रामकृष्ण मिशन आश्रम में आई लीग तृतीय डिविजन फुटबाल प्रतियोगिता उद्घाटित



**नारायणपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के आर के एम फुटबॉल अकादमी द्वारा आयोजित आई लीग तृतीय डिविजन फुटबाल टूर्नामेंट 2023 का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मोहन लाल के साथ में स्वामी व्याप्तानन्द, सचिव, रामकृष्ण मिशन नारायणपुर, स्वामी सुखदेवानन्द, सचिव, रामकृष्ण मिशन सारदापीठ, बेलुड़ ने दोंनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। उद्घाटन मैच 1 दिसंबर को आर के एम फुटबॉल एकेडमी नारायणपुर एवं गढ़वाल एफसी दिल्ली के मध्य खेला गया। जिसमें गढ़वाल एफसी दिल्ली की टीम ने आर के एम फुटबॉल एकेडमी नारायणपुर को 3-1के अंतर से हरा दिया। मैच के फर्स्ट हाफ में गढ़वाल एफ सी 1-0 शून्य से बढ़त बना लिया था। द्वितीय हाफ में 2 गोल और किया एवं आर.के.एम. के ओर से सुरेश कुमार ध्रुव ने एक गोल किया। द्वितीय मैच के.आई.वाय.सी.एफसी मणिपुर और केरला यूनाइटेड एफसी केरल के बीच खेला गया है। दोनों टीमों ने मध्य मैच 2-2 गोल की बराबरी पर रहा।उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के स्वामी अनुभवानंद महाराज, स्वामी वसुदानंद महाराज ,प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानंद महाराज, स्वामी देवनाथानंद महाराज, अजीत मेनन,आदि उपस्थित रहें। 3 दिसंबर रविवार सुबह 9 बजे मणिपुर और गढ़वाल एफ सी दिल्ली के बीच पहला मैच खेला जाएगा और दोपहर 2.30 बजे आर. के.एम.फुटबाल एकेडमी नारायणपुर और भवानीपुर एफ सी, कोलकाता के बीच द्वितीय मैच खेला जाएगा।

# मतगणना के लिए कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## सभी कर्मचारियों को समय पर कार्य में उपस्थित होने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोण्डागांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के तहत कोण्डागांव जिले के दोनों विधान सभाओं के लिए मतगणना कार्य हेतु कर्मचारियों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण शनिवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने निर्वाचन मतगणना संबंधी आवश्यक जानकारी एवं निर्देश दिए। इसमें उन्होंने मतगणना कार्य को सुचारू संचालन के लिए सभी को समय से ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।



मतगणना के लिए उन्होंने लगाए गए कर्मचारियों से चर्चा करते हुए उन्हें पूरी तरह से सजग होकर मतगणना कार्य करने को कहा और सभी को प्रोत्साहित भी किया। मतगणना 03 दिसंबर को शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया जाएगा। प्रशिक्षण में मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारी, ईव्हीएम मशीनों की स्थिति का आंकलन, मतगणना के सभी दस्तावेजों की जांच और सभी जानकारी से अवगत किया गया। इसके अलावा डाक मत पत्र और ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिए आवश्यक प्रक्रिया, वीवीपीएटी कागज पर्ची गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफओ आरके जांगड़े, एन गुरुनाथन सहित मास्टर ट्रेनर एवं उपस्थित रहे।

# शांति कायम रखने पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## विस चुनाव मतगणना व चुनाव परिणाम जारी होने के पूर्व



**कोण्डागांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। 3 दिसंबर को विधान सभा चुनाव की मतगणना एवं चुनाव परिणाम जारी होने हैं, जिसके मद्देनजर कोण्डागांव, केशकाल थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार की शाम कोण्डागांव व केशकाल पुलिस के द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही आम जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह, थाना प्रभारी केशकाल आनंद सोनी एवं थाना प्रभारी धनोरा यशवंत श्याम समेत पुलिस की टीम मौजूद रही। वहीं कोंडागॉव पुलिस के द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक डी.आर.पोर्ते, एसडीओपी कोंडागॉव निमितेश सिंह, डी.एस.पी. अनिल विश्वकर्मा, रुपेश कुमार, लक्ष्मण पोटाई, के.पी.मरकाम, थाना प्रभारी कोंडागांव व आनंद सोनी एवं समेत पुलिस अधिकारी/स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बंग्लापारा स्कूल में एड्स जागरूकता कार्यक्रम

## आयुर्विद्या के तहत आयुष विभाग नारायणपुर का आयोजन

**नारायणपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत भारत सरकार आयुष मंत्रालय एवं संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार , संचालक आयुष एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सत्येंद्र नाग के निर्देशन में

आयुष राष्ट्रीय कार्यक्रम आयुर्विद्या जो विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रारंभिक जीवनकाल से ही आयुर्वेद जीवन शैली अपनाने को प्रेरित करने संबंधी एक कार्यक्रम है, जिसके तहत बच्चों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त हो। इसी आयुर्विद्या कार्यक्रम के परिपालन में आज आयुष विभाग नारायणपुर जिला नारायणपुर द्वारा विश्व एड्स दिवस पर नारायणपुर के शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंग्लापारा में एड्स जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के तहत एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने और एचआईवी संक्रमण के प्रसार को कम करना और लोगों में इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता पैदा करना मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को इस लाइलाज बीमारी एड्स के बारे में बताया गया इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीना खोबरागड़े ने कहा कि ना साथ रहने से और ना ही छूने से एचआईवी फैलता है, यह बीमारी सिर्फ असावधानी से ही फैलती है। एड्स एक जानलेवा बीमारी है इनको खत्म करना ही हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही बच्चों को आसानी से उपलब्ध होने वाली आंवला, मुनगा, नीम, अदरक, हल्दी जैसे औषधीय पौधों के स्वास्थ्यवर्धक गुण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रधानाचार्य श्री के.के. मिस्त्री का विषेश सहयोग रहा। प्रधानअध्यापिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बांग्लापरा श्रीमती बृजेश्वरी रोवटे ने विद्यार्थियों से कहा कि एचआईवी एड्स एक घातक बीमारी है इससे सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। कार्यक्रम में उषा तिवारी, संगीता ठाकुर, विजयलक्ष्मी, दीपिका मंडल आदि उपस्थित रहे।



# बुनागांव संकुल को मिला प्रथम स्थान

**कोण्डागांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव विकास खण्ड स्तरीय विज्ञान और गणित प्रदर्शनी मेला का आयोजन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस प्रदर्शनी में विकास खण्ड कोंडागांव के 74 संकुल से प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान और गणित के मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिसमें प्राथमिक स्तर पर विज्ञान और गणित दोनों में ही संकुल बुनागाँव के जनपद प्राथमिक शाला के बच्चे जान्वी कौशिक, नेहल सोरी, याचना नेताम, सुप्रिया कौशिक, कन्हैया नाग, कोयंक नेताम के द्वारा बनाए गए गणित संक्रिया का चार्ट और सूर्य ग्रहण, चंद्रग्रहण के मॉडल को प्रथम स्थान मिला। वहीं कक्षा तीन की छात्रा जान्वी कौशिक की बेहतरीन मॉडल प्रस्तुति को सभी ने सराहा। विकास खण्ड में प्रथम स्थान हासिल करने पर जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पाण्डे, एपीसी रुपसिंह सलाम, एसआर मरावी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक रामलाल नेताम, बीआरपी रामप्रसाद कुपाल और उपस्थित शिक्षकों के द्वारा सम्मानित किया गया। संकुल समन्वयक धरम देवांगन के मार्गदर्शन में संस्था के प्रधान अध्यापक सूरज नेताम ने इस उपलब्धि का श्रेय बच्चों की मेहनत, लगन और उनको प्रेरित करने वाले शिक्षिका रोशनी साहू, प्रतिभा जुर्री, शकुंतला यादव, प्रदीप नाग और रुपेश कल्लो को दिया।



# नक्सलियों द्वारा लगाई आईईडी बरामद

**दंतेवाड़ा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। नक्सली पीएलजीए सप्ताह के दौरान वारदात करने की कोशिश कर रहे हैं। आज बारसूर के सातधार इलाके में पुलिया के आगे आईईडी लगाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। सीआरपीएफ बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीम ने मौके पर जाकर आईईडी को डिफ्यूज किया। इसी तरह बोदली और मालेवाही के बीच में भी नक्सलियों ने एक आईईडी लगायी थी, जिसे बरामद कर नष्ट किया गया। नक्सलियों ने पल्ली-बारसूर मार्ग को भी अवरूद्ध कर दिया था, जिसे फोर्स ने बहाल कराया।



# एनएसएस कैंप सोनपुर पहुंचे थाना प्रभारी विश्रामपुरी संजय वट्टी



**कोण्डागांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। एनएसएस कैंप सोनपुर में थाना प्रभारी विश्रामपुरी संजय वट्टी पहुंचे और राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को व्यक्तित्व और चरित्र का विकास के सम्बन्ध में जानकारी दिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारोण्ड के राष्ट्रीय सेवा योजना टीम का सात दिवसीय कैंप सोनपुर में आयोजित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी विश्रामपुरी संजय वट्टी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारोण्ड अमर सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तालुका केशकाल पीएलवी अनिल कुमार मंडावी, व्यवहार न्यायालय केशकाल कु.लैला मरकाम विश्रामपुरी थाना पीएलवी, थाना प्रभारी विश्रामपुरी संजय वट्टी, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्राथमिक उद्देश्य स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवा छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। शिक्षा से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा एक व्यापक माध्यम है, जिसमें छात्र सब कुछ सीख सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर व्यवहारिक अनुभव प्राप्त कर अपना बौद्धिक विकास करके लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से कर सकते हैं। उपरोक्त तरह ही उपस्थितजनों ने एनएसएस के विद्यार्थियों को विधिक जानकारियां प्रदान किया।

# दंतेवाड़ा में सभी श्रेणियों के 646 डाक मतपत्र : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत दंतेवाड़ा सीट की भी मतगणना रविवार 3 दिसंबर सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी, फिर ईव्हीएम के मतों की गिनती होगी। गिनती 14 टेबल में 20 चक्रों में पूर्ण होगी। इसकी तैयारी पूरी हो गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विनीत नंदनवार ने बताया कि आज 2 दिसंबर तक दंतेवाड़ा में सभी श्रेणियों के कुल 646 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इनमें सेवा मतदाताओं के ई टीपीबी, निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80 प्लस तथा दिव्यांग से प्राप्त डाक मतपत्र शामिल हैं। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी आज 2 दिसंबर तक 211 प्राप्त हो चुके हैं। यह 3 दिसंबर को मतगणना प्रारंभ होने के तक प्राप्त किये जायेंगे। प्रतिदिन प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डाइट परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है। इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है। डाक मतपत्रों की कुल संख्या में सुविधा केन्द्र के कुल 418 डाक मतपत्र भी शामिल हैं, इसके अलावा दिव्यांगजनों, 80 प्लस के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल 17 है। मतगणना तिथि 3 दिसंबर को सबसे पहले 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना प्रारंभ होगी और इसके आधे घंटे बाद ईव्हीएम के मतों की गणना प्रारंभ होगी। पत्रवार्ता में कलेक्टर श्री नंदनवार ने बताया कि मतगणना स्थल पर पास धारियों को ही जाने की अनुमति होगी।




- **सबसे पहले डाक मतपत्र फिर ईव्हीएम के मतों की गिनती**
- **मतगणना की तैयारी पूरी, आज 8 बजे से शुरू होगी**

# प्राथमिक शाला कमेला में क्वीज प्रतियोगिता

**कोण्डागांव,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर संकुल केंद्र कमेला के शासकीय प्राथमिक शाला कमेला में बैगलेस डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत योग, व्यायाम, स्वच्छता अभियान, मौसमी बीमारियों से बचाव, शाला एवं शाला परिसर का रखरखाव, अग्निशमन यंत्र की उपयोगिता तथा तथा गणित विज्ञान, भाषाई कौशल के अंतर्गत बच्चों में अपेक्षित दक्षताओं की प्राप्ति हेतु कक्षावार प्रश्न उत्तर, बहुविकल्पीय प्रश्न उत्तर कार्यक्रम क्विज किया गया जिसमें कक्षा पांचवी की छात्रा कुमारी लिशिका पांडे प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर कुमारी सरिता सेठिया और कुमारी मीना पांडे रही कक्षा चैथी की छात्रा कुमारी संध्या पांडे प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान पर कुमारी थनीषा पांडे तथा कक्षा तीसरी का छात्र चिरंजीव खेमराज कश्यप प्रथम एवं द्वितीय प्रथम स्थान पर कुमारी गरिमा पांडे, कक्षा दूसरी कुमारी खुशी पांडे प्रथम स्थान एवं कुमारी धारणी दितीय स्थान पर रही। इसी क्रम में कक्षा पहली की छात्रा कुमारी डेनिशा ने प्रथम स्थान कुमारी जितेंद्री नेताम, कुलंजन पांडे द्वितीय स्थान पर रहे इन समस्त प्रतिभावान विजित छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक संकुल समन्वयक गौतमराम पांडे के द्वारा तिलक चंदन से स्वागत एवं पेन कॉपी देकर उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं करते हुए बधाइयां प्रेषित की। इसी क्रम में कक्षा तीसरी के छात्र खेमराज कश्यप को 22 तक पहाड़ा सुनाने पर उन्हें विशेष पुरस्कार पेन कॉपी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के ट्यूटर शिक्षक कुमारी टोनिका बैध श्रीमती मिलन बैध, रितेश सखा का विशेष योगदान रहा।उपरोक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने दी।



उल्टा पुल्टा

पिंटू- मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
मम्मी- उसको परी किसने कहा?
पिंटू - डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
मम्मी- तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

# सबसे पहले रायपुर उत्तर का आएगा परिणाम

## सुबह आठ बजे डाक मतपत्रों से शुरू होगी गिनती



**रायपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। रविवार 3 दिसंबर को मतगणना की शुरुआत सुबह आठ बजे से डाक मतपत्रों से शुरू की जाएगी। डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग आफिसर करेंगे, जिनके सहयोग के लिए विशेष सहायक रिटर्निंग आफिसर होंगे। इसके लिए अलग टेबल होगा। डाक मतपत्रों की वैधता के बारे में उनका निर्णय ही मान्य होगा।

**9.30 बजे पता चलेगा कौन आगे, कौन पीछे**

डाकमत पत्रों के साथ ही 8.30 बजे से ईवीएम से गिनती शुरू हो जाएगी। हर राउंड के लिए पहले से ही समय सीमा तय कर दी गई है। उक्त अवधि में ही राउंड पूरा करना चुनौती होगी। वहीं, 9.30 बजे पहला राउंड पूरा हो जाएगा। इसके बाद स्थिति स्पष्ट होगी कि कौन आगे और कौन पीछे चल रहा है। वहीं सबसे पहले नतीजे रायपुर उत्तर विधानसभा के आएंगे, जबकि सबसे अंत में रायपुर ग्रामीण विधानसभा का विधायक तय होगा।

**वीआईपी का प्रवेश औरमोबाइल प्रतिबंधित**

मतगणना स्थल में तमाम अधिकारी कर्मचारियों को मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सभी अधिकारी कर्मचारी बगैर मोबाइल के ही मतगणना स्थल पर पहुंचेंगे। वहीं मतगणना स्थल पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक व मंत्रीयों के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है। ऐसे मंत्री जो वर्तमान में प्रत्याशी हैं, वे केवल उन्हीं मतगणना स्थल पर प्रवेश कर पाएंगे, जहां वे चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें भी बगैर गनमैन के ही मतगणना स्थल में एंट्री दी जाएगी।

**1,000 से ज्यादा सुरक्षा बल होंगे तैनात**

मतगणना के लिए सेजबहार में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। तीन श्रेणियों की सुरक्षा व्यवस्था के अंदर मतगणना होगी, जिसमें जिला पुलिस बल के अलावा केंद्रीय सुरक्षा बलों की भी तैनाती होगी। तकरीबन 1,000 से ज्यादा की संख्या में सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती मतगणना स्थल में होगी।

**तीन बार किया जाएगा रेंडमाइजेशन**

विधानसभा में 14 टेबल ईवीएम के लिए और दो टेबल पोस्टल बैलेट के लिए लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाइजर, जो राजपत्रित अधिकारी रैंक का होगा साथ ही गणना सहायक भी होंगे। मतगणना दल की नियुक्ति तीन बार रेंडमाइजेशन के बाद किया जाएगा। पहली रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में तथा दूसरा और तीसरा रेंडमाइजेशन आब्जर्वर की मौजूदगी में किया जाएगा।

### मतगणना स्थल के करीब की बंद रहेंगी 6 शराब दुकानें

प्रदेश में 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव की मतगणना होगी। इसके चलते कलेक्टर ने राजधानी में कल शुष्क दिवस घोषित किया है। रविवार को मतगणना क्षेत्र के आसपास की कुल 6 शराब दुकानें बंद रहेंगी। सेजबहार स्थित गवरमेंट इंजिनियरिंग कॉलेज में मतगणना होगी। मतगणना स्थल के समीप कुल 6 शराब भट्टी सहित 3 होटल-बार पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने आदेश जारी कर दिया है।

# रिटर्निंग अधिकारी मतगणना स्थल पर चक्रवार परिणामों की करेंगे घोषणा

**रायपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव 2023 के लिए रविवार 3 दिसम्बर को प्रदेश में होने वाली मतगणना के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राज्य के सभी 33 जिला मुख्यालयों में मतों की गिनती की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सभी मतगणना केंद्रों में मीडिया सेंटर स्थापित किए गए हैं।

मतगणना हॉल के भीतर वास्तविक मतगणना की कवरेज के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मीडियाकर्मियों के प्राधिकार पत्रों के सत्यापन के बाद प्राधिकार पत्र धारक मीडियाकर्मियों को मतगणना हॉल में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

**सभी मतगणना केंद्रों में मीडिया सेंटर स्थापित**

मीडियाकर्मियों को मतगणना हॉल के भीतर सीमित संख्या में और बैचों (छोटे-छोटे समूहों) में प्रवेश दिया जाएगा। अलग-अलग जिलों में मतगणना हॉल के आकार, उपलब्ध जगह और अन्य संगत कारकों को ध्यान में रखकर एक बार में प्रवेश की वास्तविक संख्या निर्धारित की जाएगी। मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन संबंधी अन्य अधिकारियों के पास मीडियाकर्मियों के मतगणना हॉल के भीतर प्रवेश के संबंध में पूर्ण विवेक रहेगा क्योंकि केवल वही उस स्थान पर ऐसा करने में सक्षम होंगे। मतगणना हॉल के भीतर ऐसे मीडियाकर्मियों को अनुमति देते समय रिटर्निंग अधिकारी एक निश्चित स्थान को इंगित करते हुए वास्तविक कवरेज को और भी विनियमित कर सकते हैं जिसके आगे उन्हें नहीं बढ़ना चाहिए।

मतगणना कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े व्यक्तियों के अतिरिक्त केवल ऐसे व्यक्ति ही मतगणना केन्द्रों में प्रवेश कर सकते हैं, जो निर्वाचन आयोग द्वारा विशिष्ट रूप से प्राधिकृत किए गए हैं।

मतगणना परिसर भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रणाधीन होते हैं। किसी मीडियाकर्मी को मतगणना के किसी ऐसे केंद्र में प्रवेश केवल आयोग द्वारा जारी किए गए वैध प्रवेश पत्र के आधार पर दिया जाएगा और किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रवेश पत्र के आधार पर नहीं। संसदीय/विधान सभा कार्यवाहियों आदि को कवर करने के लिए किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा किसी मीडियाकर्मी को जारी किए गए पत्र उन्हें निर्वाचन के दौरान मतगणना केंद्र में प्रवेश करने का हकदार नहीं बनाते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए वैध प्रवेश पत्र धारक मीडियाकर्मियों को मतगणना परिसरों के भीतर एक पृथक कक्ष, मीडिया सेंटर या मीडिया कक्ष में बैठने की अनुमति दी जाएगी और उन्हें वास्तविक मतगणना हॉल में बैठने की अनुमति नहीं रहेगी।

मीडियाकर्मियों को स्थैतिक कैमरा (स्टिल कैमरा या वीडियो कैमरा) मतगणना हॉल के अंदर नहीं ले जाने दिया जाएगा। इसलिए मतगणना हॉल के अंदर कोई कैमरा स्टैण्ड ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। हाथ में या कंधे पर लिए कैमरे मतगणना प्रक्रिया की श्रव्य-दृश्य कवरेज करते समय किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत मतपत्र में रिकार्ड किए गए मतों या ईवीएम में मतदान किए गए वास्तविक मतों को गलती से भी श्रव्य-दृश्य कवरेज द्वारा चित्रित या कवर नहीं किया जाना चाहिए। मतगणना परिसर में मोबाइल ले जाने की अनुमति रहेगी, लेकिन मतगणना हॉल में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

रिटर्निंग अधिकारी मतगणना के समय मतगणना हॉल के बाहर लगे साउंड-बॉक्स से जन-संबोधन प्रणाली के माध्यम से राउन्ड-वार परिणामों की घोषणा करेंगे। मतगणना के प्रत्येक राउन्ड के समापन के बाद भी उद्घोषणा की जाएगी। इन घोषणाओं से संगठित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सही समय में मतगणना के रुझान और परिणाम से संबंधित सूचना मीडिया कर्मियों को मिलेगी।

# गौण खनिजों के खनन पर एनजीटी ने लगाई रोक

**रायपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में गौण खनिज खदानों को लेकर ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) भोपाल एक बड़ा आदेश आया है। एनजीटी ने राज ?य में संचालित गौण खनिजों के खनन पर तत ?काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। एनजीटी की भोपाल बेंच ने रोक का आदेश जारी करते हुए पूरे मामले पर राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब किया है।

जानकारी के अनुसार एनजीटी की सेंट्रल जोनल बेंच ने यह आदेश 6 नवंबर को जारी किया है। इसमें कहा गया है कि गौण खनिज (रेत, बरजी और गिट्टी आदि गौण खनजि में आते हैं) के खदानों से खनन के लिए जिला-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (डीईआईएए) की तरफ से जारी सभी पर्यावरणीय स्वीकृति की राज्य-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (एसईआईएए) के द्वारा पुर्नमूल्यांकन (री-अप्राईजल) जरुरी है। केवल डीईआईएए की स्वीकृति के आधार पर खनन नहीं किया जा सकता। डीईआईएए के बाद एसईआईएए की तरफ से नई पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की जाएगी। एसईआईएए की मंजूरी के बाद ही खदानों के संचालन की अनुमति होगी।



■ एसईआईएए की मंजूरी के बाद ही खदानों के संचालन की अनुमति होगी

एनजीटी के इस आदेश के आधार पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की तरफ से प्रदेश के अपने सातों क्षेत्रीय कार्यालयों रायपुर, दुर्ग- भिलाई, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर और अंबिकापुर को पत्र जारी किया है। इसमें क्षेत्रीय अधिकारियों को केवल डीईआईएए की स्वीकृति के आधार पर चल रही खदानों को तुंरत बंद करने का निर्देश दिया है। क्षेत्रीय अधिकारियों को 30 नवंबर को जारी इस पत्र में 3 दिन के भीतर यह भी जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं कि उनके क्षेत्राधिकार में कितनी खदानों को एसईआईएए की तरफ से नई पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई है। प्रदेश के ज्यादातर गौंण खनजि खदान केवल डीईआईएए की स्वीकृति के आधार पर चल रहे हैं। अधिकांश के पास एसईआईएए का स्वीकृति आदेश नहीं है।

**पत्र पर गरमाई सियासत**

# सीएम बघेल के पत्र लिखने पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने ली चुटकी

**रायपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने ऑनलाइन सट्टा के अवैध कारोबार से जुड़े प्लेटफॉर्म, वेब, एपीके, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, यू।आर।एल। इत्यादि पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की है। सीएम बघेल के पीएम मोदी को पत्र लिखने जाने पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पूरे पांच साल निकल गए, कल कांग्रेस पार्टी की सत्ता से विदाई हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने केवल पत्र लिखने के अलावा किया क्या है, कितने पत्र अब तक लिख चुके है।



■ कहा- पूरे पांच साल निकल गए, मुख्यमंत्री ने केवल पत्र लिखने के अलावा किया क्या है

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पूरे पांच साल निकल गए। कल कांग्रेस पार्टी की सत्ता से विदाई हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने केवल पत्र लिखने के किया क्या है, कितने पत्र अब तक लिख चुके है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का कीर्तिमान बनाया है। छत्तीसगढ़ के प्रति कोई विजन नहीं रखा, बिना विजन के सरकार चली। कांग्रेस की नीति और नियत खराब रही। कांग्रेस हाईकमान कैसे खुश रहे पूरा पांच साल इसी में निकल दिया। भ्रष्टाचार का पैसा है, मोटोरा बांध-बांध कर उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को भेज दिया।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को बंगाल बना दिया है। केवल पत्र लिखने के अलावा कुछ नहीं किया। मतगणना के बाद सर्टिफिकेट लेकर रायपुर पहुंचे वाले चर्चाओं पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कल की परिस्थितियों के ऊपर निर्भर है। प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी आज रायपुर आएंगे संभावित है। इसके बाद दिशा निर्देश जारी करेंगे।

# कांग्रेस डरी-सहमी है, उनको पता है, भाजपा की बनेगी सरकार : धरमलाल कौशिक

**रायपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के चुनावी नतीजे को लेकर भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का बयान सामने आया है। धरमलाल कौशिक ने कहा, कांग्रेस डरी-सहमी हुई है। मुझे तो लगता है, कांग्रेस हताशा में है। एग्जिट पोल के बारे में उनको मालूम है, सत्यता क्या है। स्पष्ट बहुमत के साथ बीजेपी की सरकार बन रही है।



कांग्रेस के विधायकों को कर्नाटक शिफ्ट करने को लेकर धर्मलाल कौशिक ने कहा, कल जब परिणाम आएंगे तो मुझे लगता है ना उनको कर्नाटक शिफ्ट करने की आवश्यकता पड़ेगी और ना उनको कही जाने की आवश्यकता पड़ेगी। कांग्रेस को अपने ऊपर कॉन्फिडेंस नहीं है कि, सरकार आ रही है। इसलिए यह जो ख्याली पुलाव पका रहे हैं, वह वहीं रह जाएंगे। एग्जिट पोल और परिणाम दोनों में अंतर है। अंदर सोर्सेस से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाएगी और स्पष्ट बहुमत के साथ जीतकर बीजेपी आ रही है। 12 विधायकों के दौरे को लेकर धरमलाल कौशिक ने कहा, विधायक को कोई कहीं नहीं ले जा सकते। जो 12 गए थे, उनका क्या हस्र हुआ है। वह किसी से छुपा हुआ नहीं है, सबकी जानकारी में है। बेटिंग एप बंद करने को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। इस मामले में धरमलाल कौशिक ने कहा, मुख्यमंत्री 5 साल यही काम किए हैं। मुझे लगता है कि, मुख्यमंत्री के नाते उनका आखिरी पत्र होगा, जो प्रधानमंत्री को लिखे हैं।उसके बाद शायद उनको अवसर नहीं मिलेगा पत्र लिखने का।

## 'अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा'

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ। रमन सिंह ने मतगणना से एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों 'अंधेरा छँटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा' के जरिए अपनी भावनाएं सोशल मीडिया में व्यक्त की हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ। रमन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों को उद्धत करते हुए कहा कि 'कल पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की बयार बहने वाली है, कल सूरज की पहली किरण के साथ ही छत्तीसगढ़ में भाजपा का कमल खिलने लगेगा।

आप सभी तैयारी कर लीजिए, क्योंकि अब अन्याय का अंत बस कुछ ही घंटों की दूरी पर है।'

# छत्तीसगढ़ में खिलेगा कमल, पूर्ण बहुमत से बन रही भाजपा सरकार : अरूण साव

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का दावा किया है। अरुण साव ने कहा, जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है। भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलेगा। साव ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, सरकार ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। एग्जिट पोल पर साव ने कहा, हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा पेश की है। पूर्ण बहुमत मिलेगा, हमें अपने कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है। कल छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा।



अरुण साव ने कहा, हमारी सरकार आई तो क्राइम करप्शन, कानून व्यवस्था पर खलल डालने वाले को नहीं छोड़ेंगे। कानून का बुलडोजर जरूर चलेगा। कल का दिन ऐतिहासिक होने वाला है। कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। जनता को कुशासन से छुटकारा मिले वो घड़ी आने वाली है। कल की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने वाला है। भाजपा की सरकार बनने वाली है। छत्तीसगढ़ आगे बढ़ेगा। सीएम ने पीएम को चिट्ठी लिखी है। इस पर अरुण साव ने कहा, मुख्यमंत्री 5 साल से केवल चिट्ठी लिख रहे हैं, जो वादा किया वादा निभाया नहीं। छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का काम किया। अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सरकार ने नहीं किया। अब छत्तीसगढ़ की जनता ने फैसला कर लिया है। भाजपा की सरकार बनने जा रही है। ऑपरेशन लोटस को लेकर साव ने कहा, कांग्रेस डरी हुई है, घबराई हुई है। 5 साल जनता को लूटा है, इसलिए डरे हुए हैं। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं। कल छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने जा रही है, हमें अपने कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा हैं।

# सत्ता में कांग्रेस की होगी वापसी : सैलजा

## जनता ने हम पर भरोसा किया

**रायपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने में बस चंद घंटे ही बाकी है। ऐसे में रिजल्ट को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा का बयान सामने आया है।उन्होंने कहा, 5 साल काम किया।

.लोगों ने हम पर भरोसा किया। हमें पूरा विश्वास और भरोसा है कि, फिर से हमारी सरकार बनेगी। इतना ही नहीं भाजपा केऑपरेशन लोटस को लेकर कुमारी शैलजा ने कहा, ऑपरेशन लोटस वैसे भी चलाते हैं। जिस तरह से उनकी सरकार गई 5 साल पहले और अभी भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।



इनको छोड़ दीजिए. जिस प्रकार से अपनी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हैं चाहे मीडिया के लोगों पर हो, इंडिपेंडेंस थिंकिंग के ऊपर हो, सरकारों के ऊपर हो। जिसे केंद्रीय एजेंसी बदनाम करती हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ के लोग सब समझते हैं।

एग्जिट पोल को लेकर सैलजा ने कहा कि, एग्जिट पोल आते-जाते हैं. इस बार बहुमत बढ़िया है. बढ़िया बहुमत से हमारी सरकार जरूर बनेगी।हमने 5 साल काम किया और लोगों का भरोसा जीता। लोगों के बीच में रहे और उनकी इच्छा को हमने समझा, हर वर्ग को हमने समझा। मजदूर किसान, महिला युवा, हर एक वर्ग की हमने ज़रूरतें समझा है। राजीव भवन में हुई बैठक को लेकर कहा, कल औपचारिक बैठक हुई है। आपस में बैठकर हंसी मजाक भी होता है और राजनीतिक चर्चा भी होती है। उल्टे सीधे काम भाजपा करती है।हम बढ़िया ढंग से जीतेंगे। सभी लोग एक मुश्त होकर अपनी सरकार बनाएंगे।

# राज्य में कांग्रेस की फिर मजबूत सरकार बनेगी : शुक्ला

**रायपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। आज चुनावों के नतीजों से भूपेश सरकार के पांच साल के कामों पर फिर से जनादेश आयेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 3 दिसंबर का सूरज जैसे-जैसे बढ़ेगा छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की फिर मजबूत सरकार बनने का मार्ग फिर से प्रशस्त होगा।

कांग्रेस को जनता को भरपूर आर्शिवाद मिलेगा। राज्य में दो तिहाई बहुमत के साथ कांग्रेस कि सरकार बन रही है। प्रदेश कि जनता ने भाजपा के तमाम षड्यंत्रो के खिलाफ मतदान किया। महतारी वंदन के नाम पर माताओ को गुमराह करने का भाजपा षड्यंत्र भी जनता ने नकार दिया। जनता ने भूपेश बघेल के काम और चेहरे को देख मतदान किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पिछले पांच सालो में कांग्रेस कि सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया जिससे राज्य के लोगों के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन आया।



श्री शुक्ला ने कहा कि राज्य मे भाजपा मुद्दाविहीन थी, चुनाव के दौरान भी भाजपा का मुद्दे का दीवालियापन साफ झलक रहा था, भाजपा झूठे आरोपों और षड्यंत्रो के आधार पर जनता के बीच गयी थी। महादेव एप के नाम पर मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का भाजपा षड्यंत्र भी जनता के सामने बेनकाब हो गया। भाजपा पूरे चुनाव में नेतृत्व और मुद्दे के संकट से जूझ रही थी। जनता ने भाजपा के घोषणा पत्र के वायदो को भी झूठ का पुलिंदा माना उस पर भरोसा नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के पास भूपेश सरकार के काम और घोषणा पत्र के वायदे थे कांग्रेस की सरकार ने अपने पिछले घोषणा पत्र के वायदो को पूरा किया था इसलिए जनता ने कांग्रेस के इस बार के वायदो पर भरोसा कर मतदान कर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना सुनिश्चित किया है।

CMYK

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यार्थी जीवन में अहम भूमिका निभाते है : सुशील शुक्ला



**रायपुर,** 2 दिसंबर। पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में दिनांक 1 एवं 2 दिसंबर 2023 को इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग चयन स्पर्धाओं का आयोजन शारिरिक कीड़ा विभाग द्वारा किया जा रहा है। शारिरिक कीड़ा विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश जंघेल ने बताया सर्वप्रथम वेट लिफ्टिंग स्पर्धा का आयोजन 01 दिसंबर को सीनियर पुरूष एवं सीनियर महिला कैटेगरी में हुआ। पुरूष कैटेगरी में 55, 61, 67, 73, 81, 89, 96, 102, 109 एवं +109 किलो एवं महिला कैटेगरी में 45, 49, 55, 59, 64, 71, 76, 81, 87 एवं +87 किलो में स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। स्पर्धाओं के निर्णायक मंडल में प्रमुख रूप से नदू जंघेल (छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ के कोषाध्यक्ष), रूस्तम सारंग (छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय निर्णायक), अजयदीप सारंग (अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय निर्णायक), ललित साहू, अशोक कुमार साहू, चन्द्रशेखर साहू एवं घनश्याम जंघेल उपस्थित रहे। बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा के निर्णायकों में संजय शर्मा, मानिक ताम्रकर एवं मेघेश तिवारी उपस्थित रहे। स्पर्धाओं के नतीजे इस प्रकार रहे:वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता -पुरुष कैटेगरी-रायपुर प्रथम स्थान पर हर्ष राज (55 केजी), विजय माहेश्वरी (61केजी), तोमन भारती (67 केजी), राहुल जांगडे (73केजी). अक्षय कुमार (81केजी), भावेश सारंग (89केजी), झामेन्द्र पाल (96 केजी), फालगुन जंघेल (102केजी), योगानंद खरे (109केजी), रोहित कुमार झा (+109केजी) रहे। ? द्वितीय स्थान पर मोहित नामदेव (55 केजी), पंकज शुक्ला (61केजी), रविन्द्र मंडले (67 केजी), देवेन्द्र शर्मा (73केजी) रहे। > तृतीय स्थान पर देव कुमार (61केजी), कौशल कुमार (67केजी) रहे।महिला कैटेगरी-स्थान पर ओजल (45केजी), चरनजीत कौर (49केजी), किरण बघेल (55केजी), दिव्या सिंघा (59केजी), खेमीन पटेल (64 केजी), अदिती राय (71केजी), अंशीका घावरे (76केजी), संजना कुमारी (81केजी) रहे। द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी (49केजी), दिपेशवरी यादव (55 केजी), अश्वनी (59 केजी). फालगुनी साहू (71केजी), नीलम सारथी (76 केजी) रहे। तृतीय स्थान पर निशा सिक्का (76केजी) रहे। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के परिणाम प्रथम - भीमेन्द्र यादव 65 केजी (पॅलोटी कॉलेज) द्वितीय - अयुष वर्मा 70 केजी (दुर्गा कॉलेज) तृतीय - देवेश पाटिल 75 केजी (प्रगती कॉलेज) इन विजेताओं का चयन 15-19 दिसंबर 2023 को जालंधर में आयोजित होने वाली पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ईस्ट जोन स्पर्धाओं के लिए किया गया हैं। महाविद्यालय के चेयरमेन सुशील शुक्ला ने समस्त अतिथियों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इन स्पर्धाओं के आयोजन से साबित होता है कि महाविद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद भी विद्यार्थी जीवन में अहम भूमिका निभाते है। प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना का सम्मान करते हुए अपने बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से विजय हासिल करना चाहिए।

## बासीन सोसाइटी में हुई 11876 धान क्विंटल जाम

**गुरूर,** 2 दिसंबर। गुरुर ब्लॉक के ग्राम बासीन सोसाइटी में 11876 क्विंटल धान जाम की स्थिति है। अब तक यहां 16156 चिंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें से मात्र 4280 चिंटल धान का परिवहन मिलर के माध्यम से हुआ है। संग्रहण केंद्रों में अभी धान का उठाव नहीं हुआ है। सोसाइटी से मिली जानकारी के मुताबिक 30 नवंबर की स्थिति में खरीदे गए धान की कुल राशि तीन अरब 55 करोड़ 67 लाख 558 रुपए है। वही बारदानों की स्थिति देखें तो शासन की ओर से 64667 बारदाने प्राप्त हुए थे। जिसमें से वर्तमान में 24275 बारदाने उपलब्ध हैं। सोसाइटी प्रबंधन ने जल्द से जल्द परिवहन की मांग की है। ताकि अनवरत खरीदी जारी रहे।



# गुजरात के डांग में डायन प्रताड़ना के 145 मामले

## जादू टोने का अस्तित्व नहीं, कोई नारी डायन नहीं: डॉ. मिश्र



**रायपुर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ.दिनेश मिश्र ने कहा गुजरात के डांग जिले से पिछले 10 वर्षों में 145 महिलाओं को जादू टोना करने,डायन के शक में प्रताड़ित करने की जानकारी सामने आई है 21वी सदी में प्रकार की घटनाएं अत्यंत शर्मनाक हैं। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा जानकारी मिली है कि डायन के संदेह में प्रताडित महिलाओं की उम्र 30से , 70वर्ष की है , इनमे से 60प्रतिशत महिलाएं विधवा हैं. सामाजिक प्रताडना के कारण हत्या, आत्महत्या, बहिष्कार का सामना करना पड़ा .उन बेबस महिलाओं को उनके परिजनों परिजनो से भी सहयोग नहीं मिला बल्कि उन्हें उपेक्षा व तिरस्कार सहना पड़ा. इनमें से कुछ महिलाओं ने पुलिस में शिकायत भी की है. जादू टोने से बीमार करने, दुर्भाग्य, अपशकुन जैसे गैर तार्किक बातों को आधार बना कर प्रताड़ित ये महिलाएं बिना किसी दोष के कलंक झेलने को मजबूर हैं.अंधविश्वास के कारण ऐसी घटनाएं अक्सर देश भर से सामने आती हैं. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा यह 145मामले तो सिर्फ सिर्फ सूरत डांग के ही हैं.यदि पूरे गुजरात राज्य की घटनाओं की जानकारी ली जाएगी तो ऐसे मामलों की संख्या हजारों में निकलेगी .इस मामले पर आर टी आई लगा कर पूरे प्रदेष के मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है और जनजागरण अभियान चलाया जायेगा डॉ दिनेश मिश्र ने कहा गुजरात सरकार को डायन प्रताड़ना के विरोध में एक सक्षम कानून बनाना चाहिए. ताकि मामलों की वास्तविक जानकारी भी हो , दोषियों को सजा मिले तथा प्रताड़ितों को न्याय भी मिल सके।

# अंततोगत्वा जीत हार और सरकार बनाने में आप पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी : विजय झा

**रायपुर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा चुनाव 2023 के पहले विगत 1 वर्ष से आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान, जनसंपर्क अभियान, बदलाव यात्रा तथा केजरीवाल की गारंटी और लाखों की संख्या में सदस्यता अभियान में सक्रिय रहा है। साथ ही वार्ड, ब्लॉक स्तर से लेकर जिला व प्रदेश स्तर पर नवीन संगठन का निर्माण भी किया गया। इसका परिणाम है कि अब दो राज्य दिल्ली और पंजाब में सरकार के बाद गुजरात की भांति छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी तीसरे मोर्चे के रूप में प्रकट हो गई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा ने कहा है कि आज 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के परिणाम पूरे प्रदेश में जनमत को अभिव्यक्त करेंगे। आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में जीतने योग्य 55 उम्मीदवारों को विधानसभा में चुनाव मैदान में उतारा था। इन 55 विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के दिग्गज नेताओं के जीत हार का फैसला तथा सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका आम आदमी पार्टी की होगी। ज्ञातव्य है कि गत वर्ष अनेक विधानसभा के मतदान का अंतर मात्र डेढ़ 2 हजार से भी कम था। ऐसी स्थिति में आम आदमी पार्टी को मिलने वाले वोट निश्चित रूप से भाजपा कांग्रेस से नाराज मतदाताओं के वोट होंगे। साथ ही श्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय संयोजक के लोकतंत्र की रक्षा के महायज्ञ में कुछ आहुति जरूर प्राप्त होंगे। जिस हिसाब से दिल्ली में एमसीडी चुनाव में निर्वाचित लोगों के ऊपर मारपीट दबाव, महाराष्ट्र में सरकार बदलने, मध्य प्रदेश में खरीद फरोख्त कर सरकार गिराना, इन सबके विरुद्ध छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को प्राप्त मत लोकतंत्र संविधान एवं न्यायपालिका के रक्षा का संदेश देगा।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा केप्स शाखा का शुभारंभ

**रायपुर,** 2 दिसंबर। देश के अग्रणी बैंकों में से एक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपनी केप्स संग्रहण और भुगतान सेवा शाखा का शुभारंभ रायपुर मोदहापारा स्थित कार्यालय में किया गया। उल्लेखनीय है कि छ.ग. में यूनियन बैंक की यह प्रथम केप्स शाखा है। इस शाखा के अंतर्गत छ.ग. एवं उड़ीसा दोनों राज्य क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। इस शाखा द्वारा दी जाने वाली संग्रहण सेवाओं में अपकंट्री चेक कलेक्शन (यूएनआई कलेक्ट प्लस), स्थानीय चेक/ नकद संग्रहण सेवा (यूएनआई कलेक्ट), वर्चुअल अकाउंट मोड - एनईएफटी/ आरटीजीएस/ आईएमपीएस (यूएनआई ई कलेक्ट), मैंडेट आधारित कलेक्शन डायरेक्ट डेबिट (यूएनआई डायरेक्ट डेबिट), शासनादेश आधारित संग्रहण ,प्रायोजक बैंक के रूप में ई- जनादेश (यूएनआई एमएमएस), स्वीप सुविधा एबीबी (यूएनआई स्वीप) एवं एकीकृत शुल्क संग्रहण सेवाएँ केप्स (यूनिफ़ी शुल्क संग्रहण) शामिल हैं। इसी प्रकार भुगतान सेवाओं में थोक भुगतान हस्तांतरण/ एनईएफटी/ आरटीजीएस/ आईएमपीएस (यूएनआई क्रेडिट) संवाददाता बैंक और थोक डीडी आहरण व्यवस्था (यूएनआई डीडी), थोक चेक लेखन सेवाएँ (यूएनआई चेक) एवं थोक भुगतान एनएसीएच सेवाएँ शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में ग्राहकों एवं संस्थाओं को दी जाने वाली सेवाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये इस शाखा को आरंभ किया गया है। इस अवसर पर यूनियन बैंक के केंद्रीय कार्यालय के ख्रुह्द्द्र ष्टशह्म्श्चशह्ड्डह्लद्ग के मुख्य महाप्रबंधक श्री पी. के. सेमल, मप्र एवं छ.ग. के अंचल प्रमुख एवं क्षेत्र महाप्रबंधक बी. पी. दास, रायपुर क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख अनुज कुमार सिंह, उपक्षेत्र प्रमुख सौरभ चफेकर एवं पुष्कर कुमार सिन्हा तथा शाखा प्रमुख कमल जोशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग रायपुर के द्वारा मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**रायपुर,** 2 दिसंबर। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, रायपुर ने 01 दिसंबर 2023 को एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष के विश्व एड्स दिवस का विषय च्समुदायों को नेतृत्व करने देंज्ज था। कार्यक्रम का उद्घाटन एक रैली के साथ किया गया जिसमें छात्रों ने च्आओ एक साथ हाथ मिलाएं, एड्स मुक्त विश्व के लिए प्रतिज्ञा लेंज्ज जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर श्री. हर्ष गौतम ने छात्रों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि लोगों को एचआईवी के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जो अभी भी एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है और दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है।

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने कहा कि यह दिन सभी के लिए एक अनुस्मारक है कि एचआईवी अभी भी मौजूद है और हमें इस बीमारी को खत्म करने के लिए मिलकर लड़ने की जरूरत है। यह प्रत्येक समुदाय के लिए एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी से पीड़ित लोगों के प्रति समर्थन दिखाने का एक अवसर है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ शर्मा ने भी एचआईवी/एड्स के खतरों और स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभाव पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन सभी छात्रों द्वारा एड्स मुक्त विश्व की शपथ के साथ हुआ।

# साथी परियोजना की रणनीति तैयार करने चेम्बर में हुई राज्य स्तरीय बैठक

**रायपुर**, 2 दिसंबर। राज्य स्तरीय च्साथी परियोजनाज्ज का क्रियान्वयन प्रारंभ करने के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण वर्चुवल बैठक आहुत की गयी। बैठक में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी एवं चैम्बर के समस्त जिलों के प्रमुख पदाधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, नाफेड, राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड के अधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि देश के कृषकों की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से च्साथी परियोजनाज्ज संपूर्ण छत्तीसगढ़ में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से प्रारम्भ की गई है। राज्य के प्रत्येक जिले मे तीन से पॉंच एकड़ भूमि में साथी बाजार स्थापित किए जाएँगे। साथी बाजार के संचालन हेतु 13 जिलों में भूमि चिन्हांकन का कार्य किया जा चुका है। साथी बाजार संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी का गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जाएगा। प्रत्येक साथी बाजार मे मॉडर्न रिटेल आउटलेट, फूड कोर्ट, एंटरटेनमेन जोन, एग्री मॉल, कृषि सहायता केन्द्र, माइक्रो फाइनेंस, इंन्श्योरेंस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, दराज बाजार, ब्यूटीपार्लर, टेली मेडिसिन सेंटर, जेनरिक मेडिसिन सेंटर, संजीवनी केन्द्र, डेयरी फेडरेशन, प्याज संग्रहण यूनिट, कोल्ड स्टोरेज (5000 मीट्रिक टन), मिनी थियेटर एवं स्थानीय उद्यम तथा अन्य उद्यम छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे खोले जाएँगे। परियोजना अंतर्गत सभी व्यवसाय प्रारम्भ करने हेतु राज्य के उद्यमियों, स्टार्टअप, स्वसहायता समूह एवं व्यवसायियो को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सभी संभागो मे छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसकी तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी।

## जल्द ही प्रत्येक जिले से सदस्य नामित कर सूची कृषि विवी को सौंपेगा : अमर

श्री परवानी ने आगे बताया कि चेंबर द्वारा जिले के समस्त पदाधिकारियों को उस जिले में स्थापित होने वाले साथी बाजार में व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए जिले में उत्पादित होने वाले प्रमुख उत्पादों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर आवेदन कराने हेतु आग्रह किया। च्साथी परियोजनाज्ज के तहत स्थापित किये जाने वाले साथी बाजार विभिन्न तरह के व्यवसाय करने वाले उद्यमियों, व्यवसायियों, स्टार्टअप आदि के लिए स्वर्णिम अवसर है।

जिले में योजना से जुड़ी 10,000 महिलाऐं, उद्यमियों से आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर न केवल स्व-रोजगार प्राप्त करेंगी बल्कि उनके माध्यम से उद्यमी भी अपने व्यवसाय को शिखर पर ले जा सकेंगे । बैठक मे यह भी निर्णय लिया गया कि योजना के संचालन के लिए प्रत्येक जिले से एक सदस्य नामित कर सूची, संचालक अनुसंधान सेवाएं, इंदिरा गॉंधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को उपलब्ध कराएगा।

# कलम का लंगर लगाया मुस्लिम समाज ने



**रायपुर,** 2 दिसंबर। एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को ज़रूर पढ़ाओ ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की मुहिम, शिक्षा के महत्व को समझते हुए ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने एक नई मुहिम शुरू की है, इस मुहिम के जरिए वो वालदैन (अभिभावकों) से ये गुजारिश कर रहे हैं की भले ही 1 रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को ज़रूर पढ़ाओ। इसी मुहिम के तहत फाउंडेशन द्वारा प्रदेश के विभिन्न मस्जिदों के बाहर जुमा की नमाज़ के बाद च्च *कलम का लंगरज्ज लगा रहे हैं, इस लंगर में बच्चों को और युवाओं को भी कलम एवम किताब का तोहफा दिया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा पाने हेतु ज़रूरत की अहम चीजों की वजह से शिक्षा से दूर न रह जाए। आज ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा रायपुर की 2 बड़ी मस्जिद मोवा मस्जिद तथा संजय नगर मस्जिद के बाहर ये कलम का लंगर लगाया है। फाउंडेशन के रायपुर संभाग अध्यक्ष जनाब शाज़ी रशिद साहब ने बताया की इल्म हासिल करना बोहोत ज़रूरी है, हमारे प्यारे आका हजरत मोहम्मद साहब ने कहा है यदि इल्म हासिल करने चीन भी जाना पड़े तो जाओ, यानी इल्म शिक्षा हासिल करने आपको अगर आपके शहर से दूर भी क्यों न जाना पड़े जाओ और इल्म शिक्षा हासिल करो। हमने आज रायपुर में ये कलम का लंगर लगाया है आने वाले जुमा छत्तीसगढ़ की सभी मस्जिदों में भी इसी तरह का लंगर हमारे द्वारा लगाया जाएगा, और सभी के अंदर शिक्षा हासिल करने का जज़्बा भरा जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट के चलते खड़ी फसल में लगी आग

**खरोरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। बीते दिनों पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 10 नेवरा निवासी तुलाराम कश्यप पिता स्व. नंदलाल कश्यप के मुक्तिधाम स्थित खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण पक कर तैयार खड़ा धान में आग लगा गया था जिसमें आधा से ज्यादा खड़ी धान जल कर खाक हो गया। सही समय पर घटना की जानकारी होने पर भूमि स्वामी द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया तब तक फसल आधा जल चुका था। आसपास के खेतों में भी धान खड़ी हुई है यदि आग पर काबू नहीं पाया होता तो कई एकड़ भूमि में लगी धान जलकर खाक हो जाता है इस घटना के चलते भूमि स्वामी सदमे में है इस खेत में पहले भी 1 साल पहले इस खेत में आग लग चुका है या शंका है कि वह साथ सर्किट के चलते आग लगी है खेत के बीचो-बीच बिजली तार कनेक्शन लगा हुआ है आग लगने की घटना 2 साल में दूसरी बार है आग लगा है और नुकसान हुआ है ।

# लंबे समय से फरार लूट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




**सिमगा,** 2 दिसंबर। हथबंद थाना प्रभारी अजय झा से मिली जानकारी के अनुसार गत 17 मार्च को प्रार्थी तातेश धृतलहरे साकिन नवागांव टेकारी थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर हाल मुकाम हथनी पारा भाटापारा शहर ने पुलिस सहायता केन्द्र हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने निजी काम से पेण्ड्री, भिलौनी गया था। वापस भाटापारा आते समय ग्राम धोधा से कुकराचुंदा के मध्य मैदान के आगे दो मोटर सायकल सवार 6 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर डरा धमकाकर उसके बैग मे रखे 2000/रू एवं दो नग मोबाईल कीमती 20,000/-रूपये को लूटकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध दर्ज कर धारा 392, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपीयों जिनमें नवीन पाठक पिता श्रवण पाठक उम्र 22 साल,राहूल जांगडे पिता दिनेश जांगड़े उम्र 22 साल, राजेश वर्मा पिता शिवकुमार उम्र 22 साल, नीरज यादव पिता रूपराम उम्र 18 साल सभी साकिनान ग्राम बोईरझिटी थाना नेवरा तिल्दा जिला रायपुर को ग्राम बोईरझिटी, हिरमी, जामुल एवं रायपुर से हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ किया गया। तथा न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# निर्दलीय प्रत्याशी ने छग विधानसभा चुनाव रद्द करने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। निर्दलीय प्रत्याशी ने छग हाई कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा चुनाव रद्द करने की मांग की है। प्रत्याशी ने याचिका में कहा है कि आचार संहिता के बाद मतदाताओं को लुभाने के लिए की गई घोषणाएं नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की है।

रायगढ़ के निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम शर्मा ने दायर याचिका में बताया कि चुनाव आयोग ने जिस दिन विधानसभा चुनाव 2023 की अधिसूचना जारी की, उसी दिन से आदर्श आचार संहिता लागू है। इसके बाद कांग्रेस-भाजपा दोनों प्रमुख दलों ने किसानों को कर्ज माफी, बेरोजगारों को रोजगार देने, महिलाओं को नगद राशि और मुफ्त गैस सिलेंडर देने की घोषणा कर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया है। यह चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है।

मालुम हो कि आचार संहिता लागू होने के बाद मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस तरह की घोषणाएं नहीं की जा सकती। याचिका में कहा गया है कि केंद्रीय और राज्य चुनाव आयोग के संरक्षण में मतदाताओं को प्रलोभन देने का खुला खेल चला है, इसके लिए चुनाव आयुक्त को पद से हटाकर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्जकिये जाने की मांग की है, उन्होंने कहा है कि कांग्रेस और भाजपा की राजनीतिक दल की मान्यता रद्द की जाए। याचिका पर सुनवाई के संबंध में अभी कोई निर्णय कोर्ट ने नहीं लिया है।



## चुनाव आयुक्त पर केस दर्ज की भी मांग

**कांग्रेस-बीजेपी ने किया उल्लंघन**

छत्तीसगढ़ में औद्योगिकीकरण सहित जनहित के मामलों को लेकर आंदोलन करते रहे सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शर्मा ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की है. इसमें उन्होंने बताया कि वे रायगढ़ से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें बेबी वॉकर चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया था. उन्होंने याचिका में बताया है कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने जिस दिन अधिसूचना जारी की, उसी दिन से राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई. इसके बाद भी कांग्रेस और भाजपा जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने आचार संहिता लागू होने के बाद मतदाताओं को लुभाने के लिए कर्जमाफी, बेरोजगारों को रोजगार देने, महिला स्वसहायता समूह की कर्ज माफी, महिलाओं को मुफ्त में गैस सिलेंडर, आर्थिक प्रलोभन जैसे कई घोषणाएं की है, जो चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

**आचार संहिता दूषित हुई**

राधेश्याम शर्मा ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय और राज्य चुनाव आयोग के संरक्षण में दोनों राजनीतिक दलों ने लोक लुभावन घोषणा पत्र जारी किया है. इससे स्वस्थ्य लोकतंत्र की स्थापना संभव नहीं है. आचार संहिता के बीच राजनीतिक दलों ने जिस तरह से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए प्रलोभन देकर घोषणाएं की है और आर्थिक लाभ देने का झांसा दिया है. इससे आचार संहिता पूरी तरह दूषित हो गई है।

## निधन

### रामवती साहू



**खरोरा,** 2 दिसंबर। ग्राम केसला निवासी श्रीमती रामवती साहू का स्वर्गवास 1 दिसंबर हो गया है। उम्र लगभग 80 वर्ष की थी जिनका अंतिम संस्कार 1 दिसंबर शुक्रवार को केशला मुक्तिधाम में किया गया। वे जनकराम साहू , मुकेश कुमार साहू के माता थे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने भी शोक व्यक्त किया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भुनेश्वर लाल यादव

**रायपुर,** 2 दिसम्बर। धमतरी निवासी श्री भुनेश्वर लाल यादव 85 वर्ष का दुखद निधन हो गया। वे छत्तीसगढ़ यादव समाज के पातीय कोषाध्यक्ष थे। उनका अंतिम संस्कार धमतरी स्थित शांति श्मशानघाट में संपन्न हुआ।

# लाखों रुपए की धोखाधड़ी, नाकोड़ा इस्पात लिमिटेड कम्पनी का लैब इंचार्ज गिरफ्तार



**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। लैब रिपोर्ट में हेरीफेरी कर कंपनी के साथ धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी लैब इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी अजय कुमार दुबे ने थाना पंडरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह श्री नाकोड़ा इस्पात लिमिटेड नामक कम्पनी का संचालक है जहां कम्पनी एकीकृत स्टील संयंत्र का संचालन करते हुए निर्माण प्रक्रिया द्वारा नाकोड़ा टी एम टी एवं अन्य उत्पादों का विक्रय करती है। एकीकृत स्टील काम्प्लेक्स में विभिन्न तरह के माल मटेरियल का उपयोग किया जाता है एवं कम्पनी द्वारा समय.समय पर अलग.अलग ब्रोकरों के माध्यम से विक्रेताओं निर्माताओं से आवश्यकतानुसार खरीदा जाता है एवं तय शर्तों के अनुरूप भुगतान पार्टियों को बैंक द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है। कम्पनी की लैब में नियुक्त कर्मचारियों का यह सम्मिलित दायित्व है की वे विक्रेता पार्टियों द्वारा प्रदायित माल का प्रचलित प्रथा प्रक्रिया द्वारा सैम्पल निकाले एवं लेबोरेटरी में उसे निर्धारित प्रक्रिया द्वारा एनालिसिस जांच कर उस माल मटेरियल की सही रिपोर्ट कंपनी के विभिन्न विभागों को उपलब्ध करवाये। उक्त रिपोर्ट के आधार पर ही तय शर्तों के अनुरूप पार्टियों को भुगतान उपलब्ध करवाया जाता है तथा निर्माण प्रक्रिया में अन्य माल मटेरियल केमिकल उत्पादों का मिश्रण निर्धारित किया जाता है जिससे उत्तम चालिटी के आई.एस.आई माल का उत्पादन सुनिश्चित हो सके। लैब रिपोर्ट गलत होने पर तैयार माल की चालिटी खराब बनेगी या निर्माण प्रक्रिया में लागत बढ़ जाएगी तथा गलत रिपोर्ट से जन हानि और मशीनों को भी बहुत ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। महेंद्र कुमार निर्मलकर कम्पनी में दिनांक 11 मई 2015 से दिनांक 02 जनवरी 2023 तक एस.एम.एस लैबोरेटरी में लैब इन्चार्ज के पद पर कार्यरत था। महेन्द्र कुमार निर्मलकर एस.एम एस लेबोरेटरी के इंचार्ज ने मेसर्स सत्या पावर एण्ड इस्पताल लिमिटेड कार्यालय वी.आर प्लाजा प्रथम तल लिंक रोड बिलासपुर एवं मेसर्स प्राईम मेटल इंडस्ट्रीज कार्यालय जे.567 जनता कालोनी गुढियारी तथा अन्य विक्रेता संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर उनसे रूपये पैसा लेकर माल की लैब रिपोर्ट में हेरा फेरी करते हुए खराब अमानक माल को लैब रिपोर्ट मे अच्छा माल स्टैंडर्ड माल बताकर स्वयं सदोष लाभ प्राप्त कर विक्रेता संस्थाओं को भी अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाकर कम्पनी को सदोष हानि पहुंचायी है। मेसर्स सत्या पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड मेसर्स मेसर्स प्राइम मेटल इंडस्ट्रीज एवं अन्य विक्रेता पार्टियों ने महेंद्र कुमार निर्मलकर एवं सहयोगियों से आपराधिक साठ.गांठ कर उन्हें रिश्वत में लाखों रुपये का भुगतान कर लैब रिपोर्ट में हेरा फेरी करवाकर करोड़ो रूपये का सदोष लाभ अर्जित किया किया ह जिससे संस्थान को करोड़ो रुपये की हानि हुई है। महेन्द्र कुमार निर्मलकर एवं उसकी पत्नी उषा निर्मलकर के बैंक खाता में आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक अवैध रकम 33,61,871 रूपये प्राप्त करने की पुष्टि हुई है। महेन्द्र कुमार निर्मलकर ने श्री नाकोडा इस्पात लिमिटेड में कार्य के दौरान अन्य विक्रेता पार्टियों के साथ सांठ गांठ कर उनसे लाखों करोड़ों रूपये का सदोष लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लैब रिपोर्ट में हेरा फेरी करके लाखों रूपये का सदोष लाभ प्राप्त करते हुए कम्पनी को सदोष हानि पहुंचायी है। जिस पर आरोपी महेन्द्र कुमा निर्मलकर के विरूद्ध थाना पंडरी में धारा 420, 120बी भादविण् का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को थाना प्रभारी पंडरी को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया था। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी पंडरी के नेतृत्व में थाना पंडरी पुलिस की टीम द्वारा प्रकरण में लगातार अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रहीं थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी महेन्द्र कुमार निर्मलकर के रायपुर उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुईए जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी महेन्द्र कुमार निर्मलकर की पतासाजी कर गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना से संबंधित 02 नग मोबाईल फोन तथा 01 नग मोटर सायकल जप्त कर कार्यवाही किया गया। घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# विश्व एडस दिवस पर सेंट्रल जेल में बंदियों को किया गया जागरूक




**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व एचआईवी एड्स दिवस के अवसर पर रायपुर राजधानी के सेंट्रल जेल में बंदियों को एचआईवी एडस के जन जागरूकता के लिए वायआरजी केयर एवं अर्शिल शिक्षण व प्रशिक्षण वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल जेल के उप महानरीक्षक एस.एस तिग्गा छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण के सहायक संचालक हितेश महेश्वरी, वायआरजी केयर के पीपीएम रघुनाथ देवांगन, अभिषेक शर्मा प्रोग्राम एसोसीएट, जगदीश कोसरे, भुनेश्वर श्रीवास प्रोग्राम मैनेजर लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना, सागर गिरी गोस्वामी, राजू वैषणव उपस्थित रहे।

उप महानिरीक्षक तिग्गा ने बताया कि सभी को एचआईव्ही एडस के बारे में जानकारी होना चाहिए साथ ही इससे जानने से ही इससे बचा जा सकता है पूर्व में हुए सर्वे के अनुसार जेल में भी इस एचआईवी संक्रमण के बारे में बताया गया है जिसके लिए समस्त बंदियों को इसके बारे में बताना हमारा कार्य है ताकि यह भी सुरक्षित रहे। सहायक संचालक हितेश महेश्वरी ने बताया कि एचआईवी एडस से बचा जा सकता है हमे इसके बारे में जानकारी हो तो साथ ही सभी लोगों को इसके बारे में बताना चाहिए एचआईवी सिर्फचार कारणों से फैलता है इसे हम जान लेंगे तो इससे बचने के उपाय भी हमे पता चल जायेगा। सेंट्रल जेल रायपुर में 200 बंदियों को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही उन्हें सुरक्षित रहने की सलाह दी गई

# ईडी ने प्लेसमेंट कर्मी को 32 लाख के साथ पंडरी में पकड़ा




**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। कल नतीजों से पहले ईडी ने छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कार्रवाई की है। राजधानी के पडरी स्थित एक बैंक के सामने से ईडी ने 32 लाख रूपयों के साथ प्लेसमेन्ट कर्मचारी को पकड़ा है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान ईगल हन्टर प्लेसमेन्ट कर्मचारी ने बरामद रूपया सीएसएमसीएल उप महाप्रबन्धक का होना बताया है। इसके अलावा भी प्लेसमेन्ट कर्मचारी ने जांच एजेन्सी से कई जानकारियों को साझा किया है।

सूत्रों की माने तो जांच एजेन्सी की कार्रवाई के बाद फरार इस अधिकारी की पतासाजी की जा रही है। अधिकारी का मोबाइल भी बन्द है। बताते चलें कि ईगल हन्टर प्रदेश के सभी शराब दुकानों में कर्मचारियों का प्लेसमेन्ट करता है। ज यह फर्म जेल में न्यायिक हिरासत काट रहे आईटीएस अफसर एपी त्रिपाठी के परिजनों के नाम से संचालित है। साथ ही त्रिपाठी के परिजनों के नाम शराब की बोतलों में लगने वाले होलोग्राम बनाने वाली फर्म भी है। नवीन प्रताप तोमर एक्टिव सीएमडी सीएमसीएल एक्साइज ने ईगल हंटर नामक प्लेसमेंट कपनी से यह रकम मंगाए थे। ये अफसर 4.5 दिनो से ये मोबाइल बंद करके एबप्सकांड है। तोमर न्यायिक हिरासत काट रहे एपी त्रिपाठी की जगह पदस्थ किए गए थे। इस संबंध में आबकारी सचिव महादेव कावरे ने कहा कि उन्हें भी इसकी सूचना मिली है और वे पता कर रहे हैं

**एक अफसर गायब**

# छत्तीसगढ़ में किसकी बनेगी सरकार, फैसला आज

**मतगणना प्रेक्षकों की निगरानी में होगी वोटों की गिनती**

**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 की मतगणना तीन दिसंबर को होगा भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त मतगणना प्रेक्षकों की निगरानी में वोटों की गिनती होगी मतगणना प्रेक्षक मतगणना प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंग भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना प्रेक्षक नियुक्त कियाण् प्रत्येक राउंड की समाप्ति के बाद दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी रायपुर शहर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए डॉ लक्ष्मीशा, कोंडागांव के लिए बालाजी दिगंबर मंजुल, भटगांव के लिए डी थिप्पे नायक, राजनांदगांव के लिए मुदावंतु एमण् नायक, सीतापुर के लिए पी कोटेश्वर राव, जैजेपुर के लिए एस लवन्ना, कवर्धा के लिए रमीसेट्टी श्रीलता, बसना के लिए अजित नारायण हजारिका, डोंगरगढ़ के लिए दशरथ दास, प्रतापपुर के लिए एस्थर कथार, खुज्जी के लिए हरि नारायण पासवान, महासमुंद के लिए रविन्द्र नाथ प्रसाद सिंह, कोंटा के लिए संजीव कुमार, बेलतरा के लिए उदयन मिश्रा, पंडरिया के लिए अजय कुमार गुप्ता, भानुप्रतापपुर के लिए अशोक कुमार, लैलूंगा के लिए सी एन लोंगफाई आरंग के लिए तारिक अली कोटा के लिए न्याली एटे प्रेमनगर के लिए रंजीथ कुमार जे को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है वहीं अंबिकापुर के लिए रूपवंत सिंह, वैशालीनगर के लिए राजकृष्ण पृथी, कोरबा के लिए प्रियातु मंडल, चित्रकोट के लिए सुदेश कुमार मोख्ता, सामरी के लिए जयकृष्ण अभीर, भाटापारा के लिए सुमीत कुमार, कांकेर के लिए विवेक पदम सिंह, राजिम के लिए अंजु चौधरी, पत्थलगांव के लिए सुश्री निशु सिंघल, अकलतरा के लिए प्रिती, बिलाईगढ़ के लिए ज्ञानेन्द्र कुमार, धरमजयगढ़ के लिए कमलेश्वर प्रसाद सिंह, डोंगरगांव के लिए मुकेश कुमार, कुनकुरी के लिए राजीव रंजन, भरतपुर.सोनहत के लिए रवि रंजन मिश्रा, बिन्द्रानवागढ़ के लिए सुनील कुमार, सरायपाली के लिए जफर मलिक, संजारीबालोद के लिए केशवेन्द्र कुमार, सक्ती के लिए मोहम्मद वाय सफीरूल्ला के और लुण्ड्रा के लिए डॉ बी.सी सतीशा को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है इसी तरह रामपुर के लिए मंजुनाथ स्वामी जी एन, रायपुर शहर पश्चिम के लिए इजराइल वात्रे, बीजापुर के लिए बी जॉन, पाली.तानाखार के लिए ललतानपुई वांगछोंग, पामगढ़ के लिए डॉ किरण एच कुलकर्णी, कसडोल के लिए डॉ राजेन्द्र भरुद, बेमेतरा के लिए अभिषेक कृष्णा, भिलाई नगर के लिए दीपक कुमार मीणा, कुरूद के लिए दीपक रामचन्द्र टावरे, मुंगेली के लिए गंगाथरन डी नारायणपुर के लिए निरंजन कुमार सुधांश, बस्तर के लिए आर एच ठाकरे, रायपुर शहर ग्रामीण के लिए रविन्द्र लक्ष्मण, केशकाल के लिए एस डी मंधारे, खल्लारी के लिए विवेक एल भिमनवार, रायपुर शहर उत्तर के लिए विमला आर, लोरमी के लिए भबानी शंकर, अभनपुर के लिए बिष्णु प्रसाद मिश्रा, सिहावा के लिए मनीष अग्रवाल, धमतरी के लिए सिबो नारायण साहू, अहिवारा के लिए सुवेंदु कानूनगो और चंद्रपुर के लिए उमाकांत त्रिपाठी को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है इसी प्रकार डौंडीलोहारा के लिए सुश्री मंजुलता स्वाइनए जशपुर के लिए राजीव प्रशहरए रायगढ़ के लिए रूपांजलि कार्तिक, गुंडरदेही के लिए सैयद मुकर्रम शाह, तखतपुर के लिए मधु रघुवंशी, बलौदाबाजार के लिए डॉ एस अनीश शेखर, दुर्ग शहर के लिए आर ललवेना, धरसींवा के लिए एस अमृता जोथी, कटघोरा के लिए चंद्रकुमार जमातिया, साजा के लिए दिलीप कुमार चकमा, दुर्ग ग्रामीण के लिए मानिक लाल दास, बिल्हा के लिए संजय चक्रवर्ती, सारंगढ़ के लिए तापस रॉय, नवागढ़ के लिए अनिल कुमार अग्निहोत्री, दंतेवाड़ा के लिए अनुराग पटेल, बिलासपुर के लिए कुमार प्रशांतए मस्तूरी के लिए प्रेमप्रकाश उपाध्याय और पाटन के लिए नितिन सिंह भदौरिया को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है जगदलपुर के लिए डॉ सुब्रत गुप्ता बैकुंठपुर के लिए नारायण चन्द्र सरकार जांजगीर.चांपा के लिए सायबल चक्रवर्ती मरवाही के लिए शांतनु साहा खरसिया के लिए ससीम कुमार बरई, मोहला.मानपुर के लिए शकील अहमद, अंतागढ़ के लिए एच जे देसाई, मनेन्द्रगढ़ के लिए ललित मोहन रायल, खैरागढ़ के लिए नर्मदेश्वर लाल और रामानुजगंज के लिए ताय काये को मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# आग में जलाकर युवती की हत्या, दो महिलाओं को उम्रकैद

**तीन साल पहले अभनपुर के खोला गांव में हुई थी वारदात**

**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। करीब तीन साल पहले अभनपुर इलाके के ग्राम खोला में एक युवती के शरीर पर मिट्टी तेल उड़ेल आग लगाकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी महिला दुकाला उर्फ दुकलहा बाई और नैनी कुर्रे को आजीवन कारावास और एक.एक हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर दोनों महिलाओं को एक.एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। अपर लोक अभियोजक सरोज गुप्ता के अनुसार 21 दिसंबर 2019 को अभनपुर पुलिस थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक साबिर अली को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि डीकेएस अस्पताल में कुमारी सरस्वती बाई सोनवानी आग से जलने के कारण भर्ती होकर इलाज करा रही है। जांच के दौरान आहत सरस्वती बाई के बड़े भाई कमलनारायण सोनवानी से पूछताछ करने पर पता चला कि सरस्वती का गांव के लल्लू सतनामी से दो.तीन वर्ष से प्रेम संबंध था। 18 दिसंबर 2019 की शाम छह बजे लल्लू सतनामी ने उसे अपने घर पर मिलने के लिए बुलाया था। जब सरस्वती उसके घर पहुंची तो लल्लू को उसके माता.पिता ने कहीं बाहर भेज दिया था। घर पर लल्लू की मां दुकाला उर्फदुकलहा बाई;50 पिता जयलाल सतनामी 53 और भाभी नैनी बाई 22 थे। तीनों ने मिलकर सरस्वती से विवाद कर मारपीट करते हुए घर में रखे मिट्टी तेल को उसके शरीर पर उड़ेल आग लगा दिया था। इस घटना में सरस्वती बाई 80 प्रतिशत झुलस गई थी ।जिसे पहले अभनपुर अस्पताल फिर डीकेएस अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने हत्या की कोशिश का अपराध कायम कर दुकाला उर्फदुकलहा बाई और नैनी कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया जबकि जयलाल सतनामी फरार होने में सफल रहा। इस बीच इलाज के दौरान सरस्वती बाई की मौत होने पर मामला हत्या के केस में परिवर्तित हो गया। पुलिस ने 17 मार्च 2020 को आरोप पत्र नवम अपर सत्र न्यायाधीश अगम कुमार कश्यप की कोर्ट में पेश किया। मामले में पुलिस की ओर से पेश किए गए ठोस सुबूत और गवाहों के बयान के आधार पर न्यायाधीश ने आरोपित महिलाओं को हत्या का दोषी पाकर धारा 302,34 के तहत आजीवन कारावास और एक.एक हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया। इस केस में शामिल आरोपी जयलाल सतनामी के फरार रहने से फरारी पंचनामा तैयार कर उसके खिलाफअभियोग पत्र में धारा 173;8 के तहत कोर्ट में पेश किया गया गया।

# युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। आपसी विवाद में हमले में घायल कांग्रेस नेता की अंततः अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार नेवई थाना अंतर्गत खूनी संघर्ष में धारदार हथियार से हुए हमले में गंभीर रूप से घायल रिसाली निगम क्षेत्र के कांग्रेसी नेता पप्पू यादव की देर रात रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते हफ्ते शनिवार की रात दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया था। इस दौरान मृतक के भांजे अमन यादव पर भी हमला हुआ था जिसमें वह भी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती था जहां से उसको छुट्टी मिल गई। लेकिन धारदार हथियार के वार से पप्पू यादव की जान नहीं बच पाई, वह अस्पताल में जीवन और मौत की लड़ाई में जंग हार गया। बताया जा रहा है कि उसे सेक्टर 9 भिलाई अस्पताल से निजी अस्पताल रायपुर रेफर किया गया था। इस मामले में आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। जिसमे एक आरोपी गिरफ्तार बताया जा रहा है।

इस संबंध में नेवई थाना के टीआई प्रशांत मिश्रा ने देशबन्धु को बताया कि कुछ दिन पूर्व स्मृति नगर पुलिस चौकी अंतर्गत विशाल यादव के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसकी रिपोर्ट स्मृतिनगर पुलिस चौकी मे दर्ज कराई गई थी। इस विवाद के आपसी समझौते के लिये दोनों पक्षों ने शीतला मंदिर के पास एकत्रित हुए थे। जहां आपसी समझौते में आपसी विवाद हो गया। जिससे मारपीट हो गई। टीआई श्री मिश्रा ने बताया कि इस मारपीट में पप्पू यादव व अमन यादव घायल हो गये थे। जिनका ईलाज पहले सेक्टर-9 अस्पताल में किया गया।

# असली यूरिया का टैग लगाकर नकली की ब्रिकी, कापीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज

**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। असली यूरिया का टैग लगाकर नकली बेच रहे कारोबारी पर पुलिस ने कापीराइट एक्ट का मामला दर्ज किया ।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर राजपुताना होटल चरोदा धरसींवा के पास जलील खान 35वर्ष टाटा डीईएफयूरिया के बाल्टीनुमा कैन में नकली खुद के स्टीकर सील लगाकर नकली यूरिया बेच रहा था। उससे 20.20 लीटर की तीन बाल्टियां 1000 लीटर यूरिया भरा टैंक बरामद किया गया। राजेश रविदास 53वर्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने कापीराइट एक्ट की धारा 63 के तहत दर्ज कर गिरफ्तार किया

# नवजात को न तो मां की ममता मिली, न आंचल

**नाले में मिला शव, थाने में अपराध दर्ज**

**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। 24 नवंबर की सुबह 7.30 बजे जनहित चौक कोटा प्रशांत ठाकुर के घर के सामने नाली सफाई करने पहुंचा तो देखा नाली में एक पूर्ण विकसित मानव शिशु बालक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। रायपुर वह न तो मां के आंचल में खेल पाया और न ही मां की ममता को समझ पाया। दुनिया में आकर आंखें खोली ही थीं कि बदनसीबी के थपेड़ों से सामना हो गया। दरअसल सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में नाले में नवजात का शव मिला है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफअपराध कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के अस्पतालए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सरस्वती नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जनहित चौक कोटा के पास नाले में नवजात का शव नाले में मिलने की सूचना मिली। सूचनाकर्ता कुंजलाल ने बताया कि वह नगर निगम रायपुर जोन.7 कोटा वार्ड नंबर.23 में नाली सफाई का काम करता है।

**नाली में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था नवजात:** कुंजलाल ने बताया कि 24 नवंबर की सुबह 7.30 बजे जनहित चौक कोटा प्रशांत ठाकुर के घर के सामने नाली सफाई करने पहुंचा तो देखा नाली में एक पूर्ण विकसित मानव शिशु बालक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। उसने इसकी सूचना आसपास के लोगों को देकर शव को नाली के बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी गई। सूचक की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव की पंचानामा कार्रवाई की। इसके बाद मामले में अपराध दर्ज किया गया।

# हृदय की दीवार फटी, अंबेडकर में हुई सफल सर्जरी



**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में हार्ट अटैक के कारण दिल में हुए छेद जिसको मेडिकल भाषा में ﾑवेन्ट्रीकुलर सेप्टल रफ्चर ' कहा जाता है। ऐसे मरीज की सफल सर्जरी कर एवं मरीज की जान बचाकर चिकित्सा जगत में नया इतिहास रच दिया गया ।यह ऑपरेशन हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं टीम द्वारा किया गया ।ऑपरेशन के 15 दिनों बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया।

डॉ. साहू बताते हैं, कि यह मरीज आज से कुछ माह पहले उनके ओपीडी में छाती में दर्द की शिकायत को लेकर पहुंचे थे। ईसीजी एवं अन्य जांच से पता चला कि उनको हार्ट अटैक आया है एवं उनको एंजियोग्राफी के लिए तत्काल कार्डियोलॉजी विभाग में भेज दिया गया। वहां पर एंजियोग्राफी करने से पता चला कि उनके हृदय की मुख्य कोरोनरी आर्टरी (धमनी) में ब्लाक (रूकावट) है जिसको कार्डियोलाजिस्ट द्वारा एन्जियोप्लास्टी के बाद एक से दो दिन तक मरीज ठीक रहा। परन्तु तीसरे ही दिन उसकी सांस फूलने लगी, पेशाब बनना बंद हो गया, बी.पी. बहुत ही कम हो गया। एवं शरीर में पानी भरना प्रारंभ हो गया। उसके बाद कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा पुनः इकोकार्डियोग्राफी करने पर पता चला कि उनकी दो वेन्ट्रीकल, लेफ्ट और राइट वेन्ट्रीकल के बीच की दीवाल में हार्ट अटैक के कारण बड़ा सा छेद हो गया था।

इकोकार्डियोग्राफी में पता चला कि यह छेद इतना बड़ा था, कि इसमें कोई भी छेद बंद करने वाली डिवाइस नहीं लग सकती थी। इसलिए इस मरीज को हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में डॉ. कृष्णकांत साहू के पास रिफर कर दिया गया। डॉ. साहू बताते हैं कि इस मरीज की स्थिति बहुत ही ज्यादा खराब थी। ब्लड प्रेशर एवं आक्सीजन सैचुरेशन कम हो रहा था। पेशाब का आना बिल्कुल बंद हो गया था। फेफड़ों में सूजन था (पल्मोनरी एडीमा) था एवं हृदय केवल 20 प्रतिशत कार्य कर रहा था। ऐसे मरीजों की बचने की संभावना बिल्कुल ना के बराबर होती है। इस स्थिति को एक्युट कार्डियक फेल्योर विद पल्मोनरी एडीमा कहा जाता है।

**इस प्रकार हुआ ऑपरेशन:** मरीज एवं उनके रिश्तेदारों को समझा दिया गया था, कि इस प्रकार की बीमारी (वेन्ट्रीकुलर सेप्टल रफ्चर) में बचने की उम्मीद ना के बराबर होती है क्योंकि मरीज का हृदय 20 प्रतिशत ही काम कर रहा था। इस ऑपरेशन में मरीज के हृदय की धड़कन को हार्ट लंग मशीन की सहायता से रोककर बाएं वेन्ट्रीकल को काटकर छेद वाले हिस्से को विशेष प्रकार के कपड़े (जिसको डबल वेल्योर डेक्रान कहा जाता है) से रिपेयर किया गया। लेफ्ट वेन्ट्रीकल के मृत दीवाल को काटकर अलग किया गया एवं विशेष तकनीक से लेफ्ट वेन्ट्रीकल की साइज को छोटा किया गया, जिसको ﾑवाल्युम रिडक्सन लेफ्ट वेन्ट्रीकुलोप्लास्टीﾑ कहा जाता है। आपरेशन के पश्चात् मरीज के हृदय को सपोर्ट देने के लिए इंट्रा एओर्टिक बलून पंप लगाया गया।

# राष्ट्रीय मिलिट्री कॉलेज प्रवेश परीक्षा संपन्न, 46 परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा



**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय मिलिट्री कॉलेज देहरादून की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा आज छत्तीसगढ़ राज्य में भी संपन्न हुई. छत्तीसगढ़ के एकमात्र परीक्षा केंद्र प्रो. जे.एन. पांडेय बहु. उ. मा. वि. में राज्य के कुल 58 प्रतियोगी छात्रों में से 46 परीक्षार्थियों सम्मिलित हुए.

अपर संचालक जे पी. रथ के अनुसार, एससीईआरटी के नियंत्रण, निर्देशन में आयोजित लिखित परीक्षा अंग्रेजी, गणित और सामान्य ज्ञान विषय पर आधारित थी. प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए डेढ़-डेढ़ घंटे का समय निर्धारित था. तीन सेशन में यह लिखित परीक्षा सुबह 9.30 से प्रारंभ होकर 4ः30 तक आयोजित थी.

प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को साक्षात्कार और व्यक्तित्व परीक्षण के लिए चुना जाएगा. अंतिम रूप से छत्तीसगढ़ कोटे से एक प्रतिभागी का अखिल भारतीय स्तर पर चयन किया जाता है.

आरआईएमसी की इस परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में न्यूनतम सातवीं कक्षा में अध्ययनरत होना चाहिए. इस अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में राज्य इंचार्ज पी.आर. साहू और संस्था प्राचार्य का विशेष सहयोग रहा।

उल्टा पुल्टा

**पिंटू-** मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?
**मम्मी-** उसको परी किसने कहा?
**पिंटू -** डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।
**मम्मी-** तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

# पहला नतीजा भिलाई नगर और अंतिम परिणाम अहिवारा से

## आज मतगणना : प्रशासनिक तैयारियां पूरी, कदम कदम पर सुरक्षा व्यवस्था





**दुर्ग,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत कल 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना शुरू होगी। सुबह साढ़े 8 बजे तक डाकमतपत्रों की गिनती के बाद ईवीएम मशीनों के वोटोंकी गिनती की शुरूआत की जायेगी। सबसे पहला नतीजा भिलाई नगर विधानसभा का प्राप्त होगा। भिलाई नगर की मतगणना 12 राउंड में ही पूरी हो जायेगी। सबसे ज्यादा 19 राउण्ड की मतगणना अहिवारा क्षेत्र की होगी। इसके नताजें भी सबसे अंत में आयेगें। यह जानकारी आज एक पत्रवार्ता में कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने दी। मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना में कुल 630 अधिकारियों की टीम बनाई गई है।

14-14 टेबलों पर होगी मतगणना : पत्रवार्ता में बताया गया कि मतगणना के लिये विधानसभावार 14-14 टेबिल लगाई गई है। प्रत्येक मतगणना हाल में टेबल के आधार पर प्रत्येक टेबिल के लिये एक गणना प्रेक्षक एक गणना सहायक तथा एक माइक्रोआर्ब्जवर नियुक्त किया गया। प्रत्येक राउण्ड की गणना के बाद नतीजों की घोषणा की जायेगी। श्री मीणा ने बताया कि भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती 12 राउण्ड में होने से सबसे पहला परिणाम यहीं से प्राप्त होगा। दुर्ग शहर की गिनती 16 राउण्ड में दुर्ग ग्रामीण की गिनती 17 राउण्ड में पाटन व वैशाली नगर क्षेत्रों की गिनती 18-18 राउण्ड में होगी। सर्वाधिक 19 राउण्ड अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती होगी। इसके बाद ही परिणामों की घोषणा की जायेगी।

बेमेतरा-साजा के आंशिक वोट यही गिने जायेगें : पत्रवार्ता में कलेक्टर ने बताया कि साजा एवं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को जो आंशिक क्षेत्र दुर्ग जिले में आते है उनकी गिनती भी यही शंकराचार्य महाविद्यालय में होगी। परिणामों की घोषणा बेमेतरा से ही होगी।

**केवल पास से ही प्रवेश :** कलेक्टर मीणा ने बताया कि मतगणना स्थल शंकराचार्य महाविद्यालय में केवल पास के माध्यम से ही प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना में लगने वाली सभी अधिकारियों कर्मचारियों माइक्रोआब्जर्वर सहायक अभ्यर्थी उनके अभिकर्ता एवं मीडिया कर्मियों को पास जारी कर दिये गये है।

**पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था :** मतगणना स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। तीन स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। अंदरूनी घेरे में पैरामिलिट्री फोर्सेस रहती है। बीसीएफ बल पर यहां पर डेप्लास किया गया है। मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिये अलग अलग द्वार बनाये गये है। डी मार्ट के समीप बने गेट में अभ्यर्थी एवं उनके एजेन्ट को प्रवेश दिया जायेगा। गेट नंबर 2 में शासकीय कर्मचारी-अधिकारी तथा मीडिया कर्मी प्रवेश करेगें।

**आज की गई रिहर्सल :** मतगणना कार्य के लिये नियुक्त किये गये अधिकारी एवं कर्मचारियों ने आज विधानसभा वार निर्धारित मतगणना कक्ष में ईवीएम से प्राप्त मतों एवं डाकमतपत्रों से प्राप्त परिणामों की गिनती तथा टेबलवार निर्धारित प्रपत्रों को पूर्ण करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की रिहर्सल की। निर्धारित मतगणना कक्ष में मतगणना कार्य से संबंधित दिशा निर्देश दिये गये। रिटर्निंग अधिकारियों ने सहायक मतगणना अधिकारी, कर्मचारियों को भी दिशा निर्देश दिये। ईवीएम लाने ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांगरूम से मतगणना कक्ष तक सावधानी पूर्वक ले जाने के निर्देश दिये गये।

**मतगणना केन्द्र में प्रतिबंधित सामग्री :** मतगणना केन्द्र में मोबाईल फोन, आईपेड, लेपटाप, स्मार्ट वाच, कैमरा अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बिड़ी सिगरेट, गुटखा लाने पर प्रतिबंध है। मीडिया सेंटर में टीवी वाईफाई सहित समुचित आवश्यक व्यवस्था की गई है।

**7 हजार 792 डाकमत प्राप्त :** आज 2 दिसम्बर तक कुल 7792 डाकमत पत्र प्राप्त हुए है। जिला निर्वाचन कार्यालय से अधिकृत नोडल अधिकारी डाक मतपत्र अपर कलेक्टर गोकुल रावटे से प्राप्त जानकारी अनुसार 62 पाटन में डाकमत पत्र 1095, दुर्ग ग्रामीण में डाकमत पत्र 1415, दुर्ग शहर में डाकमत पत्र 2261, भिलाई नगर में डाकमत पत्र 955, 66 वैशाली नगर में डाकमत पत्र 1134 एवं 67 अहिवारा में 932 डाकमत पत्र प्राप्त हुए है। इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्या 6846, डाक द्वारा प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्या 486 और विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, 80 प्लस एवं कोविड प्लस के डाकमत पत्र 460 शामिल है।

# दुर्ग जिले से कौन बनेंगे 6 विधायक

## भूपेश, ताम्रध्वज, अरूण, प्रेमप्रकाश व विजय बघेल की प्रतिष्ठा दांव पर



**दुर्ग,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण कल 3 दिसंबर को मतगणना के बाद 6 विधानसभा क्षेत्रों के भावी विधायकों का फैसला हो जायेगा कि कौन कौन बनेगें विधायक और किन्हें फिर अगले 5 साल तक चुनाव की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। आज पूरे दिन मतगणना को लेकर राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में भारी गहमागहमी देखी गई। यही नहीं आम लोगों के मध्य भी कल की मतगणना को लेकर भारी जिज्ञासा है।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिला प्रदेश के सबसे संवेदनशील व हाईप्रोफाइल जिलों में गिना जाता है। दुर्ग जिले की पाटन सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में स्वयं भूपेश बघेल मैदान में है तो उन्हें चुनौती देने के लिये सांसद व भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल अपनी पूरी शक्ति लगाये हुए है। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के सुप्रिमो अमित जोगी भी यहीं से मैदान में है। इनके अलावा प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में है। उन्हें भाजपा के युवा प्रत्याशी ललित चंद्राकर चुनौती दे रहे है। दुर्ग शहर में वोरा परिवार से विधायक अरूण वोरा सांतवी बार मैदान में है। उन्हें भाजपा के नये युवा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव चुनौती दे रहे है। वोरा परिवार विगत लगभग 52 वर्षो से राजनीति में है। विधायक वोरा के पिता मोतीलाल वोरा पार्षद से लेकर सांसद तक सत्ता और संगठन के शीर्ष पदों पर रहें। उनके देहांत के बाद अरूण वोरा के लिये एक कसौटी के रूप में यह चुनाव देखा जा रहा है। दुर्ग जिले में ही भिलाई नगर से ही भाजपा के कद्दावर नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय मैदान में है? जिनके प्रतिस्पर्धी कांग्रेस के देवेन्द्र यादव है। गत 18 के चुनाव में श्री यादव, श्री पाण्डेय पर भारी पड़ गये थे। श्री पाण्डेय प्रदेश शासन में मंत्री और विधानसभा के अध्यक्ष रह चुके है। कांग्रेस के देवेन्द्र यादव युवा होने के साथ ही वर्तमान विधायक भी है। भाजपा के ही पूर्व विधायक 75 वर्षीय डोमन लाल कोर्सेवाड़ा अहिवारा से चुनाव लड़ रहे है। उनके सामने भिलाई-3 चरौदा के महापौर युवा प्रत्याशी निर्मल कोसरे को कांग्रेस ने दांव पर लगाया हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी मुकेश चंद्राकर वैशाली नगर से कांग्रेस की टिकिट पर चुनाल लड़ रहे है। उन्हें भाजपा से वरिष्ठ पार्षद रिकेश सेन चुनौती दे रहे है।

इसके अलावा दुर्ग जिले की दो आंशिक सीटों साजा व बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का भी फैसला कल होना है। इसमें साजा काफी हाईप्रोफाइल सीट है जहां से कांग्रेस के कद्दावर नेता रविन्द्र चौबे मैदान में है। वे प्रदेश शासन में कई बार मंत्री रह चुके है। इस बार उन्हें भाजपा के ईश्वर साहू चुनौदी दे रहे है। श्री साहू के पुत्र के साथ पिछले दिनों एक हादसा हो गया था जिसकी सहानुभूति बटोरने भाजपा लगातार प्रयत्नशील है। कल 3 दिसंबर को ही पता चलेगा कि यह तरकीब किस स्तर तक काम आई। श्री साहू का चुनाव प्रचार करने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साजा में सभा ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्ग की सभा से श्री साहू के लिये अप्रत्यक्ष रूप से अपील की थी।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का एक हिस्सा भी दुर्ग जिले में शामिल है। यहां पर कांग्रेस के आशीष छाबड़ा दूसरी बार मैदान में है जिनका मुकाबला जितेन्द्र साहू से है।

कांग्रेस-भाजपा अपने अपने दावें : पिछले सन् 18 के चुनाव में दुर्ग जिले की एकमात्र वैशाली नगर सीट भाजपा के कब्जे में थी। शेष 5 स्थानों पर कांग्रेस के विधायक थे। इस बार भाजपा वैशाली नगर, अहिवारा और भिलाई नगर से अपना पुख्ता दावा कर रही है। हालांकि अधीकृत तौर पर पाटन को हल्की सी कमजोर बताने के साथ ही सभी सीटों पर जीत का दावा कर रहे है। दूसरी तरफ कांग्रेस इस बार वैशाली नगर के साथ ही सभी पुरानी सीटों पर जीत का दावा कर रही है मगर पाटन, दुर्ग और दुर्ग ग्रामीण में वह पुख्ता तौर पर जीत का दावा तकर रही है। दलीय व निर्दलीय दोनों मिलाकर दुर्ग जिले की सभी 6 सीटों पर 93 प्रत्याशी मैदान में है।

आज मतगणना, प्रत्याशियों ने दिया अभिकर्ताओं को मार्गदर्शन : विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में कल 3 दिसंबर को मतगणना शंकराचार्य कालेज जुनवानी में होगी। इसके लिये आज दिन भर प्रत्याशीगण अपनी अपनी पार्टियों के मतगणना अभिकर्ताओं की बैठकें लेकर उन्हें मतगणना की तमाम बारीकियों की जानकारियां देते रहे। अभिकर्ताओं से कहा गया है कि जहां भी उन्हें गणना के दौरान आपत्तिजनक लगे तत्काल ही निर्धारित फार्म के द्वारा अपनी आपत्ति रिटर्निंग आफिसर के समक्ष दर्ज करायें। आज दुर्ग ग्रामीण की ओर से भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर ने अभिकर्ताओं की बैठक दुर्ग शहर के प्रत्याशी गजेन्द्र यादव के अभिकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय में तथा कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा तथा दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने अपने अपने निवास में बैठक ली।

विधानसभा चुनाव में कल होने वाली मतगणना को लेकर आज पूरे दिन काफी गहमागहमी देखी गई। राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने पूजा पाठ करने के बाद अपने अपने राजनीतिक सहयोगियों, मतगणना अभिकर्ताओं की बैठकें ली। इन अभिकर्ताओं को स्वयं के अलावा पार्टी के पुराने व अनुभवी कार्यकर्ताओं से मार्गदर्शन दिलाया। सभी ने अभिकर्ताओं से कहा कि वे मतगणना को बीच में ही छोड़कर अपने मतगणना कक्ष से बाहर न निकले। मतगणना के दौरान वहीं किसी भी तरह की त्रुटि नजर आयी है तो संबंधित अधिकारी को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए तत्काल निर्धारित फार्म के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करायें। प्रत्येक राउण्ड के अंत में आपत्तियां दर्ज कराकर समाधान देने का आग्रह संबंधित अधिकारी से कर सकते है। मंत्री श्री साहू के निवास पर हुई बैठक में श्री साहू के अलावा प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू, केशवबंटी हरमुख, एवं अन्य नेताओं ने अपने अपने अनुभवों के आधार पर जानकारी दी।

भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा प्रत्याशी ललित चंद्राकर, एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मतगणना अभिकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इसी तरह विधायक एवं दुर्ग शहर अरूण वोरा के निवास में भी मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें मार्गदर्शन किया गया।

# आईफोन के शौक में तीन नाबालिगों ने लूटे मोबाइल

## फ्लिपकार्ट को आर्डर किया और डिलीवरी बाय से लूट लिये तीन आई फोन, 12 दिन बाद दो आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम मोहलाई के तीन नाबालिग लड़कों ने बड़े ही शातिर अंदाज में डिलीवरी बाय से आईफोन 12 के तीन मोबाईल लूटने वाले तीन नाबालिगों में से दो को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों आरोपी फिलहाल कोतवाली में ही रखे गये है। कल न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद इन्हें बाल संप्रेक्षण गृह में भेजने की व्यवस्था की जायेगी। इनके एक साथ की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार ई कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बाय का काम करने वाले रवि देवांगन ने कोतवाली दुर्ग में रिपोर्ट दर्ज कराई कि नाबालिगों द्वारा मंगाये गये आई फोन-12 के चार मोबाईल फोन की डिलीवरी करने जब वह मोहलाई पहुंचा तब मोबाईल दिखाने के बहाने आरोपियों ने मोबाईल फोन की पेकिंग खुलवा ली और वह मोबाईल फोन लड़कों को दिखाने लगा।

**एक की तलाश जारी**

इसी बीच उसने वही पास में तीन मोबाईल रख दिया। इसी बीच आरोपी के साथ बैठे 2 अन्य लोग एक्सेस गाड़ी में पहले से ही बैठे थे। मौका पाकर ये तीनों लोग गाड़ी में बैठकर भाग निकले। आरोपियों के हाथ से एक मोबाईल फोन भागते समय नीचे गिर गया। तीन मोबाईल फोन आरोपी लेकर भाग निकले।

उल्लेखनीय है कि नाबालिग आरोपियों द्वारा लूट का अंदाज इस तरह शातिर था कि पहले उन्होंने ब्राम्हण पारा दुर्ग का पता दिया और जब डिलीवरी बाय पार्सल लेकर ब्राम्हण पारा पहुंचकर इन्हें फोन किया तो उन्होंने उसे मोहलाई बुला लिया जहां लूट की अपनी योजना को अंजाम दिया। डिलीवरी बाय रवि देवांगन ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किये गये। आरोपियों के मोबाईल फोन साइबर से की मदद से पहचान गया फिर मुखबिर की मदद से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। एक आरोपी की तलाश जारी है। आरोपियों को पकड़ने में कोतवाली थाना प्रभारी महेश ध्रुव, उपनिरीक्षक खगेन्द्र पठारी, अलाउद्दीन शेख एवं साइबर सेल प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक विक्रांत यदु की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# बीकॉम प्रथम एवं द्वितीय के पूरक परीक्षा परिणाम

**दुर्ग,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग द्वारा पूरक परीक्षा के 15 परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके है। आज वि.वि. द्वारा बीकॉम प्रथम एवं बीकॉम द्वितीय के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि बीकॉम प्रथम वर्ष में पूरक परीक्षा में शामिल 1285 विद्यार्थियों में से 1100 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे तथा 04 परीक्षार्थियों का परिणाम रोका गया 02 नकल प्रकरण रहे। इनका कुल परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत् रहा।

बीकॉम द्वितीय वर्ष में शामिल 1808 परीक्षार्थियों में से 1633 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किये गये 9 परीक्षार्थियों को परिणाम रोका गया इनका कुल परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत् रहा। बीएससी बीएड भाग 1 में शामिल 02 परीक्षार्थियों में से 1 परीक्षार्थी सफ्ल होने के कारण परीक्षा परिणाम 50 प्रतिषत् रहा। बीएससी बीएड भाग 1 में शामिल 1 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण घोषित किया गया। इस बीच पूरक परीक्षाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन के पश्चात् लगभग 90 हजार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है तथा शेष उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीव्र गति से जारी है।

# विश्व एड्स दिवस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन



**दुर्ग,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला अस्पताल में 1 दिसंबर को हेपेटाइटिस बी एवं सी तथा एच.आई.वी. विषय पर कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिसमे डॉक्टर अनिल विवेक सिंह एवं डॉक्टर आशीष चंद्र देवांगन गेस्ट्रोलॉजिस्ट द्वारा हेपेटाइटिस बी एवं सी के संबंध में एवं पोस्ट एक्सपोजर प्रोफ्लिेक्सिस के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर आशीष ने बताया कि हेपेटाइटिस संक्रमित व्यक्ति के खून या सिरम से संपर्क में आने पर व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन एवं एंटीबायोटिक दी जाती है। डॉक्टर अनिल सिन्हा ने बताया कि एच आई वी से संक्रमित व्यक्ति के ब्लड या सिरम के संपर्क में आने पर पोस्ट एक्सपोजर प्रोफ्लिेक्सिस फिक्स्स डोज कॉम्बिनेशन की दवाई 28 दिन तक ली जानी चाहिए। सिविल सर्जन ने बताया कि जिला अस्पताल दुर्ग में पोस्ट एक्सपोजर होने पर वैक्सीन एवं एंटीबायोटिक तथा दवाई की पर्याप्त उपलब्धता है। आयोजित कार्याशाला में सिविल सर्जन डॉक्टर अरुण साहू एवं डॉक्टर अखिलेश यादव एवं अन्य सभी विशेषज्ञ मौजूद थे।

# हेमचंद यादव विवि की पुरुष हॉकी टीम ओडिसा रवाना



**दुर्ग,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की हॉकी पुरूष टीम 5-10 दिसंबर को आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने सम्बलपुर विश्वविद्यालय, सम्बलपुर (ओडिसा) के लिए रवाना हुई। डी.के. नामदेव संचालक, शारीरिक शिक्षा ने बताया कि टीम के खिलाड़ियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, राजनांदगांव में आयोजित कराया गया था। टीम के खिलाड़ियों को कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा व कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने शुभकामनाए दी। टीम के मैनेजर अनुराज श्रीवास्तव व कोच किशोर ढीमर है।

विश्वविद्यालय की टीम में गणेश यादव शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा, धनेश्वर शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा, ईश्वर कुमार शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा, सूरज निषाद शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा, शरद सिंह अय्याम शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा, शैलेन्द्र वर्मा शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा, अरबाज अली सेठ आरसीएस कॉलेज दुर्ग, गुलशन कुमार श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, सतीश कुमार शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा, आलोक निर्मलकर शासकीय वी.वाई.टी. पीजी कॉलेज दुर्ग, सतीश कुमार चंद्राकार शासकीय वी.वाई.टी. पीजी कॉलेज दुर्ग, शारिक अहमद खान शासकीय वी.वाई.टी. पीजी कॉलेज दुर्ग, वासु यादव . शासकीय वी.वाई.टी. पीजी कॉलेज दुर्ग, दुर्गेश देशमुख शासकीय दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव, जीवन वर्मा शासकीय दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव, मुहूर्त कौशिक शासकीय दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव, विकास देवांगन शासकीय दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव, सुखदेव पटेल शासकीय दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव।

# मतगणना से पहले हुआ पूर्वाभ्यास

**बेमेतरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना कल 3 दिसंबर को होगी। कल होने वाली से मतगणना को लेकर आज शनिवार को पहले मतगणना की रिहर्सल की गयी। सारी व्यवस्थाएं मतगणना जैसी थी। कब क्या होना है, कैसे मतपत्र गिने जाने हैं, बैठने का बंदोबस्त कैसा होगा सब कुछ हुआ, रिहर्सल में। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा के नेतृत्व में मतगणना कार्य का पूर्वाभ्यास किया गया। ताकि ऐन वक्त पर अड़चन पैदा न हो। इसके अलावा अधिकारियों ने मतगणना स्थलों का निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

तीनों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों और कार्मिकों ने मतगणना कार्य का पूर्वाभ्यास किया। देखा कि कल रविवार को जब वास्तविक मतगणना होगी तो किसी भी तरह का व्यवधान न आए। पूर्वाभ्यास में उन तमाम क्रिया-कलापों को अपनाया गया, जिसके तहत कल रविवार को मतगणना होनी है। कुछ आंशिक खामियां मिलीं, उन्हें मौके पर दुरुस्त कर दिया गया। जिलाधिकारी ने कृषि उपज मंडी में स्थापित मतगणना स्थलों का निरीक्षण भी किया। निर्वाचन अधिकारियों ने वहां की व्यवस्था की जानकारी ली और सुरक्षा में तैनात जवानों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले मतगणना कार्य में लगे कार्मिकों को मतगणना संबंधी पूरी जानकारी पुन: दी गयी। बताया गया कि मतगणना में किन-किन बातों का ख्याल रखा जाए। मतगणना कार्य का पूर्वाभ्यास पूर्वाह्न 11 बजे दोपहर 2 बजे बजे तक तक चला।

# कम्प्यूटर सुरक्षा आज की आवश्यकता



**दुर्ग,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेंकम्प्यूटर साईंस विभाग के तत्वाधान मे नेशनल 'कम्प्यूटर सिक्युरीटी डे' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विभागाध्यक्ष डॉ. गणेश राम नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते सायबर क्राइम से बचने का मुख्य समाधान जागरूकता ही है। नेशनल कम्प्यूटर सुरक्षा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन चीज, पी.पी.टी. प्रेजेन्टेशन तथा समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते चलन तथा कैशलेश व्यवस्था में जागरूकता तथा जानकारी के आभाव में हम विभिन्न प्रकार की ठगी के शिकार हो जाते है। मोबाईल में भी हमें अपडेट रहना चाहिए तथा सतर्कता जरूरी है।

**राष्ट्रीय कम्प्यूटर सुरक्षा दिवस**

छात्राओं ने पावर प्वाईन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से नेटवर्किंग, सायबर क्राइम, ऑनलाईन मार्केटिंग, फेसबुक में सतर्कता, कम्प्यूटर सुरक्षा जैसे विषयों पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.कॉम. प्रथम वर्ष की कु. वृद्धि यादव ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पीजीडीसीए की कु. चित्ररेखा राजपूत एवं तृतीय स्थान पर बी.एससी. कम्प्यूटर साईंस की कु. कुसुमलता तुरकाने रहीं जिन्हें पुरस्कृत किया गया। आयोजन में नीकू साहू, हिमांशु यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीनाक्षी सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ. जागृत ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, कर्मचारियों के साथ छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

# युवक की चाकू घोपकर हत्या

## घायल कांग्रेस नेता की ईलाज के दौरान मौत



**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। आपसी विवाद में हमले में घायल कांग्रेस नेता की अंतत: अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार नेवई थाना अंतर्गत खूनी संघर्ष में धारदार हथियार से हुए हमले में गंभीर रूप से घायल रिसाली निगम क्षेत्र के कांग्रेसी नेता पप्पू यादव की देर रात रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते हफ्ते शनिवार की रात दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया था। इस दौरान मृतक के भांजे अमन यादव पर भी हमला हुआ था जिसमें वह भी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती था जहां से उसको छुट्टी मिल गई। लेकिन धारदार हथियार के वार से पप्पू यादव की जान नहीं बच पाई, वह अस्पताल में जीवन और मौत की लड़ाई में जंग हार गया। बताया जा रहा है कि उसे सेक्टर 9 भिलाई अस्पताल से निजी अस्पताल रायपुर रेफर किया गया था।

इस मामले में आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। जिसमे एक आरोपी गिरफ्तार बताया जा रहा है। वहीं मामले में संलिप्त आरोपियों की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

इस संबंध में नेवई थाना के टीआई प्रशांत मिश्रा ने देशबन्धु को बताया कि कुछ दिन पूर्व स्मृति नगर पुलिस चौकी अंतर्गत विशाल यादव के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसकी रिपोर्ट स्मृतिनगर पुलिस चौकी मे दर्ज कराई गई थी। इस विवाद के आपसी समझौते के लिये दोनों पक्षों ने शीतला मंदिर के पास एकत्रित हुए थे। जहां आपसी समझौते में आपसी विवाद हो गया। जिससे मारपीट हो गई। टीआई श्री मिश्रा ने बताया कि इस मारपीट में पप्पू यादव व अमन यादव घायल हो गये थे। जिनका ईलाज पहले सेक्टर-9 अस्पताल में किया गया। बाद में पप्पू यादव को रायपुर के एक निजी अस्पताल में रिफेर कर दिया गया। जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। टीआई श्री मिश्रा ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपी हरिश साहू व अमन मेहर को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीआई श्री मिश्रा ने बताया कि इस हत्याकांड में 7 लोगों व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होनें बताया कि पप्पू यादव रात साढ़े 8 बजे का करीव शीतला मंदिर टंकी मरौदा के पास स्थित चाय दुकान में बैठा था। वहां उस समय अन्य लोग थे। अचानक हरिश साहू सहित अन्य युवक बहां डंडे, चाकू, हांकी के साथ पहुंचकर पप्पू यादव पर हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रुप से घायल को ईलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपियों की तालाश कर रही है।

## भिलाई विद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन



**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। बीएसपी भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे रहे। मुख्य अतिथि द्वारा मशाल जलाकर, ध्वजारोहण कर और आकाश में गुब्बारा छोड़ कर खेल शुभारंभ किया गया। स्टेट गोल्ड मेडलिस्ट जूडो कुमारी रुचि निर्मलकर द्वारा शपथ दिलाई गई। सदन वाइस मार्च पास्ट के बाद शाला की छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि खेल हमारे जीवन में अव्दितीय महत्व रखता है इससे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता है और हमें ऊर्जा से भर देता है। उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम को देखकर अपने स्कूली दिनों की यादें ताजा हो गई। श्रीमती शिखा दुबे ने कहा कि खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। इससे हमारे अनुशासनए संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं। खेल हमें टीम के साथ काम करनेए उच्चतम मानकों की प्राप्ति करने और दूसरों के साथ सहयोग करने की क्षमता देता है। कार्यक्रम में भिलाई विद्यालय के भूतपूर्व प्राचार्य पी एस दुधे, बीएसपी शिक्षा विभाग से श्रीमती विभा रानी कटियार, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, अविनाश चर्न्दशील, सुश्री कीर्तिलता देशमुख, प्रभारी प्राचार्य एम कुमार एवं पालक शिक्षक समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत देशभक्ति से परिपूर्ण एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। शाला के प्राचार्य श्री विजय सिंह पवार ने साल भर की क्रिया कलापों का संक्षिप्त लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए अपने स्वागत भाषण में कहा कि खेल हमारे मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमारी ध्यान क्षमता और मनोयोग्यता को विकसित करता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ अन्य सहगामी क्रियाकलापों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। छात्रों के लिए स्पोकन इंग्लिश एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण की कक्षाएं लगाई जा रही है । मुख्य अतिथि संदीप माथुर द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा फेंसिंग और जूडो का अतिथियों के सामने प्रदर्शन किया गया। इसके अंतर्गत बालक बालिका को जुनियर और सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता करायी गईए जिसमें 100मी, 200मी, 400 मी और 800 मी दौड़, गोला फेंक, लम्बी कूद, रीले रेस, और कबड्डी रखा गया था। सभी प्रतियोगिताओं को सदन वाइस रैंकिंग कर विजेता टीम और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट मार्च पास्ट एवं बेस्ट हाउस के रूप में पीस हाउस को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त वरिष्ठ व्याख्याता एस के खोबरागढ़े एवं सुश्री वंदना सोनवाने ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ व्याख्याता देवेन्द्र कुमार साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के श्रीमती सरिता शाक्या, जी पी शर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, डी एल जोशी, सुश्री संगीता मिश्रा, प्रख्यात पर्वतारोही सुश्री सविता धापवाल, सुश्री विमला शर्मा, एम के चौधरी, एस के साहू, परवेज़ अहमद, मोहम्मद तनवीर, ए एस साहू एवं समस्त शाला परिवार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मारपीट का मामला थाने पहुंचा

**भिलाईनगर।** मैत्री बाग के टिकट काउंटर में टिकट कर्मचारियों के द्वारा भुगतान को लेकर हुए विवाद के बाद एक पर्यटक के साथ जमकर मारपीट की गई। पीड़ित पर्यटक की रिपोर्ट पर से नेवई पुलिस के द्वारा आरोपी तीन कर्मचारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि पर्यटक अमित कुमार मैत्री बाग घूमने के लिए अपने परिजनों के साथ पहुंचा था दोपहर को उसके द्वारा 18 टिकट प्राप्त किए गए थे। जिसका भुगतान उसके द्वारा ऑनलाइन क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया। परंतु दो तीन प्रयास के बाद भी भुगतान नहीं होने पर काउंटर पर बैठे कर्मचारी के साथ उसका विवाद हो गया। इसके बाद तीन कर्मचारियों ने मिलकर अमित कुमार की पिटाई कर दी। इससे आहत होकर अमित थाने पहुंचकर टिकट आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 अपराध पंजीकृत किया है।

## वेदों का नेत्र है ज्योतिष विज्ञान : आचार्य शर्मा



**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान छत्तीसगढ़ की ओर से कैलाश नगर में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ज्योतिष के प्रति जागरुकता बढ़ाने और संस्थान की गतिविधियों का विस्तार करने विचार मंथन हुआ। वहीं आगंतुकों को नि: शुल्क ज्योतिषीय परामर्श भी दिया गया। शुभारम्भ पूजा व वैदिक मन्त्रोचार विद्वान आचार्य विनय जोशी ने किया। अतिथियों के स्वागत के उपरांत बी.पी. पटेल ने संस्कृत भाषा में अतिथियों का परिचय देते हुए स्वागत उद्‌बोधन दिया। महासचिव नन्दलाल चौधरी ने संस्थान के गठन के उद्देश्य, लक्ष्यो पर जानकारी दी। संस्थान के अध्यक्ष बृजमोहन बाली ने संस्थान के द्वारा किए जाने वाले मुख्य कार्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत की। जिसमें ज्योतिषीय शोध हेतु दलो का गठन, ज्योतिषियों की मासिक बैठकों में शोध के निष्कर्षो पर परिचर्चा, ज्योतिष एवं संस्कृत की कक्षाओं का आयोजन, ज्योतिष बुलेटिन, लाइब्रेरी की स्थापना मुख्य लक्ष्य है। मुख्य अतिथि आचार्य डॉ. महेश शर्मा ने ज्योतिष एवं संस्कृत भाषा की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ज्योतिष विज्ञान, वेदों का नेत्र है। बिना वेद, रामायण, महाभारत, गीता और कालिदास के भारत की कल्पना असम्भव है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं से परिपूर्ण भारत पूरी दुनिया में ज्ञान विज्ञान, धर्म और ज्योतिषशास्त्र आदि के मार्ग दर्शन के प्रकाश की वर्षा करता है, इसलिये भारत वर्ष कहलाता है। उद्योगपति उमेश चितलांगिया ने कहा कि ज्योतिष, संस्कृत, आयुर्वेद, त्यौहार सब हमारे हित के लिए है। हमारे ऋषि मुनि और पूर्वजो की धरोहर है। विशिष्ट अतिथि चिरंजीव जैन ने कहा कि ज्योतिष को लेकर जो एक अंधविश्वास या दूसरी धारणाएं हैं उनको ठीक करने का प्रयास करेगा। ज्योतिष गुरू वाय.एस.एन. मूर्ति ने भिलाई दुर्ग में ज्योतिष के विकास पर जानकारी दी। कार्यक्रम में ज्योतिष आचार्य स्व.रंगा राव को स्मरण किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को उद्योगपति श्रीनिवास खेडिया, संस्थान के उपाध्यक्ष एवं ज्योतिष आचार्य पी.डी.स्वर्णकार, देवेश दत्त मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उषा गुप्ता, चमेली सिन्हा, विद्या मालवीय, एस.एल. मालवीय, चन्द्रकांत देवांगन, क्रान्ति लाल विश्वकर्मा, चन्द्रकिशोर महतो, आर.सी.शेखर, इन्द्रदेव शर्मा, ज्ञानेन्द्र देवांगन, राजेन्द्र कसेर, अजय काले, सन्दीप तिवारी उपस्थित थे।

## टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहत दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए 4 दिसम्बर को सेक्टर-7 का आधा भाग, 5 दिसम्बर को रिसाली सेक्टर, 6 दिसम्बर को सेक्टर-7 का आधा भाग, सेक्टर 8 व सेक्टर 9 तथा हास्पिटल सेक्टर, 7 दिसम्बर को सेक्टर-5, इंदिरा प्लेस, 8 दिसम्बर को मरोदा सेक्टर, तथा 9 दिसम्बर को सेक्टर.10। उल्लेखित क्षेत्रों में प्रात: 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर सेवाएँ विभाग के टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है। नगर सेवा विभाग ने इसमें सहयोग की अपील की है।

## भिलाई महिला कॉलेज की छात्र शक्तितोलन में प्रथम स्थान




**भिलाई नगर** 1 दिसंबर । हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित भारोत्तोलनए बेस्ट फीजिक एवम शक्तित्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा 28 एवम 29 नवम्बर को किया गया। उक्त प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों से महिला एवम पुरुष खिलाडियों ने हिस्सा लिया। भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 की बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्रा सिगिनम लावण्या ने शक्तितोलन प्रतियोगिता में 76 किलो वर्ग भार में कुल 192 किलो लिफ्ट के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन ने उन्हे शुभकामनाएं दी एवम विश्वविद्यालय स्तर पर भी इसी प्रकार अच्छे प्रदर्शन हेतु आशिर्वाद दिया। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. एम. माधुरी देवी, डॉ. एन. मोनिका शर्मा, क्रीड़ा प्रभारी प्रतीक्षा ताठे एवम समस्त महाविद्यालय परिवार ने छात्रा की इस उपलब्धि पर उन्हे शुभकामनाए दी। भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 कालेज स्टाफ ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध संयंत्र की कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु) संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग खुर्सीपार क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे कब्जाधारियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए बेदखली अभियान चलाया। इसके पूर्व विगत उतई रोड में और मरोदा स्थित शिवपारा में अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के तहत खुर्सीपार क्षेत्र में सड़क किनारे एमपीआर रोड, खुर्सीपार जोन-2 में शासकीय स्कूल के पास अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते हुए संयंत्र की भूमि पर बन रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर हटा दिया गया। इसके पूर्व भी संयंत्र के एनफोर्समेंट विभाग द्वारा उतई रोड में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। ऐसी ही कार्यवाही मरोदा स्थित शिवपारा में दो स्थानों पर लगभग अवैध कब्जे को हटाया गया। अवैध कब्जाधारियों द्वारा संयंत्र की भूमि का घेराव कर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को तोड़ा गया। इसके अतिरिक्त असामाजिक तत्वों द्वारा संयंत्र की भूमि के अवैध रूप से खरीद फरोख्त किये जाने की जानकारी सामने आई है। संयंत्र की भूमि की किसी भी प्रकार से खरीद बिक्री और स्थानातरण संभव नहीं है। प्रवर्तन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी जानकारी मिलने पर प्रवर्तन अनुभाग और स्थानीय पुलिस विभाग को तत्काल सूचित करें। इन असामाजिक तत्वों और दलालों के विरुद्ध भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। संयंत्र अपने आवासों को भी जनसामान्य को किराये पर नही देता है। कोई भी व्यक्ति संयंत्र के आवास किसी भी व्यक्ति के कहने पर किराये से ना लें तथा दलालों व असामाजिक तत्वों से दूर रहें। प्रवर्तन विभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।

## सालाना तीन दिवसीय उर्स पाक शानो शौकत से मनाया गया

**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। हजरत दाता बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि का सालाना तीन दिवसीय उर्स पाक ग्राम बीरेभाठ (नंदिनी एयरोड्रम के समीप) स्थित खानकाह में पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया। शुरू हुए उर्स में देश के अलग अलग हिस्सों से अकीदतमंद पहुंचे। यह उर्स पाक बाबा सरकार के जानशीं (उत्तराधिकारी) हजरत कायम शाह वली (बाबू सरकार) की निगरानी और मौजूदगी में शुक्रवार को लंगर और फातिहा ख्वानी के साथ संपन्न हुआ। पहले दिन उर्स की शुरूआत बाबू सरकार के हाथों अलम शरीफ फहराने के साथ हुई। रात में महफिले मिलाद, लंगरए फातिहा और शिजरा ख्वानी में अकीदतमंद बड़ी तादाद में जुटे। दूसरे दिन सूफी संत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की सुन्नत की अदायगी में गागर शरीफकी रस्म अदा की गई। जिसमें खास तौर पर तैयार की गई मटकियों में पानी भर कर खानकाह में लाया गया। इसके बाद लंगर में लोग शामिल हुए और समा महफिल में मंजूर आलम साबरी ने कलाम पेश किए। उर्स के आखिरी दिन शुक्रवार को कुल शरीफ की फातिहा हुई और मुल्क में अमन व चैन की दुआएं की गईं। आर्किटेक्ट हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि भिलाई की इस खानकाह की संगे बुनियाद 6 दिसंबर 2007 को बाबू सरकार ने रखी थी। 13 मार्च 2008 को बाबा सरकार की सालगिरह पर इस सरजमीं पर परचमे साबरी फहराया गया और 5 दिसंबर 2012 को बाबू सरकार के मुबारक हाथों से गुंबद पर कलश लगाया गया। जिनका मजार मुकद्दस उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सलेमपुर स्टेशन से 5 किमी की दूरी पर कस्बा मझौली राज में छोटी गंडक नदी के किनारे है। उन्होंने कहा कि खानकाह में जो भी अकीदतमंद अपनी मुहब्बत के साथ बाबा सरकार की निशानियों की जियारत करता है।

## भिलाई-चरोदा ने चलाया अवैध कब्जे पर कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरोदा कमिश्नर अजय त्रिपाठी से प्राप्त निर्देशानुसार आज क्षेत्र के उन सभी ठेले और गुमटो पर कार्यवाही की गई। जिनके द्वारा स्थानीय प्रशासन से अनुमति के बगैर व्यापार किया जा रहा था। यहा बता दे कि कलेक्टर दुर्ग पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने इस संबंध में पिछले समय सीमा की बैठक मे समस्त निकाय के अधिकारियो को इस विषय में कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किये हैं। जिसके पश्चात भिलाई चरोदा निगम द्वारा ठेले और गुमटी व्यवस्थित करने आज कार्यवाही की गई है। सिरसा गेट भिलाई 3 मे बास बल्ली लगा तंबू में सामान का विक्रय करने वालो, सड़क पर ठेला और गुमटी रखकर यातायात बाधित करने वालो पर निगम दल द्वारा कार्यवाही की गई है। आज की कार्यवाही में कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता विक्टर वर्मा समेत अन्य निगम कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरोदा कमिश्नर अजय त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आम जनता को व राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। सड़क के किनारे ठेले लगे होने से यातायात प्रभावित होता है व सड़क दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। इसे ध्यान में रखकर यह अभियान चलाया गया है।

## आज होगी मतगणना तैयारी पूरी

**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। चुनाव में मतगणना को लेकर अब सभी की नजरें तीन दिसंबर पर टिकी हुई हैं। एक्जिट पोल से कांग्रेस में उत्साह देखा जा रहा है, तो बाकि पार्टीयां एक्जिट पोल पर कम विश्वास कर रही है। एक्जिट पोल में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस लगातार दूसरी बार जीत हासिल करती नजर आ रही है। हालांकि सर्वे के मुताबिक बीजेपी का प्रदर्शन बहुत अच्छा हो रहा है। एक्जिट पाल के आंकड़े सामने आने के बाद कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने अपनी-अपनी जीत के दावे किये हैं। जिसका आज 3 दिसम्बर को फैसला आ जायेगा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बना रही है। जिले में 6 विधान सभा के लिये हुए चुनाव में मतगणना की तैयारी पुरी कर ली गई है। सभी प्रत्याशियों अपनी जीत के प्रति पूर्ण आशांवित है।

## रंगोली बनाकर एड्स के प्रति किया जागरुक



**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विश्व एड्स दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में दो रंगोली बनाई गई जिसमें अलग अलग संदेश के माध्यम से आम जनमानस को एडस एच आई वी रोगो के प्रति जागरूक करने प्रयास किया गया है। डा भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि एड्स एक लाइज बीमारी है। इससे जानकारी ही बचाव है पब्लिक हेल्थ एडवाइजर डा आशीष शर्मा ने बताया असुरक्षित यौन संबंध से बचना चाहिए संक्रमित सुई के उपयोग से बचना चाहिए ब्लड चढ़ाने समय उसकी जांच करवाना चाहिए। इसके अलावा सावधानी बरतनी चाहिए बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि रंगोली में बताया कि विश्व का कोई देश इस रोग की चपेट से बचा नहीं है पृथ्वी में जितने देश है एड्स ओर एच आई वी पीड़ितों की संख्या बढ रही है जो चिंता का विषय है। अस्पतालों में काउंसलर रखे गये है दवा सेंटर स्थापित किया गया है ताकि गोपनीयता बनी रहे इसके बावजूद लोग जांच कराने एवं लक्ष्णो को छुपाते हैं। जरूरत है जागरूकता अभियान को तेज करते हुए ऐसे मरीजों के प्रति संवेदना रखने की जिससे आगे चलकर इस रोग पर रोकथाम किया जाए। रंगोली बनाने वाले बालिकाओं को चाकलेट वितरण कर कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, कुमेश साहू, हिमांशु सूर्य वंशी फार्मासिस्ट विनय निर्मलकर, चम्पा कली सोनी, मीरा साहू का सहयोग रहा।

## स्कूली छात्राओं ने समझा आदिवासी लोकवाद्यों को

**भिलाईनगर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के विज्ञान ज्योति प्रोग्राम के अंतर्गत डोंगरगढ़ के 50 से ज्यादा स्कूली छात्राओं का समूह अपने शिक्षकों के साथ भिलाई पहुंचा। बीती रात इन छात्राओं ने प्रख्यात लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय के मड़ोदा सेक्टर स्थित निवास व कार्यशाला में करीब 2 घंटे बिताए। जहां इन स्कूली छात्राओं ने छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के आदिवासी अंचल से रिखी क्षत्रिय द्वारा एकत्र किए गए लोक वाद्यों को करीब से देखा। इन छात्राओं ने रिखी क्षत्रिय द्वारा से छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी तमाम जानकारियां हासिल की। वहीं छत्तीसगढ़ के परंपरागत वाद्य यंत्रों में कुछ को इन छात्राओं ने बजा कर भी देखा और तमाम गतिविधियों के खूब वीडियो भी बनाए। देर शाम पहुंची इन छात्राओं ने रिखी क्षत्रिय इन वाद्य यंत्रों को संग्रह करने के अनुभव और इन्हें बजाने की तकनीक की जानकारी विस्तार से दी। बच्चियों ने कई सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासा शांत की। इस दौरान रिखी क्षत्रिय ने बताया कि उन्होंने साल 1985 से वाद्य यंत्र संजोने का सिलसिला शुरू किया था, जो अब तक जारी है। छात्राओं के सवाल के जवाब में रिखी ने बताया कि 1984-85 में केंद्र सरकार ने आदिवासियों की संस्कृति का अध्ययन करने एक प्रोजेक्ट दिया था। जिसमें शोध के दौरान उनका आदिवासी वाद्य यंत्रों से परिचय होता गया और इन्हे संग्रहित करने उनका जुनून बढ़ता गया। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि उनके संग्रहालय में सबसे छोटा डेढ़ इंच का वाद्ययंत्र कुहुकी है। जिससे कोयल की आवाज निकलती है। इसी पर उन्होंने संग्रहालय का नाम कुहुकी कलाग्राम रखा है। उन्होंने बताया कि पहले घर के हॉल में वाद्य यंत्रों को रखना शुरू किया, लेकिन जल्दी ही वह छोटा पड़ने लगा। इसके बाद उन्होंने बड़ा हॉल बनवाया। वहीं संग्रहालय में सबसे बड़ा माड़िया वाद्य यंत्र है जो सवा पांच फीट लंबा है। इसकी गोलाई डेढ़ फीट है। उन्होंने बताया कि कुहुकी कलाग्राम में हू.ब.हू शेर की आवाज निकलने वाली वाद्ययंत्र घुमरा भी मौजूद है। उन्होंने इसे बजा कर भी दिखाया। इन छात्राओं और शिक्षकों ने रिखी क्षत्रिय से छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी जानकारी भी ली। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के विज्ञान ज्योति प्रोग्राम 2023-24 के अंतर्गत इस अध्ययन यात्रा में केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगढ़, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगढ़, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मुरमुंदा, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल डोंगरगढ़, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बधियाटोला डोंगरगढ़ की 50 से ज्यादा छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ शामिल थीं।



## आज जिला मुख्यालय में रहेगा शुष्क दिवस

**बेमेतरा** 2 दिसम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय अटल नगर रायपुर से जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन दिसंबर मतगणना के दिन जिला मुख्यालय के देशी-विदेशी शराब दुकान को बंद रखने शुष्क दिवस घोषित किया है।



# मतगणना आज सुबह 8 बजे से, कलेक्टर ने ली प्रेसवार्ता

**राजनांदगांव**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा के मतगणना कार्य के संबंध में प्रेसवार्ता ली। कलेक्टर ने बताया कि रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊसिंग कॉर्पोरेशन बंसतपुर राजनांदगांव में मतगणना होगी। सबसे पहले सुबह 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना प्रारम्भ की जाएगी और सुबह 8.30 बजे से ईवीएम मशीन के मतों की गणना प्रारम्भ होगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मतगणना कक्ष से 100 मीटर की परिधि पैदल क्षेत्र घोषित किया गया है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणन अभिकर्ता एवं मीडिया प्रवेश के लिए मंडी परिसर से होकर द्वार क्रमांक 1 तथा मतगणना कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी के प्रवेश के लिए द्वार क्रमांक 2 नियत किया गया है। मतगणना स्थल पर केल्कुलेटर, मोबाईल, लैपटॉप, आईपैड, इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, धूम्रपान की वस्तुएं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने मतगणना कक्ष के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक मतगणना कक्ष बनाया गया है। प्रत्येक विधानसभा में ईव्हीएम की गणना हेतु 14 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की गणना हेतु 2 टेबल लगाये गये हैं। प्रत्येक टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक, एक गणना सहायक, एक माइक्रो आब्जर्वर रहेगें। प्रत्येक कक्ष में सीसीटीव्ही कैमरा लगाया गया है। मतगणना कक्ष से संलग्न बड़े हॉल में मीडिया सेंटर, उद्घोषणा केन्द्र बनाया गया है तथा अभ्यर्थी व निर्वाचन अभिकर्ताओं के बैठने हेतु स्थान नियत किया गया है। मीडिया सेंटर में टीव्ही, इन्टरनेट के साथ कम्प्यूटर स्थापित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) में 20 दौर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव में 16 दौर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव में 18 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी में 19 दौर में मतगणना पूर्ण होगी। एक दौर डाक मतपत्र की गणना का होगा।

कलेक्टर ने बताया कि ईव्हीएम एवं डाक मतपत्र की गणना पूर्ण होने पर प्रत्येक विधानसभा में रेण्डमली चयनित 5 मतदान केन्द्रों के वीवीपैट की पर्चियों की गणना की जायेगी। अंत में गणना अंतिम परिणाम से संतुष्ट होने पर प्रेक्षक की अनुमति से रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा परिणाम घोषित किया जायेगा तथा विजयी उम्मीदवार को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। प्रत्येक दौर की मतगणना में प्राप्त मत की जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आख्यापित किया जायेगा। उद्घोषणा केन्द्र में भी दौर की मतगणना में प्राप्त मत की जानकारी आख्यापित किया जायेगा। मतगणना का रूझान एवं वोटर हेल्प लाईन मोबाईल एप के माध्यम से देखा जा सकता है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**मतदाता एवं मतदान संख्या-**

चारों विधानसभा क्षेत्रों में 1006 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या 8 लाख 15 हजार 448 है। जिसमें से 6 लाख 67 हजार 531 मतदाताओं ने मतदान किया। जिले के 4 लाख 6 हजार 559 पुरूष मतदाताओं में से 3 लाख 29 हजार 17 पुरूष मतदाताओं, 4 लाख 8 हजार 883 महिला मतदाताओं में से 3 लाख 38 हजार 513 महिला मतदाताओं एवं 6 अन्य मतदाताओं में से 1 मतदाता ने मताअधिकार का प्रयोग किया। इस तरह चारों विधानसभाओं में कुल 81.86 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 80.93 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 82.79 प्रतिशत महिला मतदाता एवं 17 प्रतिशत अन्य मतदाता ने मतदान किया।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत 270 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या 2 लाख 9 हजार 775 है। जिसमें से 1 लाख 71 हजार 861 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 1 लाख 5 हजार 648 पुरूष मतदाताओं में से 85 हजार 813 पुरूष मतदाताओं एवं 1 लाख 4 हजार 123 महिला मतदाताओं में से 86 हजार 48 महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 81.93 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 81.23 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 82.64 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 223 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या 2 लाख 11 हजार 468 है। जिसमें से 1 लाख 67 हजार 332 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 1 लाख 3 हजार 737 पुरूष मतदाताओं में से 82 हजार 240 पुरूष मतदाताओं, 1 लाख 7 हजार 729 महिला मतदाताओं में से 85 हजार 91 महिला मतदाताओं एवं 2 अन्य मतदाता में से 1 मतदाता ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 79.13 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 79.28 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 78.99 प्रतिशत महिला मतदाता एवं 50 प्रतिशत अन्य मतदाता शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत 252 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या 2 लाख 2 हजार 797 है। जिसमें से 1 लाख 70 हजार 557 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 1 लाख 2 हजार 59 पुरूष मतदाताओं में से 84 हजार 382 पुरूष मतदाताओं एवं 1 लाख 738 महिला मतदाताओं में से 86 हजार 175 महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 84.10 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 82.68 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 85.54 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत 261 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 408 है। जिसमें से 1 लाख 57 हजार 781 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 95 हजार 115 पुरूष मतदाताओं में से 76 हजार 582 पुरूष मतदाताओं एवं 96 हजार 293 महिला मतदाताओं में से 81 हजार 199 महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कुल 82.43 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 80.52 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 84.32 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है।

**डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान**

चारों विधानसभा क्षेत्रों से 2 दिसम्बर 2023 तक प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या 4 हजार 260 है। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संचाहक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 3 हजार 567, डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी) 277 एवं विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग व 80+ के डाक मतपत्र की संख्या 416 है।

निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संचाहक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 852, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 963, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 906 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 846 है। डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी) डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 59, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 90, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 74 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 54 है। विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग व 80+ के डाक मतपत्र की संख्या डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 111, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 141, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 95 एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 69 है।

## शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में सेमिनार आयोजित



**सहसपुर लोहारा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बीकॉम भाग 3 के कुल 17 छात्र छात्राओं ने पीं पीं टी के माध्यम से विभिन्न विषयों जैसे आयकर रिटर्न दाखिला करना, भारत में जीएसटी का इतिहास और जीएसटी का प्रभाव, आयकर के संबंध में दी जाने वाली कटौती, अनुपात विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सेमिनार प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक सुश्री काजल साहू द्वारा किया गया इस मौके पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ.(श्रीमती) के एस परिहार, श्री मोना बर्मन, अंजू महोबिया, दीपक पटेल विवेक चौहान, मोहम्मद आरिफ एवं बीकॉम के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव बालिका टीम ने जीती मैच



**राजनांदगांव,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। पिछली विजेता दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में जीत दर्ज की।

वाराणसी में बालिकाओं के लिए 2 से 4 दिसंबर 2023 तक आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अपने पहले लीग मैच में सेंट एडमंड्स स्कूल जयपुर को 42-31अंको से परास्त किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने उक्त संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता है।

वाराणसी में आयोजित बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में देश और विदेश की टीमें भाग ले रही है।

डीपीएस खेलो इंडिया एकेडमी, भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव एवं सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड्मी के खिलाड़ियों से सज्जीत दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम की और से श्रेया घोष, श्वेता सिंह, करिष्मा मीणा, सानिया प्रधान, राजवीर मालाधरे, सोफी सिका, काम्या झा, नेहा मंडावी, प्रसिद्धी सोनकर, रमोली नेताम, अदिती यादव, ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच गीता यादव और मेनेजर मोहन राव है। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की अंतरराष्ट्रीय कोच कालवा राधा राव इस समय सिनियर नेशनल में कोच के रूप में भाग ले रहीं है अतः वे इस प्रतियोगिता में टीम के साथ नहीं है।

## बासीन सोसाइटी में हुई 11876 धान क्विंटल जाम

### परिवहन की आ रही समस्या



**गुरूर,** 2 दिसंबर। गुरुर ब्लॉक के ग्राम बासीन सोसाइटी में 11876 क्विंटल धान जाम की स्थिति है। अब तक यहां 16156 चिंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें से मात्र 4280 चिंटल धान का परिवहन मिलर के माध्यम से हुआ है। संग्रहण केंद्रों में अभी धान का उठाव नहीं हुआ है। सोसाइटी से मिली जानकारी के मुताबिक 30 नवंबर की स्थिति में खरीदे गए धान की कुल राशि तीन अरब 55 करोड़ 67 लाख 558 रुपए है। वही बारदानों की स्थिति देखें तो शासन की ओर से 64667 बारदाने प्राप्त हुए थे। जिसमें से वर्तमान में 24275 बारदाने उपलब्ध हैं। सोसाइटी प्रबंधन ने जल्द से जल्द परिवहन की मांग की है। ताकि अनवरत खरीदी जारी रहे।

## शॉर्ट सर्किट के चलते खड़ी फसल में लगी आग

**खरोरा**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। बीते दिनों पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 10 नेवरा निवासी तुलाराम कश्यप पिता स्व. नंदलाल कश्यप के मुक्तिधाम स्थित खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण पक कर तैयार खड़ा धान में आग लगा गया था जिसमें आधा से ज्यादा खड़ी धान जल कर खाक हो गया। सही समय पर घटना की जानकारी होने पर भूमि स्वामी द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया तब तक फसल आधा जल चुका था। आसपास के खेतों में भी धान खड़ी हुई है यदि आग पर काबू नहीं पाया होता तो कई एकड़ भूमि में लगी धान जलकर खाक हो जाता है इस घटना के चलते भूमि स्वामी सदमे में है इस खेत में पहले भी 1 साल पहले इस खेत में आग लग चुका है या शंका है कि वह साथ सर्किट के चलते आग लगी है खेत के बीचो-बीच बिजली तार कनेक्शन लगा हुआ है आग लगने की घटना 2 साल में दूसरी बार है आग लगा है और नुकसान हुआ है और अपने नुकसान की भरपाई हेतु प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।



## निधन

### रामवती साहू

**खरोरा**, 2 दिसंबर। ग्राम केसला निवासी श्रीमती रामवती साहू का स्वर्गवास 1 दिसंबर हो गया है। उम्र लगभग 80 वर्ष की थी जिनका अंतिम संस्कार 1 दिसंबर शुक्रवार को केशला मुक्तिधाम में किया गया। वे जनकराम साहू, मुकेश कुमार साहू के माता थे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने भी शोक व्यक्त किया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की सभी तैयारियां के संबंध में दी जानकारी

**गरियाबंद,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत 03 दिसम्बर को मतगणना होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार-वार्ता में जिले में मतगणना की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में सफलतापूर्वक मतगणना सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम एवं 55 - बिन्द्रानवागढ़ के वोटों की गिनती के लिए कृषि उपज मंडी परिसर गरियाबंद में दो मतगणना हॉल बनाये गये है। दोनों हॉल में मतगणना के लिए सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दोनों हॉल में ईवीएम मशीन के वोटों की गिनती के लिए 14-14 टेबल तथा डाक मतपत्र तथा ईटीपीबीएस की गणना के लिए 2-2 टेबल लगाये गये है। सबसे पहले सुबह 8 बजे डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस के वोटों की गिनती की जायेगी। तत्पश्चात ईवीएम मशीनों में दर्ज मतों की राउंडवार गणना की जायेगी। मतगणना के लिए विधानसभावार मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना हेतु अभ्यर्थी एवं निर्वाचन/गणना अभीकर्ता की परिस्थिति में विधानसभावार निर्मित स्ट्रांग रूम 03 दिसम्बर को सुबह 7 बजे खोला जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित जिले के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



- कृषि उपज मण्डी परिसर में सुबह 8 बजे से होगी मतगणना
- दोनों विस क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग मतगणना हॉल

प्रेसवार्ता में कलेक्टर छिकारा ने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4 लाख 54 हजार 860 मतदाता दर्ज है। इनमें से 3 लाख 86 हजार 728 मतदाताओं ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार डाक मतपत्र, होम वोटिंग और ईटीपीबीएस के माध्यम से 2 हजार 89 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार जिले में कुल 85.02 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना कार्य में नियोजित अधिकारी-कर्मचारी पेन-कागज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं मोबाईल आदि नहीं ले जा सकेंगे। मतगणना के दौरान अभ्यर्थियों को राउंडवार प्राप्त मतों की जानकारी देने के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में मोबाईल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना हॉल में मोबाईल फोन नहीं ले जा सकेंगे। मतगणना हॉल में पत्रकारों को फोटो व वीडियो कैमरा ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर में बिना आईडी पास के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## 30 छात्रों को 40वीं वा भातिसी पुलिस बल ने 15वीं जनजातीय युवा विनियम हेतु किया रवाना

**डोंगरगढ़,** 2 दिसंबर। सामरिक मुख्यालय, 40वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, डोगरगढ़ के प्रागंण में अनन्त नारायण दत्ता, सेनानी के नेतृत्व में राजेन्द्र सिहं अधिकारी, उप सेनानी द्वारा 15वीं जनजातीय युवा विनियम कार्यक्रम-2023-24 के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा होने वाले 30 स्थानीय युवा जनजातीयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त आयोजन नांगलोई (नई दिल्ली) दिनांक-04.12.2023 से 10.12.23 तक किया गया है जिसमें 40वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित दूर-दराज के गाँवों से आदीवासी छात्रों का चयन किया गया, जिसमें 16 छात्रा एवं 14 छात्र तथा 40वीं वाहिनी भा0ति0सी0पु0 बल की ओर से बतौर अनुरक्षक दल 02 महिला व 01 जवान शामिल है। इस दौरान यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व कमान अधिकारी, 40वीं वाहिनी भा0ति0सी0पु0 बल द्वारा 40वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र से चयनित छात्रों को सम्बोधित किया गया एवं यात्रा के दौरान रहने, स्वास्थ्य एवं एक स्थान से दुसरे स्थान तक आवागमन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में पर महोदय द्वारा विस्तार से जानकारी देकर कार्यकम की सफलता के लिए शुभकामनायें दी गयी। साथ हीं उन्हें परामर्श दिया गया कि यह कार्यक्रम आदिवासी छात्रों के लिए देश के अन्य राज्यों के रीति रिवाजों, पहनावे, खान-पान, संस्कृति, वास्तुकला, शिल्प इत्यादि को जानने का एक सुनहरा अवसर है ताकि यहां के स्थानीय लोग भी देश के विभिन्न स्पर्द्धाओं में भागिदारी दे सकें। अन्त में महोदय द्वारा चयनित छात्रों के माता-पिता को भी इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं छात्रों को कार्यक्रम का दिल से आनंद उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



## वीआईपी रोड रिपेयरिंग शॉप में गैस सिलेंडर से धमाके से दहला शहर



**राजनंदगांव,** 2 दिसंबर। ग्रीन हाइट्स के सामने वीआईपी रोड में स्थित गैस रिपेयरिंग सेंटर में एक साथ अनेकों गैस सिलेंडर के भारी धमाके के साथ फट जाने से आग धधकने से सनसनी फ़ैल गई हैं। जिला नियंत्रण कक्ष पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना आज शाम 6ः19 बजे की है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स और फायर ब्रिगेड घटनास्थल पहुंच कर बचाव कार्य में लग गई है सन सनीखेज खबर के बाद लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट रही है जान माल के नुकसान की खबर अभी नहीं है प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान का नाम सिन्हा गैस रिपेयरिंग सेंटर था।नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने कहा कि वे मौके पर तो नहीं है लेकिन फोर्स भेज दिए हैं बसंतपुर थाना प्रभारी श्री मिश्रा तत्काल दल बल सहित घटनास्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी लगातार आग पर नियंत्रण करने सक्रिय रही इस घटना से जनहानि नहीं हुई है मिली जानकारी के मुताबिक एक के बाद एक 8से 10 सिलेंडर में ब्लास्ट होने की बात सामने आ रही है आसपास के दुकानों में आग फैल गई है जिस पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना स्थल सबसे पॉश एरिया गौरव ग्रीन हाईट्स के सामने घटना की अग्नि लपटों और भयानक विस्फोट को देखने शहर उमड़ पड़ा लोगो को यह घटना की पुनरावृति न हो और दोषी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की आवाजे उठने लगी है।

## खेरथा स्कूल में आनंद मेला का आयोजन



**देवरी बंगला, बालोद**, 2 दिसंबर।- दि.1-12-2023 शुक्र वार को शा. उ. मा. शाला खेरथा बाजार के प्रांगण मे आनंद मेला का आयोजन बड़े धूम धाम से किया गया द्य इस आयोजन मे संस्था के सभी छात्र छात्राएं बड़े उत्साह से भाग लिए द्य शाला स्तरीय एवं संकुल स्तरीय इस आनंद मेला मे शा. उ. मा. शाला खेरथा बाजार, शा. पूर्व मा. शाला खेरथा बाजार, शा. प्राथमिक शाला खेरथा बाजार, शा. प्राथमिक शाला रामनगर खेरथा बाजार, शा. प्राथमिक शाला सिरपुर, शा. प्राथमिक शाला बड़े पारा आतरगांव, शा. प्राथमिक शाला खेरथा बाजार छोटे पारा आतरगांव के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए द्य संस्था प्रभारी पी. एस. सो री सर ( व्याख्याता), वाई. एल. सिन्हा ( प्र. पा.), समिति सदस्य गण एवं संस्था के समस्त शिक्षक स्टाफ के द्वारा विधिवत चाचा नेहरू जी एवं मा सरस्वती फोटो प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवलिट एवं पूजन कर आनंद मेला का शुभारंभ किया गया द्य इस आयोजन मे सभी संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ, सभी शाला के समिति सदस्य गण, पालक गण, ग्रामीण जन, महा विद्यालय के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर आनंद मेला खूब आनंद लिया द्य संकुल समनव्यक श्री डी. लोन्हारे के निर्देशन मे संकुल स्तरीय आनंद मेला का आयोजन किया गया द्य जो अच्छा सराहा नीय रहा द्य आनंद मेला का निरीक्षण गंगबाइर सर, धरम गुडी सर एवं देवांगन सर के द्वारा किया गया द्य अन्त मे संस्था प्रमुख के द्वारा इस सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद, बधाई, शुभ कामना प्रेषित की गई।

## विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन



**डोंगरगांव,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में रा से यो एवं रेडक्रास द्वारा 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। रा से यो कार्यक्रम अधिकारी बसंत कुमार यादव ने बताया कि इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुमरदा के डॉक्टर विजय मेश्राम, जीवरखन साहू सुपरवाइजर एवं जनकल्याण सामाजिक संस्था राजनांदगांव से लिंक वर्कर आशा राजपूत,एवं पूर्णिमा तारम द्वारा एड्स कारण ,निवारण एव बचाव इस विषय पर महती उपयोग की जानकारी प्रदान किया गया। व्याख्याता वीरेंद्र कुमार वैष्णव ने एड्स जागरूकता के गीत प्रस्तुत किए।इस अवसर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मिलाप दास साहू, व्याख्याता टी आर पिसदा, मनोज शर्मा, अखिल पटेल, मितवेष डोंगरे,रामकलिंद भूआर्य,कुमन ठाकुर,भारती यादव,विमलेश्री रामटेके , पी टी आई सुरेश तिवारी समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला राजनांदगांव में आनंद मेला आयोजित

**राजनांदगांव,** 2 दिसंबर। राजनांदगांव संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, में 30.11.2023 दिन-गुरूवार को संस्कार सिटी कॉलेज एवं स्कूल के छात्रों के द्वारा साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के सभी प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर बाल मेला में विभिन्न खाने पीने के स्टाल व झूले आदि लगाय ।कार्यक्रम की जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर गुरप्रीत कौर छाबड़ा जी के द्वारा दी गई।



## मतगणना के मद्देनज़र जिला मुख्यालय मे रहेगा शुष्क दिवस

**बेमेतरा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय अटल नगर रायपुर से जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन दिसंबर मतगणना के दिन जिला मुख्यालय के देशी-विदेशी शराब दुकान को बंद रखने शुष्क दिवस घोषित किया है।

# कलेक्टर एल्मा ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को प्रेस ब्रीफिंग में मतगणना प्रक्रिया, मतगणना के किये गये प्रबंधों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी

■ विधानसभा क्षेत्र साजा, नवागढ़ की 22-22 राउंड और बेमेतरा की 20 राउंड में पूरी होगी गणना



**बेमेतरा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन -2023 मतगणना का कार्य कल 3 दिसंबर (रविवार) को जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा आज शनिवार को मीडिया सेंटर में जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रेस ब्रीफिंग में मतगणना प्रक्रिया, मतगणना संपन्न कराने के लिये किये गये प्रबंधों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे भी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 3 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रारंभ की जायेगी। इनमें सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना होगी और इसके 30 मिनट बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ की जायेगी।

उन्होंने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा वार अलग-अलग गणना के लिये तीन कक्षों में मतगणना की व्यवस्था की गई है। तीनों विधानसभा के लिए 14-14 टेबल एवं पोस्टर बैलेट की गणना हेतु 2-2 टेबल लगाये गये है। विधानसभा क्षेत्र 68 साजा और 70 नवागढ़ की गणना 22-22 चक्र में और विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा की गणना 20 चक्र में पूरी होगी।

त्रिस्तरीय सुरक्षा के बीच कल 03 दिसम्बर को सुबह बजे 8 बजे गोपनीयता बनाए रखने की शपथ के साथ मतगणना का काम शुरू होगा। सबसे पहले ईटीपीबीएस, डाक मतपत्र की गणना प्रारंभ होगी। गणना प्रारंभ होने के आधे घंटे बाद मशीनों (ईवीएम) से मतों की गणना की प्रक्रिया शुरू होगी। तीन दिसम्बर को सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम खोले जायेंगे। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी ।

मतगणना स्थल में केवल उम्मीदवार, उनके निर्वाचन अभिकर्ता व मतगणना एजेंट को ही जाने की अनुमति रहेगी। शांतिपूर्ण मतगणना एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु कृषि उपज मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार (प्रवेश द्वारा क्रमांक 01) से सभी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अधिकृत व्यक्ति एवं मीडिया प्रतिनिधि निर्धारित पहचान पत्र के साथ मतगणना स्थल एवं परिसर में पैदल प्रवेश करेंगे। उनके वाहनों की पार्किंग के लिए तीन जगह व्यवस्था की गयी है। पहला मंडी मुख्य प्रवेश द्वार के सामने का एक तरफ का मार्ग (सिग्नल चौक से लेकर गस्ती चौक तक), दूसरा गस्ती चौक पास पार्किंग स्थल और तीसरा गस्ती चौक से दुर्गा मंदिर के मध्य स्थित स्थान में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गयी है। बिना परिचय पत्र के किसी को भी परिसर के अन्दर जाने की इजाजत नहीं होगी।

मतगणना कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी रायपुर रोड वाली सड़क (प्रवेश द्वारा क्रमांक-2) से प्रवेश करेंगे, जिनके लिए धान खरीदी स्थल के पास में वाहन पार्किग की व्यवस्था की गयी है। उनका मतगणना कक्ष में मोबाईल एवं अन्य अनुचित सामग्री लाना प्रतिबंधित है। मतगणना कक्ष, परिसर में तरल, ज्वलनशील पदार्थ, अनुचित नुकीली वस्तु, धूम्रपान, गुटखा व मोबाईल का प्रवेश पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा।

कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि सभी पास धारियों से आग्रह किया कि वे अपना प्रवेश पास सुरक्षा कर्मियों को दिखे (दृष्टि गोचर) इस ढंग से गले में फीता अथवा शर्ट के पाकिट में पिन लगाकर सदैव रखें। पूरे मतगणना स्थल में मोबाइल, स्मार्ट वॉच, लैपटॉप, आईपेड, किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी । प्रशासन की ओर से परिसर में उक्त सामग्रियों को रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिन्हें समय पर मेडिसिन लेनी होती है वे अपने मेडिसिन साथ रख सकते है।

# अभ्यर्थी/ निर्वाचन अभिकर्ता को मतगणना केंद्र का अवलोकन कराया



**बेमेतरा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 का रिजल्ट समीप है 7 कल 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के लिए आज जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता को मतदान केंद्र का अवलोकन करवाया, इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र मे मतगणना की तैयारी की जानकारी ली 7 मतगणना केंद्रों मे साजा व नवागढ़ के अभ्यर्थी ने मतगणना केंद्र, की और सुरक्षा व्यवस्था को देखा 7 अभ्यर्थियों को अवलोकन करने में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा व तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर उसके महत्व एवं उसकी विशेषताओं की जानकारी दी



**गुण्डरदेही,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में संविधान दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया संविधान दिवस के महत्व को समझाते हुए प्राचार्य डॉ.डीआर.मेश्राम ने छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाई तथा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया इस आयोजन में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को संविधान के महत्व एवं उसकी विशेषताओं की जानकारी प्रदान की इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भारतीय विविधता में संविधान की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए बीएससी भाग तीन के छात्र चन्द्रशेखर ने स्वरचित कविता के माध्यम से संविधान के निर्माण को चिन्हांकित किया बीए.भाग-दो की छात्रा हेमा देवांगन तथा बीएससी भाग दो की छात्रा लैना आडिल ने अपने भाषण में विविधता के मध्य मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य के तालमेल के बारे में बताया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डीआर.मेश्राम ने प्रतिभागियों की सराहना की तथा छात्र-छात्राओं को भाईचारे के साथ रहने तथा सेवा के लिए प्रेरित किया।

# कलेक्टर-एसपी ने कृषि उपज मंडी परिसर में मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे समस्त अधिकारियों एवं जवानों को ब्रीफ कर दिये आवश्यक निर्देश

**बेमेतरा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा, नवागढ़ और साजा की मतगणना कल 3 दिसम्बर 2023 (रविवार) को जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर के अन्दर बनाये गये मतगणना कक्ष में सबेरे आठ बजे से होगी। कृषि उपज मंडी में रविवार को होने वाले मतगणना को लेकर जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता तैयारी की गई है। आज दिनांक 02.12.2023 को कृषि उपज मंडी परिसर में विधानसभा चुनाव 2023 के मतगणना कार्य के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था को लेकर, जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता ने मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को फॉलिंग, ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की जानकारी दिया गया। जिसमें मतगणना कक्ष में ले जाने वाली सामाग्री कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंगआफिसर द्वारा प्रदाय किये गये की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रो में प्रयोग में लायी



गई है। प्लास्टिक पेन/पेंसिल।

मतगणना कक्ष में मोबाईल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बिडी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य अनुचित सामग्री लाना प्रतिबंधित है।

इस दौरान अपर कलेक्टर डां. अनिल बाजपयी, अपर कलेक्टर सी. एल. मारकंडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा, उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, डिप्टी कलेक्टर आर. के. सोनकर, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के सहायक कमांडेंट अम्रेश विश्वास, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी ब्रिज किशोर यादव, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत सहित जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता ने आज रिहर्सल (माक ड्रिल) के दौरान कृषि उपज मण्डी बेमेतरा परिसर मतगणना स्थल में तीन लेयर में की गई सुरक्षा व्यवस्था में लगे पहली और बाहरी स्तर पर लगे जिला पुलिस बल एवं द्वितीय और मध्य स्तर पर स्टेट आर्म फोर्स सुरक्षा व तृतीय स्तर पर सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल (केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स) निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा। विधानसभा निर्वाचन 2023 का ज़िले की तीनों विधानसभा 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ का मतगणना कार्य कृषि उपज मंडी परिसर बेमेतरा में स्थित भवन में होना है मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने, आदर्श अचार सहिता का पालन करने एवं चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के सहायक कमांडेंट अम्रेश विश्वास, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी बृज किशोर यादव, सहायक कमांडेंट शिव कुमार निषाद एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारियों सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**गुरुर,** 2 दिसम्बर (देशबंधु)। गुरुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला भेजा जंगली में शैक्षिक नवाचार एवं बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए समय समय पर शिक्षकों के द्वारा विविध शैक्षिक गतिविधियाँ कराई जाती हैं। इस बार शनिवार बाल सभा पर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बच्चों ने घर से विविध परिधान पहनकर आए थे। प्रधान पाठक षड प्रकाश किरण कटेन्द्र ने बताया कि एक दिन पूर्व आयोजन की जानकारी बच्चों को दिया गया। साथ ही उन्हे ड्रेस दिया। पालकों ने तैयार कराकर स्कूल भेजे थे। कृष्ण बने थे वासुदेव गंगवंशी , बलराम दक्ष कुमार , शंकर प्रवीण कुमार , हनुमान बने थे। रोहण तथा मिथिल आदिवासी परिधान पहने थे। जतिन एवं नोमेश हीरो बने थे दिव्यांशू एवं नर्स बनी थी नोविया। इस कार्यक्रम प्रथम स्थान पर कृष्ण के वेशभूषा पहने वासुदेव रहे। द्वितीय आदिवासी वेशभूषा में जतिन एवं नोमेश रहे। इस अवसर पर गौतम मरकाम सहायक शिक्षक , शकुन्तला गंगवंशी , मेला बाई , सुकली बाई , रजमत कोवाची ,शिवबती विश्वकर्मा ,पेमन सेन , नीलेश सेन , गौकरण हिड़को उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सभापति विप्लव ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**खैरागढ़,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया श्री साहू ने स्वयं धान के बोरे को तराजू में तौलकर देखा धान खरीदी केंद्रों में जाकर उन्होंने स्वयं जायजा लिया जैसे उदयपुर, जालबांधा, मडोदा, भोरमपुर, अतरिया, रगरा, सिलपट्टी, गोपालपुर, बुधानभाठ, अमलीडीह, भुलाटोला, पिपरिया, पांडादाह, ईटार, जंगल गातापार सहित अन्य समितियों का दौरा किया श्री साहू ने समिति प्रबंधक, कर्मचारियों व क्षेत्र के किसानों से मिलकर मुलाकात की और सरकार की नीतियों के तहत धान खरीदी व्यवस्था को नियमित रूप से संचालित करने के लिए कहा साथ ही क्षेत्र के किसानों को कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर स्वयं से सम्पर्क करने के लिए कहा राज्य सरकार द्वारा 1 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी लगातार की जा रही है. खरीदी को अब 1 माह हो चुका हैं, वहीं कई किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचा जा चुका है. धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए संबंधित अधिकारी द्वारा लगातार दौरा कर रहे हैं और कर्मचारियों को आदेशित कर रहे हैं कि व्यवस्थाओं में किसी तरह की कोई दिक्कतें न आए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो धान के उठाव मे थोड़ी सी परेशानी समितियों को हो रहा है, बीते वर्ष की तरह इस वर्ष बारदाना को लेकर ज्यादा समस्या नहीं रहा है. बफर लिमिट से अधिक मात्रा में धान होने के कारण थोड़ी बहुत दिक्कत आ रही है. सभापति विप्लव ने धान उठाव के लिये मौके पर ही मार्केटिंग आफिसर से टेलीफोन पर बातचीत की है.



# 16 दिसंबर को खैरागढ़ में होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**खैरागढ़,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जिला विधिक के अध्यक्ष आलोक कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के दिशा निर्देशानुसार अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ की अध्यक्षता में 16 दिसंबर को होने वाले नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए 1 दिसंबर को व्यवहार न्यायालय में बैंक, नगर पालिका, टेलीफोन, विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ मिलकर एक बैठक का आयोजन किया गया



■ लोक अदालत में अधिक मात्रा में होगा मामले का निपटारा

पाठको को बता दे कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को होने वाला था जिस पर संशोधित किया गया है. जो 16 दिसम्बर को आयोजित होगा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप के द्वारा 1 दिसंबर को बैंक, नगर पालिका, टेलीफोन,विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग, व्यवहार न्यायाधीश गुरुप्रसाद देवांगन,छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अनुज खरे, आईडीबीआई बैंक से दीपक कुमार साहू, नम्रता थॉमस, गोपी लाल वर्मा पंजाब नेशनल बैंक से संदीप कुमार बैंक ऑफ महाराष्ट्र से टी डी वर्मा विद्युत विभाग से मेघनाथ चंद्रवंशी, नगर पालिका सीएमओ प्रमोद शुक्ला,पियूष चंद्र यदु, टेलीफोन ऑफिस से सी आर चूरेंद्र पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू उपस्थित रहे।

# 8 वॉ 'किड-फिट डे' खेल दिवस का सफलतापूर्ण आयोजन

**बेमेतरा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। बच्चों में खेल भावना जगाने की अनिवार्यता को आवश्यक बनाते हुए, ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा ने 02 दिसंबर, 2023 को छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल के खेल प्रांगण में खेल दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह विद्यालय का 8 वॉ किड-फिट डे कार्यक्रम था।

इस कार्यक्रम का प्रसंग (थीम) ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' रखा गया था।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा एसपी श्रीमती भावना गुप्ता के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल जलाकर किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में आए बेमेतरा एसपी श्रीमती भावना गुप्ता का स्वागत स्कूल बैंड के प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की संचालिका श्रीमती भावना बोहरा भी मौजूद थी, साथ ही उन्होने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रायमरी विंग के छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प-गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों के स्वागतम् अभिवादन नृत्य से किया गया।

यह गर्व का क्षण था कि हर छात्र सच्ची खेल प्रतिभागी के साथ शपथ ले रहा था। विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन हुआ जिसमें खासकर नर्सरी के प्यारे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर विभिन्न खेलों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों का उत्साह वर्धन समूचित प्रस्तुत माता-पिता द्वारा तालियों के गड़गड़ाहट के साथ किया गया। जो कि अति प्रशंसनीय व सराहनीय था। बच्चों के खेल के प्रदर्शन के प्रति लगाव को देखकर पालकों ने इन्हे सराहा।

नर्सरी के बच्चों द्वारा ब्लूमिंग ब्लासम ड्रील और फ्लाईंग बर्ड रेस का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्राओं में प्रथम स्थान पर अश्री द्विवेदी, द्वितीय स्थान पर दिक्षा चन्द्राकर एवं तृतीय स्थान पर गौमिनी सोनी रहे तथा छात्रों में प्रथम स्थान पर मिराज सोनवानी, द्वितीय स्थान पर अर्नित बाखला एवं तृतीय स्थान पर स्मित घृतलहरे रहे। पी.पी.-1 के बच्चों द्वारा ड्रीजलिंग टाट्स ड्रील और कलेक्टींग पॉइंट्स रेस का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर अंकुश पहल, द्वितीय स्थान पर दुत्विक सिन्हा एवं तृतीय स्थान पर समर भारती रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर ईसान्वि सिंह, द्वितीय स्थान पर लक्षिता राणा एवं तृतीय स्थान पर आराध्या टंडन रहे। पी.पी-2 के बच्चों द्वारा ओलिंपिक रिंग्स ड्रील एवं किडी क्राल रेस का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर तेजस बंजारे, द्वितीय स्थान पर गुमन कुमार चन्द्राकर एवं तृतीय स्थान पर नृषद सिन्हा रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर गीतिका बंजारे, द्वितीय स्थान पर गीतिका बघेल एवं तृतीय



स्थान पर लुसिका साहू रहे। कक्षा पहली के छात्रों द्वारा एथलिट ड्रिल और और रग्बि रेस का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर समर्थ तिवारी, द्वितीय स्थान पर आयुष वर्मा एवं तृतीय स्थान पर अनिरूद्ध त्रिपाठी रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर वर्तिका कश्यप, द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी तांडीया एवं तृतीय स्थान पर वैष्णवी रहे। कक्षा दूसरी के छात्रों के द्वारा मेज स्प्रिंटर्स और फ्लेग ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर एश्वर्य शर्मा, द्वितीय स्थान पर अंशुल लकड़ा एवं तृतीय स्थान पर रियान वर्मा रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर आरोही एस चौबे, द्वितीय स्थान पर पूर्वी बंजारे एवं तृतीय स्थान पर आर्या देवांगन रहे। कक्षा तीसरी के छात्रों ने भी बास्केटबाल ड्रील और आब्सटेकल स्प्रिंट रेस का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर रूद्र पटेल, द्वितीय स्थान पर प्रथम पाण्डेय, एवं तृतीय स्थान पर अभिनव वर्मा तथा छात्राओं में प्रथम स्थान में मिस्टी पटेल, द्वितीय स्थान पर अदिति राजपूत एवं तृतीय स्थान पर सृष्टि वर्मा रहे।

छात्र-छात्राओं के द्वारा स्पोर्ट्स विलेज डिस्प्ले कार्यक्रम बड़े ही अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया गया। जो कि पालकों व छात्र-छात्राओं के लिए मनमोहक प्रदर्शन रहा।

साथ ही माता-पिता के लिए भी पैरेंट्स रेस का आयोजन किया गया। जिसमें माताओं की रेस में प्रथम स्थान पर श्रीमती मनिषा कौशल व द्वितीय स्थान पर श्रीमती इंदू रानी साहू रहे और पिताओं के रेस में प्रथम स्थान पर राजेन्द्र कुमार ढांडिया व द्वितीय स्थान पर श्री अमरदीप धृतलहरे रहे।

पैरेंट्स और शिक्षकों के बीच एक सरप्राइस गेम ''टग आफ वार (रस्साकशी खेल)'' रखा गया, जिसमें प्रथम राउंड में टिचर्स की टीम विजेता रहे और दुसरे राउंड में पैरेंट्स की टीम विजेता रहे।

कार्यक्रम के अंत में कुछ पालकों में से श्री किशोर कुमार डहरिया जी और श्रीमती संजना सलूजा ने कार्यक्रम की सराहना की, बच्चों के कड़ी मेहनत व लगन के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही सभी टीचर्स को इस कार्यक्रम के प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीए।

सभी बच्चों ने कड़ी मेहनत के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सक्षम, दृढ़निश्चयी और एक दूसरे के प्रति शानदार खेल का प्रदर्शन किया ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पंकज जोशी ने बच्चों को खेलों के प्रति उनके रूझान को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही जूनियर विंग की प्रधानाध्यापिका डॉ. अंकिता शर्मा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सी.ई.ओ. विनीत राजौरिया सी.ओ.ओ. अंशुल शर्मा भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे और समय-समय पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे।

सभी विजेताओं को विद्यालय की संचालिका भावना बोहरा, विद्यालय प्राचार्य श्री पंकज जोशी, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सी.ई.ओ. विनीत राजौरिया एवं जूनियर विंग की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ. अंकिता शर्मा के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार वितरण किया गया।

विद्यालय की संचालिका भावना बोहरा ने कहा कि आज के इस आयोजन में छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में दायित्व एवं अनुशासन का पालन कर्मठता के साथ करें और अपने लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करें। उन्होने आगे कहा कि खेल बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देता है। हम सभी को भी अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर कुछ समय अपने मनपसंद खेल को खेलना चाहिए। उन्होने आज के इस आयोजन में पालकों को बड़ी संख्या में सम्मिलित होने पर आभार व्यक्त किया एवं सभी शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उल्टा पुल्टा

पति- प्यास लगी है पानी लेकर आओ।
पत्नी - क्यों न आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति - वाह वाह...! मुंह में पानी आ गया..
पत्नी - आ गया न मुंह में पानी, बस इसी से काम चला लो।

# रोज पाइपलाइन टूट रहा, 4 लेन रोड का कार्य रोज प्रभावित

## पालिका प्रशासन और पीडब्लूडी के इंजीनियर पहुंचे मौके पर, पीएचई विभाग रहा नदारद



**नवापारा-राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर के नागरिक इन दिनो पेयजल को लेकर एक तरह से न केवल घिरे हुए है बल्कि काफी परेशान भी है। कारण भी साफ है। शहर के मेनरोड नेशनल हाइवे में चौड़ीकरण का काम हो रहा है। इससे रोज पाइपलाइन टुट रहा है। पाइपलाइन टुटने की वजह से पेयजल तो प्रभावित हो ही रहा है बल्कि सड़क के काम में विलंब का एक कारण यह भी बनता जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन पाइपलाइन टुटने की वजह से हलाकान है। चूंकि पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नही हो पा रही है। शनिवार दोपहर पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा वार्ड नं 2 जो सड़क किनारे है यहां पहुंचे। इन्होने पाइपलाइन टुटने को लेकर कहा कि इसकी जिम्मेदारी सड़क बनाने वाले ठेकेदार और पीएचई विभाग की है। जिनके वजह से रोज ऐसी नौबत आ रही है। अब तक कोई सौ से अधिक जगहो पर पाइपलाइन टुट चुका जिसे फिर से बनाने में पालिका को मशक्कत करना पड़ता है। मौके पर विभाग के इंजीनियर ऋषि सेन पहुंचे। वे भी पाइपलाइन के टुटे हुए हिस्से को देखा। बताया कि इसकी पूरी जवाबदारी पीएचई विभाग की है। पीडब्लूडी द्वारा डेढ़ साल पहले पीएचई को रोड के नीचे पाइपलाइन को सड़क किनारे नाली से लगे हुए शिफ्टिंग के लिए पूरी राशि दे दी गई है बावजूद पीएचई द्वारा इस काम को गंभीरता से नही की गई है जिसका खामियाजा नगर की जनता, पीडब्लूडी और नगर पालिका प्रशासन को भोगना पड़ रहा है। डेढ़ साल का समय कम नही होता। यदि पीएचई विभाग गंभीरता के साथ सड़क निर्माण काम के शुरू होने के पहले इसे कर देता तो ऐसी नौबत हर्गिज नही आती। सड़क का काम भी कब का पूरा हो जाता और जनता तथा पालिका प्रशासन को परेशानियो का सामना करना नही पड़ता।

**शहर के नागरिक पेयजल के लिए तरस रहे**

इस संबंध में पीएचई विभाग के इंजीनियर नेतराम वर्मा को विभाग का पक्ष जानने 6 बजकर 33 मिनट पर मोबाइल नंबर 9302733014 पर काल किया गया। घंटी लंबी गई मगर उन्होने फोन रिसीव्ह नही किया। मालूम हो कि कभी भी पीएचई के इंजीनियर को फोन लगाओ तो फोन उठाते नही और न ही नवापारा शहर में कभी आज तारीख तक देखने में नही आया है। शहर की जनता इस अव्यवस्था से न केवल परेशान है बल्कि आक्रोशित भी है जो कभी भी फुट सकता है।

पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी एवं सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने मौके पर इस संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा कि पाइपलाइन फुटने की सूचना पर वे निरीक्षण के लिए आए है। यहां इस स्थिति को देखकर हमारा भी दिमाग खराब हो रहा है। अब तक कोई सौ जगह को तोड़ चुके पाइपलाइन को बनाते-बनाते हालत खराब हो गया है। आए दिन सड़क बनाने वाले पाइपलाइन को तोड़ रहे है। पीएचई विभाग यहां कहीं नजर नही आता। लोगो के गुस्सा का सामना पालिका प्रशासन को करना पड़ता है। वास्तव में देखा जाए तो पूरे शहर के नागरिक पीएचई विभाग के करस्तानी से न केवल बौखलाए हुए है बल्कि सभी का गुस्सा भड़का हुआ है। इतने बड़े शहर को पीएचई विभाग कुछ भी नही समझ रहा है। लोग रोज पानी के लिए हलाकान हो रहे है और विभाग के गैरजिम्मेदार अधिकारी कानो में तेल डालकर सोए हुए है।

# यह है राजिम के त्रिवेणी संगम महानदी की दुर्दशा



**नवापारा-राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। यहां त्रिवेणी संगम का पानी न पीने योग्य है या नहाने योग्य और ना ही निस्तारी की योग्य है पानी में इतना काप जमा हो गया है इसलिए नहाने से लोगों को खुजली शुरू हो जाती है खुजली ही नहीं लोगों को हाथी पांव की भी शिकायत इसी पानी से हो रही है, महानदी को स्वच्छ रखने के लिए अभियान की आवश्यकता है.

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। कसडोल थाना अंतर्गत एक पीडिता ने शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाले के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराये जाने की मामले पर पुलिस ने आरोपी को जांच कार्यवाही के दौरान अपराध सिद्ध पाये जाने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 नवम्बर 2023 को पिडिता ने थाना कसडोल उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि सन् 2022 अप्रैल को शादी में ग्राम सेमरिया गयी थी। तब आरोपी अर्जुन साहू 25 वर्ष साकिन कोसमसरा सेमरिया से जान पहचान हुआ, आपस मे बातचीत करते थे। तब आरोपी द्वारा मै तुमसे प्यार करता हूं, शादी करूंगा कहकर, बोलता था। सन 2022 माह अप्रैल में सेमरिया में थी, घर में कोई नही था। उसी समय अर्जुन साहू आया और पीडिता से शारीरिक संबंध बनाया और पीडिता के घर मे भी आरोपी के द्वारा शारीरिक संबंध बनाया तथा ग्वालियर ले जाकर होटल मे भी मांग मे सिंदुर भरकर शादी कर लिया हु कहकर झासे मे लेकर लगातार 1 माह तक अपने पास रखा। सांथ ही आरोपी अपने घर सेमरिया में 11 नवम्बर 2023 से 13 नवम्बर 2023 तक रखकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रजातंत्र की ताज के लिए किस्मत का पिटारा खुलेगा आज

■ रूपनारायण सिंह राजपूत

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रजातंत्र की इस दौर में जिस प्रकार नेताओं में शीर्ष स्थान होता है किंतु उनके लिए रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने के दायित्व संविधान ने जनता के हाथों में दिया है। चुनाव के सरगर्मी के बीच शांत किंतु उबाल मारता प्रत्याशियों की दिल की धड़कन घड़ी की सुई की गति से भी तेज चलने लगी है। ताकि ताज किसके मत्थे सुशोभित होगी। बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे, भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल जांगड़े और बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी श्याम टंडन तीनों प्रत्याशियों का भविष्य मत पेटी बंद है। आज रविवार को तीनों प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य की दशा और दिशा दोनों तय होगा कि क्षेत्र में कविता प्राण लहरे की सुर गुंजेगी की कमल की महक से क्षेत्र सारोबार हो जाएगी या फिर क्षेत्र में हांथी की चिंघाड़ सुनाई देगी। तीनों प्रत्याशियों का भविष्य मतपेटी में बंद है जो आज खुलने जा रही है।



तीनों प्रत्याशियों ने खुब मेहनत की है। चुनाव परिणाम को लेकर तीनों प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के धड़कनें जरुर बढ़ीं हुई है। सभी अपनी अपनी जीत का दावा करते नजर आ रहे हैं। क्षेत्र की जनता जनार्दन जो भी प्रत्याशी को पसंद किया होगा वही प्रत्याशी विजयी घोषित होगा। कांग्रेस के प्रत्याशी कविता प्राण लहरे विजयी होते हैं या फिर भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल जांगड़े विजयी होते है तो दोनों ही दलों में भारी गुटबाजी देखने को मिलेगी जो दोनों दलों के लिए चिंता का विषय बन सकता है। वही बसपा प्रत्याशी श्याम टंडन जीते तो इस पार्टी में गुटबाजी तो नहीं है लेकिन राज्य में बहुजन समाज पार्टी के सरकार बन नहीं सकती उस परिस्थिति में श्याम टंडन विधायक होते हुए भी क्षेत्रीय विकास में अपनी भागीदारी निभाने में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। हां यदि कांग्रेस भाजपा दोनों दलों को सरकार बनाने में विधायक की जरूरत पड़े तब श्याम टंडन गेम चेंजर की भूमिका में निभाकर सबको चौंका सकते है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जनता जनार्दन की आशीर्वाद से कमल खिलता है या हाथों में हाथ देकर गजपति पर काबू पाया जा सकता है। यह दिलचस्प होगी कि प्रजातंत्र की चमचमाती ताज किस शीर्ष नेता के सिर पर सुशोभित होता नजर आयेगा।

# सर्व छत्तीसगढ़िया समाज का दिवाली मिलन समारोह संपन्न

**बलौदाबाजार,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। रिसदा रोड स्थित मनवा कुर्मी भवन बलौदाबाजार में सर्व छत्तीसगढ़िया महासभा का जिला स्तरीय दिपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के अध्यक्ष डॉ. कुशल राम वर्मा के नेतृत्व में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना पश्चात प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. कुशल वर्मा द्वारा अपना प्रस्तावना प्रकट किया गया जिस पर उपस्थित जन समुदाय द्वारा अपनी अपनी राय व्यक्त किया गया। जिसमें संगठन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में संघ का गठन किया जाना एवं प्रत्येक माह में बैठक रखना सुनिश्चित की गई। दर्जनों समाज प्रमुखों ने भी अपना उद्बोधन दिया।



बैठक में संगठन के अध्यक्ष डॉ. कुशल राम वर्मा, संरक्षक पुहुप राम यदु, कार्यकारी अध्यक्ष रेवा राम साहू, सचिव राम लाल साहू, कोषाध्यक्ष रिपु सुदन वर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमती नूलेश्वरी बंजारे, श्रीमती शैल सेन, प्रेम नारायण साहू, डॉ. के के नायक, आर सी वर्मा, नरेंद्र बंजारे, भूपेंद्र ध्रुवंशी, श्रीमती सीमा वर्मा, सुशील यादव के अलावा विनोद कान्त, बिहारी राम, विष्णु सेन, हरिशंकर श्रीवास, श्रीमती राशि सेन, श्रीमती कविता सेन, श्रीमती प्रमिला वर्मा, श्रीमती शकुंतला बघमार, श्रीमती कांति वर्मा, श्रीमती राधा ध्रुव, हरिशंकर सेन, आत्माराम साहू, योगेश साहू, मुंलेश्वर श्रीवास, विनय गुप्ता, एस पी वर्मा, रामकुमार साहू, सुरेंद्र साहू, कमलेश साहू, रोहित निषाद, फिरन साहू आदि सभी समाज के सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राम लाल साहू सचिव द्वारा करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।

# अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता को मतगणना हाल में प्रदाय किए जाएंगे कैलकुलेटर

**बलौदाबाजार,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। 3 दिसंम्बर 2023 को होने वाले विधानसभा चुनाव के मतगणना के दौरान पासधारी अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना हाल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए एक एक एनालॉग कैलकुलेटर प्रदाय किये जायेंगे। इस सम्बंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा मतगणना हाल में साथ ले जाए जाने वाले और नही ले जाए जाने वाले सामग्रियो की चेक लिस्ट भी संलग्न की गई है। प्रतिबंधित सामग्री-मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा मतगणना हाल के भीतर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। इन सामग्रियो को साथ ले जा सकेंगे- कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किये गए ईवीएम व वीवीपैट की सूची, प्लास्टिक पेन या पेंसिल को पासधारी अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता मतगणना हाल के भीतर साथ ले जा सकेंगे।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित बीड़ी, गुटखा ले जाना रहेगा प्रतिबंधित**

# एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल, पटेवा में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**नवापारा राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। एड्स के बारे में हमारे समाज में कई प्रकार का भ्रम फैला हुआ है, जिसकी वजह से इससे पीड़ित लोगों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल, पटेवा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। रेड रिबन से एड्स जागरूकता सांकेतिक चिन्ह बनाकर सभी बच्चों व स्कूल स्टॉफको लगाया गया तथा सभी बच्चों के द्वारा स्कूल परिसर में मानव श्रृंखला से एड्स जागरूकता का चिन्ह बनाया गया। प्राचार्य जितेन्द्र कुमार दास ने कहा कि एड्स एक खतरनाक बीमारी है, जिससे बचाव ही इलाज है। इस बीमारी में शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है और बीमारियों से बचाव नहीं कर पाता। यह एचआईवी से इन्फेक्शन की वजह से होता है। इस बीमारी से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने की लिए विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के कोर्डिनेटर केएसवी श्रीनिवासा राव सहित समस्त शिक्षक उपस्थित थे।



# प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना के लिए किया गया रेंडमाईजेशन

**धमतरी,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य हेतु तीनों विधानसभा सिहावा, कुरूद और धमतरी के प्रेक्षकों मनीष अग्रवाल, दीपक रामचंद तावरे और सीबो नारायण साहू की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का रेंडमाईजेशन किया गया। शनिवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में रेंडमाईजेशन की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रिटर्निंग आफिसर धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, रिटर्निंग आफिसर कुरूद सोनाल डेविड, रिटर्निंग आफिसर सिहावा श्रीमती गीता रायस्त उपस्थित थे।



बता दें कि जिले के तीनों विधानसभाओं सिहावा, कुरूद और धमतरी के लिए कुल 14-14 कांउंटिग टेबल लगाये गये है। इसके अलावा 7 पोस्टल बैलेट टेबल भी लगाये गये है। इन टेबलों में कुल 49 गणना पर्यवेक्षक, 59 गणना सहायक और 55 माईक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगायी गयी है। इनमें सिहावा विधानसभा में 16 गणना पर्यवेक्षक, 19 गणना सहायक और 18 माईक्रो आब्जर्वर, कुरूद विधानसभा में 16 गणना पर्यवेक्षक, 19 गणना सहायक और 18 माईक्रो आब्जर्वर और धमतरी विधानसभा में 17 गणना पर्यवेक्षक, 21 गणना सहायक और 19 माईक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है।

गौरतलब है कि प्रत्येक विधानसभावार ईवीएम टेबल 14-14 कुल 42 टेबल लगाये गये हैं। इसी तरह 7 पोस्टल बैलेट टेबल लगाये गये हैं, इनमें विधानसभा सिहावा और कुरूद के लिए 2-2 और धमतरी के लिए 3 टेबल शामिल हैं।

# अयोध्या से आये अक्षत कलश का राजिम में हुआ भव्य स्वागत



**राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर में अक्षत कलश को लाये जाने पर गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ राजिम बस स्टैंड सुंदरलाल शर्मा चौक के पास भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात कलश को भगवान राजीवलोचन के मंदिर में ला कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के जिला संयोजक शिशुपाल ने बताया कि सन् 2020-2021 को अयोध्या में प्रस्तावित भव्य मंदिर निर्माण के लिए पूरे देश से सहयोग राशि ली गई थी। जिसमें गरियाबंद जिले के प्रत्येक गांव, नगरों, मोहल्लों से चौरानबे लाख, रुपये से भी अधिक राशि अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र को भेजी गई। अब मंदिर निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या से अक्षत एवं आमंत्रण कार्ड कार्ड गरियाबंद जिले में आया है जिसे जिले के रामभक्त एवं संगठन के कार्यकर्ता घर घर जाकर प्रत्येक घरों में आमंत्रण कार्ड देंगे। हम सभी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या तो नही जा सकेंगे लेकिन हम अपने घरों, नगर, मोहल्लों, ग्राम को ही अयोध्या बनाएंगे। आप भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन (पूर्वान्ह 11 बजे से 1बजे के मध्य) अपने ग्राम, मोहल्लों, कालोनी, में स्थित किसी भी मंदिर में आस पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई प्रोजेक्टर लगाकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं कार्यक्रम में श्रीराम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्त्रोत आदि का सामुहिक पाठ भी कर सकते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घरों के सामने देवताओं को प्रशन्न करने के लिए दीपक जलाकर दीपोत्सव भी मना सकते हैं। स्वागत समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं नगर के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## फनेन्द्रभूषण वर्मा प्रदेश महासचिव बने



**राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के संरक्षण एवं निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख ने अपने प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमे प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी रायपुर संभाग से फनेन्द्र भूषण वर्मा को दी है।

# मानिकचौरी सोसाइटी में 591 किसानों ने 40 करोड़ का बेचा धान : चन्द्रहास साहू



**नवापारा राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। दिपावली देवउठनी पर्व मनाने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के किसान धान बेचने मजबूर हे। नवापारा जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक के अंतर्गत 13 समितियों के अंतर्गत आने वाली सोसाइटी मानिकचौरी के अध्यक्ष चंद्रहास साहू ने बताया कि इस सोसाइटी में कुल 2100 किसान पंजीकृत हैं। जिसमें अभी तक 591 किसानों से मोटा धान 6866.80 चिं. पतला धान 5333.20 चिं. और सरना धान 6169.20 चिं. इस प्रकार कुल 18369.20 चिं की धान खरीदी हो चुकी है। जिसकी राशि 40206627.60 रूपये है। जिसमें से लिकिंग की राशि 9493482.85 रूपये वसूली किया गया है। ऋण वसूली के पश्चात 30713144.75 रुपए का शुद्ध भुगतान किया जा चुका है

धान कटाई को लेकर भारी उत्साहित हैं। खेतों में लगी धान की बाली को मजदूरो से या हार्वेस्टर मशीन से कटाई करा रहे हे। कटाई के पश्चात खलिहानों में ले जाकर धानों को सूखाकर बोरों में भर सहकारी बैंकों मे बेचनें के लिए ला रहें है। परंतु विधानसभा चुनाव मे पार्टी की घोषणाओ को लेकर किसानों को शंका मे हे कि धान बेचे या सरकार बनने के बाद। वही किसानों को यह शंका सता रही है >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पहले एडीबी ने बनाया टेढ़ा नाली अब पीएचई डाल रहा है नाली के ऊपर पाइप

**मगरलोड,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ धमतरी जिला के ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में करोड़ों रुपया का सड़क निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा एडीबी के सहयोग किया जा रहा है लेकिन यहां एडीबी के उच्च अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से नाली निर्माण में टेढ़ा-मेढ़ा करने के कारण व्यापारी संघ एवं आम जनताओ के द्वारा धरना प्रदर्शन चक्का जाम भी किया पर लोक निर्माण विभाग एडीबी के उच्च अधिकारियों द्वारा जानताओ व व्यापारियों की आवाज को अनदेखी कर मनमर्जी से टेढ़ा-मेढ़ा नाली निर्माण कर सड़क को भी टेढ़ा मेढ़ा करने में आतुर हैं कुछ लोगों को आपसी बातचीत कर फायदा पहुंचाने का काम कर लिया गया है जिसके कारण मुख्य चौक पर नाली को जानबूझकर टेढ़ा बनाया गया अब कई लोग नाली के ऊपर बकायदा चबूतरा व सीढ़ी बनाकर बेखौफ होकर आम रास्ता को जाम करने बेताब हैं जबकि एडीबी द्वारा लगभग एक मीटर और नाली निर्माण के समय छोड़ दिया गया उसके बाद भी आज अधिकांश जगहों पर नाली के ऊपर पूरी तरह सीढी निर्माण किया जा रहा है जिससे अधिकारियों की मिलीभगत होने का संदेह लगता है वही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों की अनदेखी की वजह से पाइपलाइन कनेक्शन को नाली को ऊपरी हिस्सा में डाल डाल जा रहा है जो पूरी तरह से कुछ व्यापारियों के साथ मिलीभगत होने का संदेह ठेकेदार व अधिकारियों को जाता है

नाली के ऊपर पाइप लाइन जाने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है तो कुछ घरों की आने जाने का रास्ता भी बाधित हो रहा है जिसकी जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी धमतरी आर के शुक्ला को दी गई तो उन्होंने पत्रकार को नेतागिरी करने की बात कह कर पल्ला झाड़ दी जबकि शहर के व्यापारियों एवं आम जनता में इस कार्य से काफी नाराजगी व आक्रोश पनप रहा है आज तक किसी भी शहर महानगर गली मोहल्ले में नाली के ऊपर पाइप लाइन बिछाने का कार्य नहीं देखा गया है वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अनुविभागीय अधिकारी कुरूद पी एस गजेंद्र जो पिछले 7 सालों से अंगद की तरह पैर जमा कर एसडीओ की कुर्सी पर जमे हुए है पीएचई विभाग के काम को पूर्ण गति प्रदान करने में चाहे वह जल जीवन मिशन का काम हो चाहे मगरलोड में पाइप लाइन विस्तार का काम हो और केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना घर-घर जल प्रदान करने की जो गांव में तीव्र गति से होनी चाहिए वह आज तक पूर्ण नहीं हुआ है कई गांव में आज तक जल जीवन मिशन के तहत घरों में नल कनेक्शन नहीं लगा है और न ही शुद्ध पेयजल प्रदान की जा रही है लेकिन ठेकेदारों का आवभगत होकर अधूरी कार्य होने के बाद भी मूल्यांकन कार्य लगातार हो रहा है मगरलोड पाइपलाइन विस्तार कार्य में भारी भ्रष्टाचार होने की संभावना है क्योंकि यहां पाइप जो है ऊपरी सतह पर डाली जा रही है जिससे आम जनता में आक्रोश पनप रहा है इस संबंध में ठेकेदार मगरलोड पाइपलाइन बिछाया जा रहा है वह भी दबंगई कर नगर के पार्षद सभापति के साथ पाइपलाइन कार्य को मनमर्जी से काम करने की बात कही



- पत्रकार को धमतरी का ईईआर के शुक्ला कहता है नेतागिरी कर रहे हो
- सड़क, नाली निर्माण पाइपलाइन शिफ्टिंग पूर्ण नहीं होने से व्यापारियों आम जनता में भारी आक्रोश
- राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्य सचिव से शिकायत करने की तैयारी

इसकी शिकायत अब नगर पंचायत मगरलोड की सभापति पार्षद वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती वीणा सिन्हा आम जनता के साथ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल प्रदेश के मुख्य सचिवअमिताभ जैन,लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव से मिलकर उच्च अधिकारियों को जानकारी देंगे आखिरी इस तरह के कामों पर काम क्यों नहीं लग रहा है और सही कार्य करने उच्च अधिकारी निर्देशित क्यों नहीं कर रहे हैं।

क्या कारण है कि कुछ लोगों को व्यक्तिगत जगह का फायदा दिलाने के नाम पर एडीबी की व पीएचई की उच्च अधिकारियों व ठेकेदार लगे हुए हैं जिससे आज तक सड़क नाली पाइप लाइन विस्तार का काम टेढ़ा-मेढ़ा होने के बाद भी काम अधूरा है जिससे व्यापारियों एवं आम जनताओ में लगातार आक्रोश पनप रहा है

**ईई पीएचई आर के शुक्ला** – आप नेतागिरी कर रहे हैं इस संबंध में आप एसडीओ से बात करो।

एसडीओ लोक निर्माण विभाग **एडीबी एल एन एस राठौर** – पाइपलाइन नाली के ऊपर नहीं लगाया जाएगा साइड में अगर जगह है तो तोड़कर पाइप को नीचे डाला जाएगा।

# प्रेक्षक सुनील व सुश्री अंजू एवं कलेक्टर ने मतगणना किया कक्ष का किया निरीक्षण



**गरियाबंद,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 आम चुनाव अन्तर्गत 3 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना से एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सुनील कुमार और सुश्री अंजू चौधरी ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये गये मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना के लिए विधानसभावार संलग्न कर्मचारियों को निर्धारित समय पर मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति देने के निर्देश दिए। मतगणना के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से प्राप्त मतों एवं डाकमत पत्रों से प्राप्त परिणामों की गिनती तथा टेबलवार निर्धारित प्रपत्रों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, रिटर्निंग ऑफिसर राजिम धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक, सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रेक्षक ने मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने एवं सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश दिए। ईव्हीएम लाने-ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि जिले में विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# फरार लूट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सिमगा,** 2 दिसंबर। हथबंद थाना प्रभारी अजय झा से मिली जानकारी के अनुसार गत 17 मार्च को प्रार्थी तातेश धृतलहरे साकिन नवागांव टेकारी थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर हाल मुकाम हथनी पारा भाटापारा शहर ने पुलिस सहायता केन्द्र हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने निजी काम से पेण्ड्री, भिलौनी गया था। वापस भाटापारा आते समय ग्राम धोधा से कुकराचुंदा के मध्य मैदान के आगे दो मोटर सायकल सवार 6 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोककर डरा धमकाकर उसके बैग मे रखे 2000/रू एवं दो नग मोबाईल कीमती 20,000/-रूपये को लूटकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध दर्ज कर धारा 392, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपीयों जिनमें नवीन पाठक पिता श्रवण पाठक उम्र 22 साल,राहूल जांगडे पिता दिनेश जांगड़े उम्र 22 साल, राजेश वर्मा पिता शिवकुमार उम्र 22 साल, नीरज यादव पिता रूपराम उम्र 18 साल सभी साकिनान ग्राम बोईरझिटी थाना नेवरा तिल्दा जिला रायपुर को ग्राम बोईरझिटी, हिरमी, जामुल एवं रायपुर से हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ किया गया। तथा न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय खो-खो महिला स्पर्धा संपन्न



**बागबाहरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में परिक्षेत्र स्तरीय खो खो (महिला) का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रमुख ग्रंथपाल डॉ लक्ष्मण साहू एवम श्री गजानंद बुडेक द्वारा किया गया। परिक्षेत्र में सम्मिलित बलौदा बाजार एवं महासमुन्द जिले के विभिन्न महाविद्यालय के 14 महिला खो खो टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम सेमीफाइनल भाटापारा और बागबाहरा के खेला गया, जिसमें भाटापारा विजयी हुआ। दूसरा सेमीफाइनल बलौदा बाज़ार और कसडोल के बीच खेला गया जिसमें कसडोल विजयी हुआ। फाइनल में भाटापारा ने कसडोल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिनको प्रमाण पत्र एवम ट्रॉफी डॉ. लक्ष्मण साहू द्वारा प्रदान किया ।यह लगातार दूसरा वर्ष है जब परिक्षेत्र स्तरीय खो खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय में किया गया और भाटापारा, कसडोल की टीमें फाइनल में पहुंची थी।

सभी टीमों से कुल 12 खो खो खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के हुआ है , जिसका अयोजन सेठ रतनचंद सागर महाविद्यालय दुर्ग में किया जाएगा जो बलौदा बजार महासमुंद परिक्षेत्र क्रमांक 04 का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**महाविद्यालय बागबाहरा से करुणा चंद्राकर, तरुणा ठाकुर का चयन राज्य स्तरीय खो-खो के लिए हुआ**

डॉ. सुनील कुमार जोशी , सनत कुमार सोनवानी, नीलकंठ साहू, तेज बहादूर चक्रधारी , हिरेंद्र कुमार देवांगन खो खो निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। पूरे प्रतियोगिता को आयोजन कराने में बागबाहरा के खो खो खिलाड़ियों एवं नीलमणी साहू लेब टेक्नीशियन का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने कई दिनों से कड़ी मेहनत कर मैदान तैयार किया। कार्यक्रम का संचालन एवम आभार प्रकट श्री पालन कुमार दीवान , क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया।

# बिहार सरकार द्वारा शिक्षक संगठनों पर प्रतिबंधात्मक आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग : रामनारायण



**राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। बिहार सरकार द्वारा विद्यालय और उच्च शिक्षा के शिक्षकों के संगठन चलाने, उसकी सदस्यता लेने एवं सोशल मीडिया आदि पर अपनी बात रखने पर प्रतिबंध लगाते हुए दमनकारी आदेश जारी किए हैं। इस अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक और तानाशाहीपूर्ण आदेश का अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,छग प्रान्तीय शिक्षक संघ विरोध करता है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के रायपुर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण मिश्र ने बताया कि उक्त संबंध में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर ने बिहार के राज्यपाल को पत्र लिखकर उक्त संबंध में हस्तक्षेप करने की मांग की ।बिहार के शिक्षक साथियों के साथ देश के हम सभी शिक्षक खड़े है। इसी सिलसिले में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध देश के सभी राज्य/ विश्वविद्यालय संगठनों के साथ साथ मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने भी बिहार सरकार के मुख्यमंत्री एवं महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर इस असंवैधानिक फरमान को तत्काल वापस लेने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि देश भर के सभी राज्यों में सभी स्तरों पर शिक्षकों व कर्मचारियों के संगठन बने हुए हैं और वे शिक्षकों व कर्मचारियों के हित से जुड़े मुद्दों को समय समय पर लोकतांत्रिक तरीके से उठाते रहते हैं। और इनके कारण ही उनके संवर्ग के शिक्षकों और कर्मचारियों का हित संरक्षण तो होता ही है शासन प्रशासन और शिक्षकों तथा कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम भी होता है। विभिन्न न्यायालयीन निर्णयों में भी कर्मचारी संगठनों के माध्यम से उनकी समस्याएं उठाने को उचित ठहराया गया है। ऐसे में बिहार सरकार का यह दमनकारी व तानाशाही आदेश कतई उचित नहीं है।

# शॉर्ट सर्किट के चलते खड़ी फसल में लगी आग

**खरोरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। बीते दिनों पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 10 नेवरा निवासी तुलाराम कश्यप पिता स्व. नंदलाल कश्यप के मुक्तिधाम स्थित खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण पक कर तैयार खड़ा धान में आग लगा गया था जिसमें आधा से ज्यादा खड़ी धान जल कर खाक हो गया। सही समय पर घटना की जानकारी होने पर भूमि स्वामी द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया तब तक फसल आधा जल चुका था। आसपास के खेतों में भी धान खड़ी हुई है यदि आग पर काबू नहीं पाया होता तो कई एकड़ भूमि में लगी धान जलकर खाक हो जाता है इस घटना के चलते भूमि स्वामी सदमे में है इस खेत में पहले भी 1 साल पहले इस खेत में आग लग चुका है या शंका है कि वह साथ सर्किट के चलते आग लगी है खेत के बीचो-बीच बिजली तार कनेक्शन लगा हुआ है आग लगने की घटना 2 साल में दूसरी बार है आग लगा है और नुकसान हुआ है और अपने नुकसान की भरपाई हेतु प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।



# कलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की सभी तैयारियां के संबंध में दी जानकारी

**गरियाबंद,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत 03 दिसम्बर को मतगणना होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार-वार्ता में जिले में मतगणना की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में सफलतापूर्वक मतगणना सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम एवं 55 - बिन्द्रानवागढ़ के वोटों की गिनती के लिए कृषि उपज मंडी परिसर गरियाबंद में दो मतगणना हॉल बनाये गये है। दोनों हॉल में मतगणना के लिए सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दोनों हॉल में ईवीएम मशीन के वोटों की गिनती के लिए 14-14 टेबल तथा डाक मतपत्र तथा ईटीपीबीएस की गणना के लिए 2-2 टेबल लगाये गये है। सबसे पहले सुबह 8 बजे डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस के वोटों की गिनती की जायेगी। तत्पश्चात ईवीएम मशीनों में दर्ज मतों की राउंडवार गणना की जायेगी। मतगणना के लिए विधानसभावार मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना हेतु अभ्यर्थी एवं निर्वाचन/गणना अभीकर्ता की परिस्थिति में विधानसभावार निर्मित स्ट्रांग रूम 03 दिसम्बर को सुबह 7 बजे खोला जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित जिले के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



- कृषि उपज मण्डी परिसर में सुबह 8 बजे से होगी मतगणना
- दोनों विस क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग मतगणना हॉल

प्रेसवार्ता में कलेक्टर छिकारा ने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4 लाख 54 हजार 860 मतदाता दर्ज है। इनमें से 3 लाख 86 हजार 728 मतदाताओं ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार डाक मतपत्र, होम वोटिंग और ईटीपीबीएस के माध्यम से 2 हजार 89 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार जिले में कुल 85.02 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना कार्य में नियोजित अधिकारी-कर्मचारी पेन-कागज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं मोबाईल आदि नहीं ले जा सकेंगे। मतगणना के दौरान अभ्यर्थियों को राउंडवार प्राप्त मतों की जानकारी देने के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में मोबाईल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना हॉल में मोबाईल फोन नहीं ले जा सकेंगे। मतगणना हॉल में पत्रकारों को फोटो व वीडियो कैमरा ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर में बिना आईडी पास के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# कलेक्टर-एसपी ने प्रेस वार्ता लिया मतगणना के पूर्व तैयारियों के संबंध में जानकारी दी

**बिलाईगढ़,** 2 दिसंबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतगणना के पूर्व तैयारियों के संबंध में प्रेस को जानकारी दी है कि 03 दिसम्बर 2023 रविवार को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना तिथि को कोषालय सारंगढ़ स्थित स्ट्रांग रूम से दोनों विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रात: 8 बजे के पूर्व में मतगणना स्थल तक लाया जाएगा। सारंगढ़ विधानसभा-17 में डाकमत का 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का टेबल 21 टेबल है, जिसका मतगणना 17 राउंड में संपन्न होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा 43 में 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का 21 टेबल है, जिसका मतगणना 18 राउंड में संपन्न होगा। पोस्टल बैलेट के लिए 3 टेबल में गणना किया जाएगा। जिले में अब तक विधानसभा सारंगढ़ में 1170 और बिलाईगढ़ में 1547 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं, उन्हें जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जिसे 3 दिसंबर को सुबह 6.30 बजे निकालकर वीडियोग्राफी करते हुए मतगणना स्थल लाया जाएगा। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रिटर्निंग अधिकारी को इसकी लिखित शिकायत कर निराकरण कर सकते हैं। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि प्रत्येक राउंड पूर्ण होने के बाद माईक के द्वारा परिणाम की घोषणा किया जाएगा।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने मतदान के बारे में बताया कि 17 नवंबर 2023 को सारंगढ़ विधानसभा के 345 मतदान केन्द्रों में 79.50 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदाताओं की संख्या 263526 है, जिसमें 209512 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 103483 पुरूष मतदाता और 106029 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर मतदाता नहीं है। वहीं बिलाईगढ़ विधानसभा के 376 मतदान केन्द्रों में 70.92 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां मतदाताओं की संख्या 301648 है। 213929 मतदाताओं ने मतदान किया।

## निधन

### रामवती साहू



**खरोरा,** 2 दिसंबर। ग्राम केसला निवासी श्रीमती रामवती साहू का स्वर्गवास 1 दिसंबर हो गया है। उम्र लगभग 80 वर्ष की थी जिनका अंतिम संस्कार 1 दिसंबर शुक्रवार को केशला मुक्तिधाम में किया गया। वे जनकराम साहू , मुकेश कुमार साहू के माता थे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने भी शोक व्यक्त किया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पेंशनर संघ की मासिक बैठक 5 को

**बलौदाबाजार,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बलौदाबाजार का मासिक बैठक 5 दिसम्बर को रखा गया है, जो कि नवनिर्मित पेंशनर भवन षष्ठी मंदिर के पास सिविल लाईन बलौदाबाजार में दोपहर 2 बजे से आयोजित है। इस बैठक में संगठन की अन्य जानकारी व चर्चा एवं परिचर्चा की जायेगी। वहीं 17 दिसम्बर 23 को पेशनर दिवस कांकेर जिला के भानुप्रतापपुर में हैं। जिसकी संपूर्ण जानकारी बैठक में दिया जायेगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शादी का झांसा देकर शारीरिक...

रहा। उक्त रिपोर्ट पर अपराध धारा का पाये जाने से अपराध पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना दौरान आरोपी अर्जुन साहू पिता छकलाल साहू उम्र 25 साल साकिन सेमरिया थाना कसडोल को 2 दिसम्बर के 12:10 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के द्वारा न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। सम्पुर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी व थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा।

### मानिकचौरी सोसाइटी में 591...

कि धान बिकते ही कर्ज राशि कट रही है इसलिए किसान नतीजे का इंतजार कर रहे है। वही कुछ किसान नेताओ ने कहा है कि जो पुराने दर पर धन राशि कट रही हैं उसकी खानापूर्ति नई सरकार करेगी या नही । वही कुछ किसानों ने कहा कि धान की खरीदी जनवरी के अंतिम तक चलेगा अगर खरीदी पूर्ण नही हुई तो फरवरी माह में धान की खरीदी करनी पड़ेगी। वही किसानों ने कहा कि इतनी कड़ी मेहनत से पैदावार ली गई है इसलिए सरकार को किसानों का धान खरीदना ही पड़ेगा।

# खल्लारी क्षेत्र के नए विधायक कौन बनेंगे, फैसला होगा आज

**ललित सोनी**

**बागबाहरा,** 2 दिसंबर (देशबंधु)। 2023 के विधानसभा चुनाव का परिणाम जानने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। सबकी निगाह चुनाव नतीजे पर टिकी हुई है। इस क्षेत्र का अगला नए विधायक कौन होंगे, जिसका फैसला आज 3 दिसंबर को पता चल जाएगा।

इस क्षेत्र से कुल 15 उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमाया है। जो ईवीएम मशीन में बंद है। जिसमें कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला चुनाव मैदान में देखने को मिला है। दोनों दल के प्रत्याशी अपने-अपने जीत का दावा कर रहे हैं। लेकिन असलियत तो आज रविवार को मतगणना के बाद ही पता चलेगा।

जीत का सेहरा किसके सिर पर बंधेगा, ये तो चुनाव नतीजे आने के बाद स्पष्ट हो जाएगा। बहरहाल चुनाव नतीजे जानने क्षेत्र के लोगों के मन में यह बात जोरों से चुभ रही है।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने मौजूदा विधायक द्वारिकाधीश यादव को दोबारा एवं भाजपा ने जिला पंचायत सदस्य नए चेहरे श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था। जहाँ कुल 15 प्रत्याशियों के बीच दोनों प्रमुख दलों में कड़ी टक्कर चुनाव में देखने को मिली है। भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव में नए-नए चेहरे को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारती है। लेकिन पिछले 2018 के चुनाव में कॉंग्रेस प्रत्याशी रहे द्वारिकाधीश यादव से लगभग 57 हजार वोटों से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मोनिका साहू को करारी हार का सामना करना पड़ा था। जिसे भाजपा वाले ने आज तक नहीं भूल पाए हैं। वैसे तो एग्जिट पोल के अनुसार छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। प्रदेश के लोगों ने भूपेश सरकार पर फिर से भरोसा जताकर उन्हें दोबारा सरकार बनाने की ओर अग्रसर बताई जा रही है। प्रदेश में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ सकता है। चार विधानसभा क्षेत्र वाले जिले में खल्लारी व महासमुंद में कांग्रेस प्रत्याशी तथा बसना व सरायपाली में भाजपा प्रत्याशी को जीत की ओर अग्रसर बताया जा रहा है। बीते इतिहास के झरोखे से खल्लारी विधानसभा क्षेत्र का नतीजा देखा जाए तो कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण



- कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण इंदूरिया को लगातार दो बार विधायक बनने का सौभाग्य मिला था
- भाजपा हर चुनाव में नए-नए चेहरे को टिकट देती है
- मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी के बीच है

इंदूरिया को लगातार 2 बार विधायक बनने का सौभाग्य मिला था। उसके बाद किसी को भी यहाँ से निरंतर दोबारा विधायक बनने का मौका नहीं मिला है। यह तो सब समय चक्र का खेल है। इस क्षेत्र से सन 1977 में जनता पार्टी के डॉ रमेश अग्रवाल , 1980 में कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण इंदूरिया, 1985 में कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण इंदूरिया, 1990 में जनता दल के डॉ रमेश अग्रवाल, 1993 में कांग्रेस के भेखराम साहू, 1998 में भाजपा के डॉ रमेश अग्रवाल, 1999 में भाजपा के परेश बागबाहरा , 2003 में भाजपा के प्रीतम सिंह दीवान, 2008 में कांग्रेस के परेश बागबाहरा , 2013 में भाजपा के चुन्नी लाल साहू एवं 2018 में कांग्रेस के द्वारिकाधीश यादव विधायक बने। इस साल 2023 के चुनाव में कांग्रेस ने मौजूदा विधायक द्वारिकाधीश यादव को दोबारा एवं भाजपा ने नए चेहरे अलका नरेश चंद्राकर को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था। चुनाव में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। अब इन दोनों में कौन जीतता है और कौन हारता है, यह तो कल 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के बाद ही पता चलेगा।

कांग्रेस एवं भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता अपनी-अपनी जीत का दावा करते हुए आतिशबाजी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। चुनाव परिणाम जानने लोगों में कई दिनों से बड़ी उत्सुकता बनी हुई है। सबकी निगाहें चुनाव नतीजे पर टिकी हुई हैं।

# विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता संपन्न



**भाटापारा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविधालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया। खेल का शुभारंभ शासकीय गजानंद महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ पूर्णिमा साहू अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आनंद मिंज प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव के आतिथ्य में हुआ। आयोजन के क्रीड़ा प्रभारी शरद पंसारी ने बताया कि इस आयोजन में भाटापारा विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत, शहर के स्कूल एवं अन्य संस्थाओं के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम खिलेश्वरी वर्मा लेवाई द्वितीय प्रीति यादव 400 मीटर में प्रथम दुर्गा ध्रुव द्वितीय सिद्धि साहू तरंगा, तवा फेंक में प्रथम सरोजनी सागर लेवाई,

**ग्राम लेवई ओवर ऑल चैंपियन**

द्वितीय रागिनी साहू तारेंगा, बैडमिंटन में प्रथम अनुष्का साहू, द्वितीय साक्षी बघेल, तृतीय फलक सभी मार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा, खो-खो में प्रथम ग्राम लेवाई द्वितीय ग्राम कोदवा, रस्सा कसी में प्रथम पंचम दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, द्वितीय मयूर शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा रही इसी प्रकार 18 से 35 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम किरण ध्रुव लेवाई, द्वितीय गायत्री साहू तरेंगा, 400 मीटर प्रथम लक्ष्मी साहू लेवाई, द्वितीय गायत्री साहू तरेंगा, तवा फेंक प्रथम हीना यादव तरेंगा, द्वितीय मोतीम साहू तरेंगा बैडमिंटन प्रथम श्रुति बंजारे भाटापारा, द्वितीय नेहा पाल, भाटापारा, खो- खो प्रथम लेवाई द्वितीय कोदवा की टीम रही। इस तरह से ग्राम लेवई की टीम ओवर ऑल चैंपियन रही।

सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्राफी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सफल सम्पादन में आलोक गुप्ता, योगेश कटैलिया, सोनचंद ध्रुव, फिरोज टंडन, चंद्रकांत बागड़े, परिचय मिश्रा, उमाप्रसाद राठौर, अखिलेश यादव, निर्मल जांगड़े, शिब्बू मानिकपुरी, सुमन साहा, श्रीमती इंद्राणी साहू, श्रीमती महेश्वरी पंसारी, वर्षा मिरी, रमा टंडन, आकाश आनंद, राहुल साहू, लोकेश ध्रुव, खिलेशवर वर्मा, सागर वर्मा के साथ साथ शहर थाना, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद के साथ साथ शासकीय गजानंद महाविघालय समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

# शीतला माता मंदिर में चोरी





**पिथौरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर के शीतला मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। शीतला समाज के अध्यक्ष प्रेम सिन्हा के अनुसार चोरों ने माता का छत्र मुकुट सहित कोई 10 हजार कीमत का सामान एवम नगद पार कर दिया। इसके पूर्व 16 नवम्बर को थाना परिसर स्थित थानेश्वर महादेव में भी चोरों ने ताला तोड़कर दानपेटी से 15 हजार से अधिक की चढ़ोत्तरी पर हाथ साफ किया था।

शुक्रवार की रात नगर के पुरानी बस्ती पारा में स्थित पुरातन शीतला मंदिर में चोरों ने धावा बोला। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि चोर मंदिर के पीछे से अंदर घुसे। पहले मंदिर के अंदर चेंनल गेट में लगे ताले को एक छड़ से तोड़ा एवम इसके बाद गर्भ गृह के मजबूत दरवाजे में लगे ताले को भी उसी छड़ से तोड़ कर माता की मूर्ती के ऊपर लगे चांदी के छत्र, मुकुट, नथ एवम कांसे का एक घण्टा, आरती की 2 थाली, त्रिशूल, लोटा एक तलवार सहित चढ़ावे के रुपये करीब 1000 ले भागे।

**पुलिस के सामने चुनौती बनी चोरियां:** नगर एवम क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक हो रही चोरियां पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है। पुलिस अब तक एक भी चोरी पकड़ना तो दूर आरोपी का सुराग तक नही लगा पाई है। पुलिसिया निष्क्रियता से क्षेत्र वासियों में अपने जानमाल को लेकर चिंता बढ़ गयी है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र में हस्त बढ़ाने की मांग की है। ज्ञात हो कि विगत 16 नवम्बर को भी पिथौरा थाना परिसर में स्थित थानेश्वर महादेव में भी चोरों ने दानपेटी पर हाथसाफ करते हुए कोई 15 हजार से अधिक की चोरी कर ली थी।

**मौके पर पहुची पुलिस:** आम तौर पर चोरी की रपट लिखने में अनदेखी करने वाली पुलिस इस घटना की सूचना के तत्काल बाद दल बल के साथ घटनास्थल शीतला मंदिर पहुची। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोर की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# पुंसवन संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न





**राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में परम् पूज्य गुरुदेव एवं परम् वंदनीया माताजी के सूक्ष्म उपस्थिति व संरक्षण में आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ राजिम में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ 19 गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर चन्द्रलेखा गुप्ता मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने पुंसवन संस्कार के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गर्भवती माताओं को खानपान के साथ ही अपने व्यवहार को भी संयमित रखना चाहिए. जिसका सीधा प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है. यज्ञ कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन चन्द्रलेखा गुप्ता, शेखर यादव ने किया. वहीं आभार व्यक्त करते हुए सक्रिय कार्यकर्ता संतोष साहू ने कहा कि सभी गर्भवती माताएं पुंसवन संस्कार जरूर करावें ताकि आने वाले पीढ़ी सँस्कारित हो. इस अवसर पर माँ भगवती महिला मंडल की बहन ट्रस्टी दीपा साहू, सरिता यदु, सीतू ध्रुव, अंजली घाटगे, निर्मला साहू, महेश्वरी साहू, रूखमणी सेन गायत्री साहू, सीता साहू उपस्थित थे. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता आरती नगारची, अन्नपूर्णा जोशी, ममता नवरंगे, कुसुम धरमगुड़ी, कौशिल्या शर्मा, मोहनी साहू, नीरा साहू, पदमनी साहू का सराहनीय योगदान रहा.

# राम मंदिर, अयोध्या से आया बाबा भूतेश्वरनाथ के नगरी में पीले चावल का कलश



**गरियाबंद,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की स्थापना की तिथि नजदीक आ रही है। मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण में है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस शुभ अवसर में देश भर में राम भक्तों को अयोध्या का आने का आमंत्रण देने पीले चावल भेजे जा रहे हैं। शनिवार को पीले चावल से भरा एक कलश भूतेश्वरनाथ भगवान महादेव की नगरी गरियाबंद भी पहुंचा। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शिशु पाल राजपूत इस लेकर आए। यहां हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने तिरंगा चौक में कलश का स्वागत किया।

विहिप अध्यक्ष शिशुपाल राजपूत ने बताया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए गरियाबंद वासियों को आमंत्रण देने कलश यात्रा पहुंची है। श्रीरामलला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के न्यौता देने गरियाबंद पहुँचा अक्षत कलश घर घर जाकर आमंत्रण देगा। ज़िला अध्यक्ष शिशु पाल राजपूत ने बताया कि अयोध्या में श्री रामजी के विशाल मंदिर का भव्य शुभारंभ के लिए 22 जनवरी का दिन निश्चित किया गया है। श्री राम मंदिर के शुभारंभ के

**रामलला के दर्शन के लिए गरियाबंद वासियों को मिला आमंत्रण**

अवसर पर जो भी पूजा में शामिल होकर मंदिर के भव्य शुभारंभ का साक्षी बनेंगे उनको छत्तीसगढ़ के चावल से बने भोजन प्रसाद स्वरूप प्राप्त होंगे। कलश में पीले चावल हैं, यह पीले चावल घर घर बांटे जाएंगे और अयोध्या के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

मालूम हो की हिंदू धर्म कि मान्यता के अनुसार शुभ कार्य के निमंत्रण देने से पहले उनके घर पर पीले चावल दिए जाते हैं। सत्य प्रकाश मानिकपुरी ने बताया कि हिंदू मान्यता के अनुसार जब भी कोई शुभ कार्य होता है तो उसका निमंत्रण देने से पहले उनके घर पर पीले चावल दिए जाते हैं। इसके बाद निमंत्रण स्वीकार किया जाता है। अक्षत कलश आमंत्रण के स्वागत के लिए नगर के वरिष्ठ सत्य प्रकाश मानिकपुरी, रिखी राम यादव, परस देवांगन, प्रकाश निर्मलकर, आशीष शर्मा, प्रकाश सोनी, भानु प्रकाश राजपूत, दिलीप यादव, नवीन सिन्हा, टीकम माण्डले आदि उपस्थित रहे।

# महुआ, उपर 3300, नीचे 2500, संकट में संग्राहक और कारोबारी



**भाटापारा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। सघन जांच और तगड़ी कार्रवाई जारी रही तो महुआ में भाव टूटने की आशंका बन रही है। डिस्टलरियों की खरीदी तो है लेकिन बेहद सीमित है। रही बात पशु आहार उद्योगों की, तो मांग निकलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं महुआ कारोबारी।

नई फसल में फिलहाल तीन माह का लंबा वक्त है लेकिन बाजार जैसा चल रहा है, उसे देखते हुए कारोबारी बेहतरी की संभावना वाला नहीं मान रहे हैं क्योंकि कड़ी जांच और कार्रवाई चल रही है। इसलिए भाव स्थिर बने हुए हैं। यह नई फसल की आवक शुरू होने के बाद भी बने रहने की आशंका है।

**सांसत में कारोबार**

महुआ संग्राहक और अंतरप्रांतीय कारोबार। यह दोनों संकट का सामना कर रहे हैं क्योंकि प्रदेश में कड़ी जांच चल रही है। इसलिए संग्राहक अपने पास भंडारित उपज, बाजार तक ला नहीं पा रहे हैं। दूसरी तरफ डिस्टलरियां इसलिए परेशान हैं क्योंकि उत्पादन के अनुपात में उत्पादित सामग्री का उठाव धीमा है। इसलिए परिस्थितियों पर नजर रखी जा रही है। ऐसे में महुआ की कीमत स्थिर है।

**रिकॉर्ड भंडारण**

अच्छी मांग की आस में महुआ के थोक कारोबारियों ने बीते बरस खूब खरीदी की थी। छिटपुट मांग के बीच लगभग 20 हजार टन का बंपर स्टॉक, प्रदेश में अच्छे दिन की प्रतीक्षा कर रहा है लेकिन स्थितियां फिलहाल प्रतिकूल बनती नजर आ रहीं हैं। ऐसे में गुणवत्ता पर भी दुष्प्रभाव देखने में आ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कीमत और नीचे जा सकती है।

**नीचे 2500, ऊपर 3300**

कमजोर लिवाली के बाद इस समय गुणवत्ता युक्त महुआ 3300 रुपए क्विंटल और औसत दर्जे के महुआ में भाव 2500 रुपए क्विंटल बोले जा रहें हैं। तेजी की संभावना नजर नहीं आ रही है जबकि मंदी की आशंका लगातार व्यक्त की जा रही है।

**कारोबारी माहौल शांत**

महुआ में कारोबारी माहौल बेहद शांत है। उठाव सीमित है। ऐसे में भाव नीचे जाने की आशंका है।

– **सुभाष अग्रवाल**
**एसपी इंडस्ट्रीज, रायपुर**

# हथबंद में लाखों का जुआ खेल रहे 10 जुआड़ियों से पुलिस ने 122000 नगद जप्त किया



**सिमगा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। हथबंद थाना प्रभारी अजय झा से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हथबंद में गए शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना के समीप जुआ का बड़ा चल रहा है जिसमें लाखों का दांव लगाया जा रहा है। जिस पर थाना प्रभारी अजय झा सउनि जगदेव कुमार साहू, पीआर. 119 अश्वनी वर्मा, रक्षक 592 प्रदीप शर्मा, 757 कमल बर्मन, 809 प्रशांत धर दीवान, 887 नंदकिशोर वर्मा की टीम द्वारा घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया। जिसमें

जुआ खेल रहे सभी 10 आरोपियों को सार्वजनिक जुआ अधिनियम 13 जुआ अधिनियम एवं 4, 5 छ.ग. जुआ अधिनियम 2000 अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस कार्मेयवाही आरोपियों से 52 पत्ती ताश एवं ?1,22,000 नगद जप्त किया गया है। पकड़े गए जुआड़ीयों में टेकराम विश्वकर्मा पिता परषोत्तम विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन ब्राम्हण पारा हथबंद, कृष्णा चतुरे पिता उमाशंकर उम्र 22 वर्ष साकिन सतनामी पारा हथबंद। राजेन्द्र बघेल पिता प्रेमलाल बघेल उम्र 32 वर्ष साकिन हथबंद। राजा साहू पिता देवलाल उम्र 22 वर्ष साकिन धोधा। भुषण पिता लालू राम वर्मा उम्र 52 वर्ष साकिन हथबंद। अशोक दुबे पिता श्याम लाल दुबे उम्र 54 वर्ष साकिन हथबंद। नीतेश पिता लालमन प्रसाद पाठक उम्र 38 साल साकिन हथबंद। छत्रपाल बघेल पिता दिलीप सिंह उम्र 47 वर्ष साकिन हथबंद। जितेन्द्र पिता रोहित तुरकाने उम्र 21 वर्ष साकिन धोधा। संदीप साहू पिता भरत साहू उम्र 20 साल साकिन धोधा थाना हथबंद शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एक माह पूर्व हथबंद पुलिस द्वारा सिमगा नगर के एक बड़े जुआ अड्डे पर छापामार कार्यवाही किया गया था जंहा से लाखों रुपए जप्त किया गया था। जिले के हथबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत भी कुछ समय से जुआ एवं अवैध शराब की बिक्री बदस्तूर जारी है। सिमगा के कुछ बड़े शराब कोचिया खुलेआम शराब तस्करी कार्य कर रहे है। आनन फानन में अब जाकर हथबंद के जुआ अड्डे पर छापेमार कार्यवाही संदेह के दायरे में है। बताया जाता है कि जुआ अड्डा का संचालन महज 500 मीटर की दूरी पर हो रहा था। जिससे कि क्षेत्र में जुआरियों के हौसले बुलंद है।

# ललित ठाकुर के सुरमयी गायन से सजा नाट्य झांकी प्रदर्शन



**श्रृंगवेरपुर की धरा में भाटापारा द्वारा भव्य पैगाम, राम केंवट प्रसंग का मनोहारी नाट्यमय आयाम**

**भाटापारा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। भगवान राम के आदर्शमय जीवन एवं प्रेरणादायी प्रसंगों मे विभिन्न स्थलों की महिमा है क्योकि ये स्थल साक्षी हैं उन आयामों के जिनका निर्माण भगवान द्वारा किया गया और समाज को महान संदेश एवं प्रेरणा दिया गया है, ऐसे ही स्थलों मे एक स्थल का नाम आता है और वह है श्रृंगवेरपुर धाम जहां भगवान के संघर्षमय जीवन की रुपरेखा बनी और नवपथ की ओर अग्रसर होनें का मार्ग प्रशस्त हुआ।

**राम केंवट की अप्रतिम प्रेम अभिव्यक्ति:** प्रयाग से लगभग 35किलोमीटर की दूरी पर स्थिति श्रृंगवेरपुर कालांतर मे निषादराज की राजधानी थी, भगवान को चौदह वर्ष के वनवास की प्राप्ति के बाद भगवान वन की ओर गमन किये जहां गंगा नदी पार करने के लिए केंवट से हुए संवाद और उसके बाद दोनों के बीच प्रेम की विराट अभिव्यक्ति समाज के लिए एक आदर्श बन गयी, भगवान वहां रात्रि विश्राम भी किये एवं माना जाता है कि वहीं उन्होने बरगद वृक्ष के दूध से अपने जटा का निर्माण किया, उसके बाद वनवासी वेश धारण कर गंगा पार कर आगे पथ की ओर गमन किये, ये तमाम दृष्टांत उक्त स्थल की महिमा को भव्यता प्रदान करती है, एवं सभी को आस्था एवं श्रद्धा के बिन्दु से जोड़ती है, तथा यहां पंहुचकर जनमानस अतीत के समृद्ध स्मृतियों का दर्शन प्राप्त करतें है।

**रामायण मेला समिति की अभिनव पहल:** उपरोक्त स्थल की महत्ता एवं भव्यता को जनमानस के बीच अभिव्यक्त करने का महती कार्य विगत तीन दशकों से निरंतर जारी है जिसके तहत रामायण मेला आयोजन समिति के माध्यम से प्रतिवर्ष देवउठनी एकादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक भव्य राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष बालकृष्ण पाण्डेय, महामंत्री उमेश चन्द्र द्विवेदी अमित द्विवेदी सियाराम सरोज आदि पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों की कुशल नेतृत्व मे इस विराट आयोजन का संपादन किया जाता है, जिसके तहत देशभर से विविध व्यक्तियों एवं संस्थाओं का समागम होता है एवं विभिन्न माध्यमों से उनके द्वारा भगवान राम के जीवन आदर्शों की भव्यता प्रस्तुत की जाती है।

**ललित ठाकुर टीम द्वारा राम केंवट प्रसंग:** राष्ट्रीय रामायण मेला का 34वां सोपान इस वर्ष 23नवंबर से 27नवंबर तक आयोजित था, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ललित सिंह ठाकुर की दुर्गा माला मंच द्वारा राम केंवट प्रसंग की मनोरम नाट्य झांकी प्रस्तुत की गयी जिसमें राम की भूमिका मे मुकेश शर्मा माता जानकी की भूमिका मे सरिता रानी शर्मा लक्ष्मण रवि वैष्णव केंवट की भूमिका योगीनाथ वैष्णव एवं उनकी पत्नी की भूमिका कमला वैष्णव द्वारा प्रस्तुति दी गयी, ललित सिंह ठाकुर के सुरमयी गायन और उनकी टीम घनश्याम नेताम बाबूलाल यादव बंशीलाल साहू आदि के मनोहारी वादन से राम केंवट प्रसंग की नाट्य झांकी सजी हुई नजर आयी, तथा विशाल जनसमूह नाट्य झांकी का उमंग उत्साह एवं मन्त्रमुग्ध भाव के साथ आनंद लेते हुए नजर आये।

# स्वयंसेवकों द्वारा नवाडीह में एड्स जागरूकता शपथ एवं रैली का किया गया आयोजन



**राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वयं सेवको ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम एल वर्मा के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर समीक्षा चंद्राकर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तामेश्वर मारकंडे के नेतृत्व में गोदग्राम नवाडीह में एड्स जागरूकता रैली एवं एड्स जागरूकता शपथ का आयोजन किए।

रैली के माध्यम से स्वयं सेवको ने लोगो को एड्स से बचने के उपायो के बारे मे लोगो को जागरूक किया साथ ही एड्स रोगियों के साथ सौहाद्रपूर्ण व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया। एड्स जागरूकता रैली की शुरुवात महाविद्यालय प्रांगण से हुई तथा नारा लगाते हुए सभी स्वयं सेवक गोदग्राम नवाडीह पहुंचे। गोद ग्राम नवाडीह के मुख्य चौक पर स्वयं सेवको ने मानव श्रृंखला बनाकर के द्वारा एचआईवी एड्स के लिए लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से रेड रिबन क्लब के संकेत चिन्ह का निर्माण किए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वयं सेवक हुमन देवांगन, कमलनारायण, निखिल, वैभव, पोषण, टिकेश्वर भारती, लाला साहू, रामचरण, खुशबू, कविता साहू, स्वाती सोनवानी, संतोषी, खेमीन, कला, रानू, प्रिया, लिशा ध्रुव, कुणाल, कामिनी, ज्योति, नीलम, केशर, लक्ष्मी निषाद, लक्ष्मी पटेल एवं विभा साहू के साथ बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन



**खरोरा,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के पर भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा में विचार गोष्ठी का आयोजन, साथ ही पोस्टर मेकिंग, मानव श्रृंखला, निबंध, नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमे तारणी सेन, वंदना12वी, वर्मा, भूमिका देवांगन 12वी अ योगिता भारती 9वी, खुशबू यादव 11वी, शिवांगी निषाद प्रभारी हेल्थ केयर के विचार प्रभावी रहे। एड्स जागरूकता पर नुक्कड नाटक ने एड्स के सभी पहलुओं जैसे एड्स क्या है, एड्स के लक्षण क्या है, एड्स होने की संभावना व उनके रोकथाम को रेखांकित करते हुए बेहतरीन व ज्ञानवर्धक प्रस्तुति नवमीं द के छात्राओं ने किया। कार्यक्रम का संयोजन रजनी त्रिपाठी व रीता रानी वर्मा ने किया। अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, पी देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, संगीता नायक, रीता रानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली खरे, जयंती साहू, सुनीता सिंह, नेहा राठौड़, अलका मिंज, मोंगरा साहू, नीतू यादव, योगेंद्र त्रिपाठी, बृजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, गीतांजलि पान, शिवांगी निषाद, अमर बरमन सहित विज्ञान संकाय, हेल्थ केअर, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस के छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# गैस सिलेण्डर की ईकेवाईसी प्रारंभ




**नवापारा राजिम,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। शासन के नए निर्देश पर इन दोनों गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की भीड़ केवाईसी करने में लगी हुई है सभी गैस उपभोक्ताओं को केवाईसी करना अनिवार्य है इसके लिए आधार कार्ड लेकर जाना होगा ई केवाईसी होने के बाद ही उपभोक्ताओं के खाते में सब्सिडी की राशि आएगी. आज विनय एचपी गैस के संचालक लक्की चौधरी ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए आज श्वेतांबर जैन भवन में शिविर लगाया गया था. जिसमें सैकड़ों लोगों ने ईकेवायसी करवाया.